दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 12 अप्रैल 2024, वर्ष-10 अंक- 02 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

दिल्ली सरकार में फिलहाल सबसे वजनदार मंत्री आतिशी ने हाल ही में दावा किया था कि तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल का वजन तीन किलो घट गया है। इसे लेकर उन्होंने जमकर घड़ियाली आंसू बहाए थे और आम आदमी पार्टी में अपना वजन बढ़ा लिया था। उनके आरोप का जेल प्रशासन ने खंडन किया है और यह कहा है कि केजरीवाल का वजन एक किलो बढ़ा है। एक बात तो माननी पड़ेगी कि घुंघरू सेठ के जितने भी मुनीम है वे कट्टर ईमानदार हैं या नहीं ये तो पता नहीं लेकिन घुंघरू सेठ के प्रति कट्टर वफादार तो शर्तियां हैं।

बदमाशों ने दो युवतियों पर किया एसिड अटैक

देवरिया, (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के गौरी बाजार क्षेत्र में गुरुवार को बाइक सवार बदमाशों ने साइकिल से जा रही दो लड़कियों पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। झुलसी लड़कियों का अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि आज गौरी बाजार क्षेत्र के एक गांव की दो युवतियां अलग-अलग सायकिल से घर से गौरी बाजार के तरफ जा रही थी कि देवगांव मोड़ के पास एक बाइक पर सवार दो बदमाश युवतियों पर ज्वलनशील पदार्थ फेक कर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों युवतियों को अस्पताल में भर्ती कराया।

बाइकों को डंपर ने कुचला, 5 की मौत

पीलीभीत, (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के जहानाबाद क्षेत्र में गुरुवार को ईद पर मिलने जा रहे दो बाइकों पर सवार पांच लोगों की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हरिद्वार नेशनल हाईवे पर निसरा और बारात भोज गांव के पास आज सुबह करीब दस बजे यह हादसा उस समय हुआ जब अमरिया की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने दो बाइकों को चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक बाइक पर उवैश (32) और उनकी पत्नी सकरा बेगम (30) की मौके पर मौत हो गई, वहीं दूसरी बाइक पर तीन दोस्त आकिब (21), शाहिब (25), अरबाज (26) ने भी दम तोड़ दिया। दुर्घटना की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है दोनों बाइको के परख्चे उड़ गए थे और सभी शव क्षतविक्षत सड़क पर उधर-इधर पड़े थे।

एटीएम कार्ड बदलकर नगदी चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

अजमेर, (वार्ता)। राजस्थान में अजमेर कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर नकदी चुराने वाले अन्तरराज्यीय गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्गसिंह राजपुरोहित ने आज संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों शातिर एवं आपराधिक प्रवृत्ति के है । इनके खिलाफ मध्यप्रदेश के जिलों में गिरफ्तारी और मुकदमे चल रहे हैं। इन दोनों आरोपियों ने अजमेर, जयपुर और धौलपुर में भी कई वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी दोस्त हैं और एटीएम पर रैकी कर वारदात को अंजाम देते हैं।

ओडिशा में बीजद के दो विधायकों की विधानसभा सदस्यता रद्द

भुवनेश्वर, (वार्ता)। ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष प्रमिला मल्लिक ने दलबदल विरोधी कानून के तहत बीजू जनता दल (बीजद) के दो विधायकों अरविंद धाली और प्रेमानंद नायक को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया है। धाली और नायक क्रमशः जयदेव और तेलकोई विधानसभा सीटों से बीजद विधायक थे, जिन्होंने हाल ही में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। ओडिशा विधानसभा के सूत्रों ने बताया कि अध्यक्ष की कार्रवाई सरकारी मुख्य सचेतक प्रशांत कुमार मुदुली की ओर से 18 मार्च को ओडिशा विधानसभा के सदस्यों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीसरा चरण- आम चुनाव में 94 सीट, अधिसूचना आज

- ■ 12 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश शामिल
- ■ नामांकन 19 अप्रैल तक
- ■ पर्चों की जांच 20 तरीख
- ■ नाम वीपसी 22 तारीख तक

नई दिल्ली, (वार्ता) निर्वाचन आयोग नयी लोकसभा के चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया पूरा कराने के लिए अधिसूचना शुक्रवार को जारी करेगा। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराये जाएंगे। आयोग ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि तीसरे चरण के चुनाव के लिए भारत के राजपत्र में अधिसूचना 12 अप्रैल को जारी की जाएगी।

विज्ञप्ति के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में 29-बैतूल संसदीय क्षेत्र केस्थगित चुनाव के लिए 7 मई, 2024 को मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए सभी सीटों पर नामांकन की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एमपी की बैतूल सीट पर भी प्रक्रिया

मध्य प्रदेश के 29-बैतूल (अजा) संसदीय क्षेत्र में स्थगित मतदान के लिए अलग से अधिसूचना भी कल जारी की जाएगी। इस सीट के लिए दूसरे चरण में होने वाला चुनाव बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण स्थगित कर दिया गया था। तीसरे चरण में जिन सीटों के लिए मतदान कराया जाना है उनमें असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, गोवा, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

26 अप्रैल को होगा दिल्ली महापौर और उपमहापौर का चुनाव

नई दिल्ली। दिल्ली महापौर के चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा कर दी गई। 26 अप्रैल को महापौर का चुनाव होगा। इससे पहले 18 अप्रैल तक नामांकन किए जा सकेंगे। निगम सेक्रेटरी ने बताया कि दिल्ली नगर निगम की 26 अप्रैल सुबह 11 बजे बैठक होगी। निगम की इसी बैठक में महापौर और उपमहापौर का चुनाव होगा। बता दें कि निगम एक्ट के अनुसार अप्रैल माह की होने वाली निगम सदन की पहली बैठक में ही मेयर और उप मेयर का चुनाव होना होता है। इस वर्ष मेयर पद अनुसूचित जाति के पार्षद के लिए आरक्षित हैं। ऐसे में अनुसूचित जाति से जीते पार्षद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुर्ग आरटीओ की चूक के बाद परिवहन आयुक्त कार्यालय सचेत

आउट डेटेड स्टाफ बस पकड़ने कंपनियों में जाकर जांच पड़ताल

- ■ नव प्रदेश की खबर का बड़ा असर, दूसरे ही दिन 50 से ज्यादा बसों की जांच
- ■ अतिरिक्ति परिवहन आयुक्त का निर्देश, कंडम गाड़ियां नहीं हटाने पर अब होगी सख्ती

नवप्रदेश खबर का असर

कंपनियों के पास आउट डेटेड बसें
आरटीओ की अनदेखी, हादसे को आमंत्रण

रायपुर/नवप्रदेश। बड़े औद्योगिक घरानों में परिवहन नियमों को ताक में रखकर स्टाफ बसों की कंडम हालत पर आखिर में परिवहन आयुक्त कार्यालय निगरानी बढ़ाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। दुर्ग आरटीओ की बड़ी चूक और फिर कुम्हारी में बड़ी सड़क दुर्घटना सामने आने के बाद कार्यालय ने सभी संस्थानों को सर्कूलर जारी कर कंडम हालत सुधारने सख्त निर्देश दिए हैं। कई कंपनियों में सीधे जांच पड़ताल कर कार्रवाई भी शुरू की है। विभाग ने सिर्फ रायपुर ही नहीं बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव समेत दूसरे जिलों में भी कार्रवाई शुरू कर दी है।

कुम्हारी सडक़ हादसे के बाद बड़ी कंपनियों में स्टाफबसों के कंडम हालत को लेकर नव प्रदेश ने बुधवार को बड़ी पड़ताल की थी। स्कूल व यात्री परमिट बसों के संचालन और फिर उनकी खराब हालत की खबर प्रकाशित की थी। अगले ही दिन परिवहन आयुक्त कार्यालय ने मामला संज्ञान लेकर कंपनियों में सीधे पड़ताल करते कार्रवाई तेज की। साथ ही परिवहन नियमों का सख्ती से पालन कर स्टाफ बसों की परमिट में वाहन संचालन के निर्देश दिए। सख्ती के बाद कई कंपनियों ने पुराने वाहनों को रिप्लेस कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

> कंपनियां जिन वाहनों को स्टाफ बस के रूप में इस्तेमाल कर रही है उनकी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। प्रतिष्ठित कंपनियों में अटैच वाहनों की मौके पर जांच पड़ताल करने टीम भेजा जा रहा है। नियम विरूद्ध वाहनों का इस्तेमाल करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डी.रविशंकर, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त**

निको में हटाई गई स्कूल बसें

कुम्हारी हादसे के एक दिन बाद जायसवाल निको से कुछ तस्वीरें सामने आई थी जिसमें स्कूल व यात्री परमिट वाली बसों का संचालन किया जा रहा था। परिवहन विभाग के हरकत में आते ही कंपनी परिसर में बसों को बदल दिया गया। स्टाफ के लिए स्कूल बसों की जगह प्राइवेट बसों को अटैच किया गया। निको ही नहीं औद्योगिक क्षेत्र में बाकी जगह परिवहन विभाग ने जांच पड़ताल की बात कही।

आबकारी के अरुणपति त्रिपाठी बिहार में गिरफ्तार

- ■ दुर्ग-भिलाई में ईओडब्लू ने 20 ठिकानों पर मारे छापे
- ■ अब इस घोटाले में बड़े लोगों पर फंदा कसने की तैयारी में

रायपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाले में ईडी की एफआईआर के बाद ईओडब्लू की टीम ने गुरुवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। ईओडब्लू तथा अन्य एजेंसियों ने बिहार में इस घोटाले के प्रमुख आरोपियों में एक अरुणपति त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया है। छत्तीसगढ़ में 2160 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में ईओडब्लू की अलग-अलग टीमों ने गुरुवार को दुर्ग-भिलाई समेत छत्तीसगढ़ में शराब कारोबारियों के 20 ठिकानों पर छापा मारकर जांच शुरू कर दी है।

त्रिपाठी को ईओडब्लू ने बिहार के सीवान से गिरफ्तार किया है। पूर्ववर्ती सरकार में आबकारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्कूल बस पेड़ से टकराई, 6 बच्चों की मौत, 20 घायल

महेंद्रगढ़, (वार्ता)। हरियाणा में महेंद्रगढ़ के कनीना इलाके में गुरुवार को स्कूल बस के पेड़ से टकरा जाने से छह बच्चों की मौत हो गयी और 20 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जीएल पब्लिक स्कूल में आज सार्वजनिक अवकाश था, लेकिन यहां एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बच्चों को लेने के लिए बस भेजी गयी थी जिसमें करीब 35-40 बच्चे सवार थे। इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गयी। हादसे में छह बच्चों की मौत हो गयी जबकि 20 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस बार 20 राज्यों में होगी खूब बारिश

- ■ जून से सितंबर के बीच 4 महीने में मानसून की बारिश 102 प्रतिशत होने की संभावना

नई दिल्ली। देश में इस बार मानसून का हाल बेहतर रहने का अनुमान है। खासकर 20 राज्यों में अच्छी बारिश होने की बात कही गई है। एक निजी प्रइवेट मौसम एजेंसी स्काईमेट के अनुसार इस साल देश में मॉनसून सामान्य रहेगा। यानी जून से सितंबर के बीच 4 महीने में मॉनसून की बारिश 102 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

मौसम विभाग (आईएमडी) भी 96 से 104 फीसदी के बीच बारिश को औसत या सामान्य मानता है। एजेंसी ने बताया कि चार महीने के मॉनसून सीजन में लंबी अवधि औसत (एलपीए) 868.6 मिलीमीटर है। एजेंसी ने बताया कि भारत के मध्य और पश्चिमी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन राज्यों में अच्छी बारिश की संभावना

एजेंसी के मुताबिक, देश के 20 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अच्छी बारिश की संभावना है। इसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, लक्षद्वीप में शामिल हैं।

भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही होगा: मोदी

- ■ पीएम नरेंद्र मोदी ने करौली में जनसभा को संबोधित किया

करौली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने एवं उसके परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार में डूबने का आरोप लगाते हुए कहा है कि चाहे मोदी को कितनी ही घमकी दे दो, लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी हैं।

पीएम मोदी ने गुरुवार को करौली में भाजपा प्रत्याशी इंदु जाटव के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जो हमारा घोर विरोध करते है, परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस जनता की मजबूरियों में भी मुनाफा ढूंढ रही है। मोदी ने कहा कि पूरे देश में भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, इसलिए इंडिया गठंबधन के लोग मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। देश में एक तरफमोदी कह रहे हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ, दूसरी तरफ ये लोग कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ और ये लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने निकले हैं।

जो अपने परिवार की सोचते हैं, वे जनता का कभी सोच नहीं सकते

मंडला, (वार्ता)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मध्यप्रदेश के आदिवासीबहुल क्षेत्र मंडला से हुंकार भरते हुए आदिवासियों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस को जम कर घेरा और कहा कि आदिवासियों के विकास के लिए बनाए गए 'डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड' के स्थान पर कांग्रेस ने 'डायनेस्टी मैनेजमेंट फंड' बना लिया। शाह भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में आयोजित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो मिटा देंगे एक झटके में गरीबी: राहुल

बीकानेर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए लगातार दौरे पर हैं। इसी के तहत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गुरुवार को बीकानेर लोकसभा पहुंचे। जहां उन्होंने अनूपगढ़ में सभा को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सचिन पायलट और अन्य नेता मंच पर मौजूद रहे। इस दौरान राहुल ने वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनी तो गरीब परिवारों के लिए 8500 रुपए प्रति महीना दिया जाएगा। इससे गरीबी एक झटके से मिटा देंगे। राहुल गांधी ने बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की एमएसपी और कर्जमाफी जैसे मुद्दे उठाए। कहा यहां सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। यात्रा में देश का सबसे बड़ा मुद्दा सामने आया बेरोजगारी। दूसरे नंबर पर महंगाई।

गरमा-गरम

नक्सल खात्मा... पैरामिलिट्री फोर्स और एनएआई का ज्वाइंट मीटिंग, लोकल फोर्स की मदद से नक्सलियों की 30 कमेटियों पर नजर

पहली बार बदलेगी रणनीति.. माओवादियों को जड़ से करेंगे खत्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में नक्सलियों की गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए अब राज्य शासन ने नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। नक्सली खात्मे के लिए इस बार पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एनआईए के साथ लोकल पुलिस फोर्स का ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू करने की योजना है।



इंटेलिजेंस विभाग ने लगभग 30 नक्सल कमेटियों की विशेष रिपोर्ट बनाई है, जिसके बाद फोर्स कभी भी नक्सली ठिकाने पर सीधे हमला कर सकती है। हाल ही में आईबी अफसरों के साथ गृह विभाग के पदाधिकारियों ने बैठक ली है, जिसमें पुरानी रणनीति पर बदलाव कर नए सिरे से अभियान शुरू करने निर्णय लिया गया है।

पीएचक्यू से मिली जानकारी के मुताबिक इंटेलिजेंस टीम ने जिन कमेटियों की रिपोर्ट बनाई है बकायदा प्रत्येक कमेटियों की गतिविधियों को ट्रैक किया जाएगा। लोकल फोर्स और पैरामिलिट्री फोर्स की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्त कर कमेटी की हर एक एक्टिविटी पर फोकस बढ़ाया जाएगा। ऐसे रास्ते जहां से नक्सली एक राज्य से दूसरे राज्य में घुसपैठ जमाते हुए आगे बढ़ते हैं ऐसे मार्गों को चिन्हांकित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सेंट्रल से ज्यादा एरिया कमेटी घातक

फोर्स ने नक्सल कमेटियों को खत्म करने अभियान के दावे किए हैं, लेकिन अभी तक सामने आई घटनाओं में नक्सलियों द्वारा थ्री लेयर कमेटियां बनाकर आतंक फैलाया जा रहा है। एरिया, डिवीजन और सेंट्रल कमेटियां शामिल हैं। बता दें लोकल फोर्स और स्थानीय लोगों के लिए सेंट्रल से ज्यादा एरिया कमेटी घातक है जिन्होंने नरसंहार की वारदातों को अंजाम दिया है। फोर्स द्वारा तीन चरणों में अभियान चलाकर सबसे पहले एरिया कमेटी को टारगेट किया जाएगा।

सबसे पहले बस्तर संभाग में कैंप

नक्सल प्रभावित बस्तर इलाकों में पुलिस विभाग ने पैरामिलिट्री फोर्स की मदद से अब संभाग के कई हिस्सों में एक साथ नए कैंप शुरू करने निर्णय लिया है। इसके लिए मार्गों का भी चयन कर लिया गया है। 14 कैंप की जगह इनकी संख्या बढ़ाकर 45 तक पहुंचाया जाएगा। कैंप खुलने से नक्सलियों का मनोबल टूटेगा।

वार्तालाप नहीं बल्की सिर्फ एक्शन

आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने साफ कर दिया है नक्सली भले ही वार्तालाप कर अपना पक्ष रखने समय-समय पर पर्ची के माध्यम से बयान जारी कर रहे हों, लेकिन फोर्स अब एक्शन मोड पर काम करेगी। संभाग के संवेदनशील हिस्सों में फोर्स का मूवमेंट अब बढ़ा दिया गया है। नक्सलियों की गतिविधियों को रोकने कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

राज्य बनने के बाद दुर्ग लोकसभा से साहू समाज के राष्ट्रीय दल के उम्मीदवार को मिलती रही है जीत!

■ स्व. ताराचंद के बाद ताम्रध्वज अब राजेन्द्र साहू को मिला है मौका

संतोष मिश्रा

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सबसे हाई प्रोफाईल दुर्ग लोकसभा की सीट का इतिहास बेहद रोचक रहा है। शुरूआती दौर में यह सीट कांग्रेस के कब्जे में रही है लेकिन छततीसगढ़ के राज्य के रूप में अस्तित्व में आने के बाद यह सीट ज्यादा समय तक भाजपाक` कब्जे में रही है। कांग्रेस 2014 के चुनाव में जीत के बाद 2024 में पुनः जीत को हासिल करने प्रतिबद्ध नजर आ रही है। लोकसभा के चुनाव में भाजपा के मौजूदा सांसद विजय बघेल प्रत्याशी है वहीं कांग्रेस नये चेहरे के रूप में युवा राजेन्द्र साहू को मैदान में उतारा है। राजेन्द्र साहू मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को कड़ी चुनौती दे रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में साहू समाज का जो भी प्रत्याशी राष्ट्रीय दल से उम्मीद्वार बना है। चाहे वह कांग्रेस हो या भाजपा का हो उसे जीत हासिल हुई है। इसमें भाजपा से स्व. ताराचंद साहू व कांग्रेस से ताम्रध्वज साहू शामिल हैं। स्व. तारांचद साहू भाजपा से दुर्ग के लंबे समय से सांसद रहे। इसके बाद वर्ष 2014 में ताम्रध्वज साहू को जीत मिली हैं। वर्ष 2024 में कांग्रेस से अब राजेन्द्र साहू उम्मीद्वार है। राष्ट्रीय दल से साहू समाज की उम्मीद्वारी की जीत का प्रमुख आधार उसकी सबसे बड़ी आबादी रहा है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में साहू समाज के 35 से 40 प्रतिशत वोटर है। वहीं कुर्मी समाज के वोटर 22 प्रतिशत तथा सतनामी समाज के 20 से 22 प्रतिशत वोटर है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में जातिगत फैक्टर का असर पिछले कई चुनाव में देखने को मिला है। इससे साहू समाज की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, साजा, अहिवारा, वैशाली नगर, नवागढ़, बेमेतरा और भिलाई नगर विधानस सभा की सीट शामिल है उन नौ विधानसभा सीटों में 7 सीटों पर भाजपा जबकि दो सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है।

प्रत्याशियों की ऐसी है स्थिति

भारतीय जनता पर्टी से मौजूदा सांसद विजय बघेल उम्मीद्वार है। विजय बघेल ने अपने राजनैतिक कैरियर की शुरूआत छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद वर्ष 2000 से की थी। वर्ष 2003 में पाटन से विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें यहां से हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए इसके बाद 2008 के विधानसभा में उन्हें जीत मिली। इसके बाद 2019 के लोकसभा में मोदी लहर में रिकार्ड मतों से जीते। अब पुनः प्रत्याशी के रूप में सामने है। इस बार उन्हें मोदी लहर का लाभ मिलने का फिर भरोसा है। विजय बघेल के पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल पर गौर करे तो कोई विशेष उपलब्धि खाते में नहीं है। वे केवल भिलाई क्षेत्र तक ही सीमित रह है और कार्यकर्ताओं के बीच अपनी खास पहचान भी नहीं बना पाए है। कार्यकर्ताओं में उत्साह का कोई खास माहौल दिखाई नहीं दे रहा है। मोदी लहर ही सबसे बड़ा सहारा है।

कांग्रेस से युवा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू उम्मीद्वार है। राजेन्द्र साूह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाते हैं। 2019 में भूपेश बघले के चुनाव संचालक थे। राजेन्द्र जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उस समयावधि के दौरान पूरे लोकसभा क्षेत्र में उन्होंने अपनी पहचान बढ़ाई। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में राजेन्द्र साहू का अपना एक अलग जनाधार है। दुर्ग शहर से क्षेत्रीय पार्टी स्वाभिमान मंच से महापौर और विधायक का चुनाव लड़ चुके हैं। दोनो बार कथित रूप से षड्यंत्र पूर्वक ढंग से हराने की सहानूभूति भी इस बार उनके साथ है बल्कि दुर्ग लोकसभा की दीवार विधानसभा के लोग भ उनकी हार से दुखी रहे हैं। श्री साहू कांगेस में लंबे समय तक स्व. वासुदेव चंद्राकर के सानिध्य में रहे हैं। बीच में कांग्रेस छोड़ने के बाद 2017 में पुनः शामिल हुए है। श्री साहू की मिलन सार छवि है और सभी वर्ग में लोकप्रिय है। राजेन्द्र साहू के लिए साहू समाज पूरी तरह से एकजुट हो रहा है। इसके बाद 20 से 22 प्रतिशत सतनामी समाज व 18 से 20 प्रतिशत मुस्लिम समाज भी उनके साथ है। श्री साहू मजबूती से कदम बढ़ाते हुए भाजपा को तगड़ी चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गए है।

स्व. ताराचंद साहू पूर्व सांसद, दुर्ग | विजय बघेल भाजपा प्रत्याशी | राजेन्द्र साहू कांग्रेस प्रत्याशी

दुर्ग लोकसभा का इतिहास

दुर्ग लोकसभा की सीट पर 1952 से लेकर 1971 तक कांग्रेस का कब्जा रहा है। उसमें 1968, 1971 और 1980, 1984 व 1991 चंदूलाल चंद्राकर पांच बार सांसद चुने गए थे। 95 सालो तक कांग्रेस के कब्जे के बाद वर्ष 1977 में मोहन भैय्या जनता पार्टी से सांसद चुने गए थे। 1996 से 2009 तक इस सीट पर भाजपा कब्जा रहा। 2014 में यह सीट कांग्रेस के खाते में गई थी। दुर्ग लोकसभा सीट के लिए अब तक 17 बार आम चुनाव व एक बार उपचुनाव हुए है। जिसमें 10 बार कांग्रेस व 6 बार भाजपा ने जीत हासिल की हैं। जबकि जनता पार्टी व जनता दल को एक-एक बार जीत मिली है। अविभाजित मध्य प्रदेश के वक्त कांग्रेस का दबदबा यहां देखने को मिला था लेकिन राज्य के गठन के बाद हुए बार-बार के लोकसभा चुनाव में तीन बार भाजपा व एक बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है।

अप्रैल के आखरी सप्ताह से दिखेगी ताकत

अप्रैल माह के आखरी सप्ताह से मतदान के बीच कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू की ताकत में भारी इजाफा हो सकता है। 26 अप्रैल को राजनांदगांव व महासमुंद में मतदान खत्म हो जाएगा। इसके बाद दुर्ग के दो दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग में 7 मई के मदान के लिए यही मौजूद रहेंगे। इससे राजेन्द्र साहू सबसे मजबूत स्थिति में पहुंच सकते है। यह समय कांग्रेस के लिए सबसे अहम रहेगा। दुर्ग लोकसभा की सभी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पूरी ताकत के साथ मेहनत कर रही हैं।

बंटवारे में मिली सीट पर कांग्रेस के पास उम्मीदवार नहीं

शिवसेना (ठाकरे) के नेता को पंजे पर लड़ने का प्रस्ताव, मगर...!

मुंबई। लोकसभा चुनाव के लिए महाविकास अघाड़ी में सीट आवंटन का फॉर्मूला तय हो गया है. शिवसेना ठाकरे 21, कांग्रेस 17 और एनसीपी शरद पवार 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. सीटों का बंटवारा भले ही तय हो चुका है, लेकिन अभी भी कुछ क्षेत्रों को लेकर महाविकास अघाड़ी में तनाव बरकरार है. बंटवारे में कांग्रेस को एक ऐसी सीट मिली है जहां उसके पास उम्मीदवार नहीं है. यह हम नहीं बल्कि खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने शिवसेना ठाकरे गुट के उम्मीदवार से यह बात कही है. उत्तर मुंबई सीट कांग्रेस को मिली है. इसको लेकर शिवसेना ठाकरे के पदाधिकारियों ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की और अपना पक्ष रखा. पदाधिकारियों ने उद्धव ठाकरे से मांग की कि यह सीट शिवसेना ठाकरे पार्टी को दी जाए और विनोद घोसालकर को उम्मीदवार बनाया जाए. उद्धव ठाकरे से मुलाकात के बाद विनोद घोसालकर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद नाना पटोले ने मुझसे पूछा था कि क्या आप उत्तर मुंबई सीट पर कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पंजे पर लड़ेंगे, लेकिन मैंने उनसे कहा कि नहीं, क्योंकि हम इतने सालों से साहेब के साथ हैं।

ठाकरे से मिले नेता

जब हमने तैयारी शुरू की थी तो कैसे काम करना है ये भी बताया था. विनोद घोसालकर ने कहा कि दो दिन में फैसला आने की उम्मीद है. दो दिन में फैसला हो जाएगा. पदाधिकारियों ने उद्धव ठाकरे के सामने पक्ष रखा है कि जब कांग्रेस के पास उम्मीदवार ही नहीं है तो यह सीट कांग्रेस को नहीं दी जानी चाहिए थी.

'पैड वुमन', भाजपा-ममता को दे रहीं सीधी टक्कर, कौन हैं ये जुझारू दीदी?

कोलकाता। आपमें से कई लोग सुपर स्टार अक्षय कुमार की सुपर हिट फिल्म 'पैड मैन' देखी होगी। महिलाओं की मासिक धर्म की परेशानी को लेकर बनी यह फिल्म सामाजिक बदलाव के नजरिये से अहम साबित हुई. लेकिन, आपको पता नहीं होगा कि रियल लाइफ में एक ऐसी महिला हैं जिसे उसके आसपास के इलाके में लोग 'पैड वुमन' के नाम से जानते हैं. यह कोई आम महिला नहीं, बल्कि इस लोकसभा चुनाव में एक प्रमुख राजनीतिक दल की उम्मीदवार हैं. इस महिला का नाम है सोनामनी मुर्मू (टुडू).इन्हें माकपा ने पश्चिम बंगाल के झारग्राम क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है.

इस वक्त इस सीट पर भाजपा का कब्जा है. इस त्रिकोणीय मुकाबले में वह सीधे भाजपा और टीएमसी के उम्मीदवारों को टक्कर दे रही हैं. दरअलस, सोनामनी एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं. संयुक्त राष्ट्र की सामाजिक संस्था यूनिसेफ की ओर से वह आदिवासी लड़कियों के बीच सुरक्षित मासिक धर्म और पैड के इस्तेमाल को कई तरह के अभियान चलाती हैं. वह पूरे इलाके में काफी लोकप्रिय हैं. वह सुदूर गांवों में लड़कियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं.

सोनामनी का जन्म झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में हुआ. फिर उनकी शादी हो गई और वह पुरलिया जिले के बंदोआन में आ गईं. उन्होंने झारखंड से स्कूल की पढ़ाई की फिर घटशिला कॉलेज से बीए किया. झारखंड के जमशेदपुर से एमए की डिग्री ली. वह शुरू से सामाजिक सेवा में सक्रिय रहीं लेकिन अब वह राजनीति में आ गई हैं. अक्षय कुमार की फिल्म पैड मैन के रिलीज के पहले से ही वह इस मुद्दे पर समाज में काम रही हैं. सोनामनी अपने ससुराल में सास-ससुर, पति और बेटे के साथ रहती हैं. वह एक गृहणी हैं. लेकिन, माकपा ने समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें लोकसभा के मैदान में उतारा है. माकपा की राज्य समिति के सदस्य तपन सिन्हा कहते हैं कि वह एक पढ़ी-लिखीं और मेहनती महिला हैं।

मनोविज्ञान में एमए

सोनामनी ने मनोविज्ञान में बीए और एमए की पढ़ाई की है. वह कॉलेज के वक्त से ही कई सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं. वह पंचायत चुनाव में विजयी रही हैं. अब माकपा ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है. वह ग्रामीण इलाके में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों को लेकर काफी सक्रिय रही हैं. उन्होंने किशोर लड़कियों को सैनेटरी पैड के इस्तेमाल का तरीखा सिखाया.

माकपा की पंचायत सदस्य

माकपा के टिकट पर अपने ससुराल में सोनामनी ने ग्राम पंचायत का चुनाव जीता. वह अभी पंचायत सदस्य हैं. वह पंचायत सदस्य से सीधे लोकसभा चुनाव के मैदान में उतर चुकी हैं. लोकसभा चुनाव के रण में उतरने को लेकर सोनामनी ने कहा कि वह संसद पहुंचकर आम लोगों के लिए काम करना चाहती हैं. वह भ्रष्टाचार और राज्य सरकार की गलत नीतियों के खिलाफलड़ना चाहती हैं. वह क्षेत्र के युवाओं को रोजगार दिलाना चाहती हैं.

लोकसभा चुनावी वॉच

'नेहरू जी की अक्साई चीन को बंजर जमीन..'कंगना का कांग्रेस पर हमला

__शिमला।__ हिमाचल प्रदेश से मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजता ने बॉलीवुड एक्टर कंगना रनौत को चुनावी समर में उतारा है. ऐसे में कंगना ने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है. हिमाचल के सीएम सुक्खू से लेकर विक्रमादित्य सिंह सहित कांग्रेस के अन्य केंद्रीय नेता भी कंगना पर लगातार हमलावर हैं. कंगना भी लगातार कांग्रेस नेताओं पर निशाना साध रही है. अब कंगना ने कांग्रेस के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के बहाने कांग्रेस पर हमला बोला है. कंगना ने एक्स (ट्वीटर) के जरिये कांग्रेस को निशाने पर लिया. कंगना ने कहा कि नेहरू जी की अक्साई चिन को बंजर जमीन बताने वाली सोच आज भी कांग्रेस में जीवित है. दिग्विजय जी का कच्चातिवु द्वीप को लेकर दिया गया बयान उसी सोच को दर्शाता है. इसी मानसिकता के कारण कांग्रेस शासन में भारत के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास नहीं हो पाया. लेकिन यह नया भारत है, यहां देश के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन 'ताशीगंग' तक नल से जल पहुंच रहा है. हिमाचल प्रदेश के 'कॉमिक' जैसे ऊंचे गांवों तक बेहतर सड़क कनेक्टिविटी और बिजली से हर घर रोशन है. देश की भौगोलिक अखंडता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा, और ऐसी सोच रखने वालों को देश जवाब जरूर देगा।

__लगातार चल रही बयानबाजी__ - मंडी से लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की तरफसे विक्रमादित्य सिंह को टिकट देने की बात करीब करीब तय है. ऐसे में विक्रमादित्य सिंह लगातार कंगना पर निशाना साध रहे हैं. बीफविवाद से लेकर मुंबई में आने जाने के मुद्दे पर विक्रमादित्य सिंह कंगना को घेर रहे हैं. गौरतलब है कि कंगना इन दिनों मुंबई गई हुई हैं. उन्होंने मंडी के छह विधानसभा इलाकों में बीते सप्ताह सभाएं की थी. अब मुंबई से लौटने के बाद वह फिर से चुनाव प्रचार शुरू करेंगी।

डिंपल यादव मेरी जेठानी हैं... लेकिन मोदी जी की प्रचंड लहर है... अपर्णा

__लखनऊ।__ मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू और बीजेपी नेता अपर्णा यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका और मैनपुरी से डिंपल यादव के खिलाफ बीजेपी के जयवीर सिंह ठाकुर को मैदान में उतारने पर खुलकर अपनी बात रखी. साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र पर भी अपनी राय बेबाकी से रखते हुए कहा कि इस बार मोदी जी की प्रचंड लहर है. मीडिया से बातचीत में जब अपर्णा यादव से बीजेपी में उनकी भूमिका को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वे इस समय लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही हैं. पार्टी जो भी आदेश और जिम्मेदारी देगी मैं उसके साथ हूं. सपा के विजन डॉक्यूमेंट पर अपर्णा यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा एलायंस में है और बीजेपी एक राष्ट्रीय पार्टी है. बहुत सारी पार्टी अपना मैनिफेस्टो लाती हैं, सपा भी लाई है. लेकिन यह बात सच है कि राष्ट्रीय पार्टी ही देश की दिशा और दशा बदलेगी न की कोई एलायंस पार्टी. मैनपुरी से जयवीर सिंह को टिकट पर अपर्णा यादव ने कहा कि जयवीर सिंह काफी समय से पॉलिटिक्स में हैं और सीनियर नेता हैं. डिंपल यादव मेरी जेठानी हैं और मैं उनका बहुत आदर व सम्मान करती हूं. लेकिन मोदी जी की प्रचंड लहर है, भारत के जन मानस को मोदी जी में विश्वास है. बीजेपी को जुमलेबाज पार्टी बताने पर धर्मेंद्र यादव के बयान पर अपर्णा यादव ने कहा कि पॉलिटिकल लाइमलाईट में आने के लिए ऐसे बयान दिए जाते हैं. साथ ही स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें देश छोड़कर चले जाना चाहिए।

कोरबा सीट पर भाजपा-कांग्रेस की जीत-हार के गणित में मायने रखता है गोंगपा के वोटों का उतार-चढ़ाव

ईश्वर चंद्रा

कोरबा/नवप्रदेश। पिछले तीन चुनाव के नतीजों पर गौर करें तो कोरबा लोकसभा सीट पर हर बार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की बिसात ने बड़े बड़े बदलाव की भूमिका निभाई है। यूं कहें तो गलत न होगा कि भाजपा-कांग्रेस की जीत-हार के गणित में गोंगपा के वोटों का उतार-चढ़ाव मायने रखता है। आंकड़े गवाह हैं कि जब कभी गिनती में गोंगपा के वोट कटे तो कांग्रेस को फायदा मिला और गोंगपा के गिरते वोटों ने कांग्रेस की जीत के ग्राफ को ही फाइनल टच दिया है। इसके ठीक उलट भाजपा की जीत और हार में गोंगपा के घटते-बढ़ते वोटों का असर दिखाई दिया। स्पष्ट है कि दो बड़ी पार्टियों की निकटतम भिडंत में गोंगपा ने तीसरी शक्ति का रुतबा हर बार कायम रखा है जो कोरबा लोकसभा के चुनावी समीकरण में निर्णायक दल की भूमिका निभाता चला आ रहा है। अब तक हुए लोकसभा कोरबा सीट पर तीन चुनाव में जब-जब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को कम वोट मिले हैं, इसका फायदा कांग्रेस को मिला है।

एक चुनाव में जब गोंगपा को 50 हजार से ज्यादा वोट मिले तो कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। दो चुनाव में 40 हजार से कम वोट गोंगपा को मिले थे। इन चुनावों में कांग्रेस को जीत मिली थी। गोंगपा के वोटों से कोरबा सीट पर हार जीत का समीकरण बदलता रहा है। इस सीट पर अब तक तीन लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। जांजगीर सीट से परिसीमन में अलग होने के बाद पहला चुनाव वर्ष 2009 में हुए थे। इस चुनाव में कांग्रेस ने डॉ. चरणदास महंत और बीजेपी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी करुणा शुक्ला को उतारा था। चुनाव में हार जीत का आंकड़ा 20 हजार से ज्यादा रहा था। डॉ चरणदास महंत को 3 लाख 14 हजार 616 और करुणा शुक्ला को 2 लाख 93 हजार 879 वोट मिले थे।

चरण ने कायम किया पहले सांसद बने का कीर्तिमान

इस तरह वर्ष 2009 में डॉ चरण दास महंत ने 20 हजार 737 वोटों के अंतर से चुनाव जीतकर कोरबा के पहले सांसद चुने का जाने का कीर्तिमान स्थापित किया था। इस चुनाव में तीसरी ताकत गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी हीरासिंह मरकाम को 32 हजार 962 वोट मिले थे। उनके वोटों का आंकड़ा कुल मतदान का 2.58 फीसदी रहा था। गोंगपा को मिले कम वोटों का फायदा इस चुनाव में कांग्रेस को हुआ था।

तीन लोस चुनाव में बढ़कर लगभग दोगुने हुए वोट प्रतिशत

अब तक हुए तीन चुनाव में वोटिंग के साथ ही बीजेपी-कांग्रेस का वोट प्रतिशत भी बढ़ता गया है। 2009 के चुनाव में कांग्रेस को कुल वोटिंग का 24.65 व बीजेपी को 23.02 फीसदी वोट मिले थे। 2014 में बीजेपी का वोट प्रतिशत 30.84 जबकि कांग्रेस का 30.54 रहा था। वहीं 2019 के चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत लगभग 15 फीसदी बढ़कर 46.01 फीसदी रहा। इसी तरह बीजेपी का वोट प्रतिशत 43.7 था।

बदलते रहे हैं भाजपा के चेहरे, दो बार चरण, दूसरी बार ज्योत्सना

2019 के चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के वोट प्रतिशत में गिरावट आई तो कांग्रेस प्रत्याशी को एक बार फिर जनता ने संसद भवन तक पहुंचा दिया। इस चुनाव में कांग्रेस ने डॉ. चरण महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत को टिकट दिया। वहीं बीजेपी ने चेहरे बदलने की परंपरा को जारी रखते हुए ज्योतिनंद दुबे को प्रत्याशी चुना। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने 5 लाख 23 हजार 310 वोट हासिल किए। प्रतिद्वंदी ज्योतिनंद दुबे को 4 लाख 97 हजार 61 वोट मिले। इस तरह उन्हें 26 हजार 249 वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

2014 में सबसे कम 4265 के मामूली अंतर से बीजेपी जीती

इसी तरह 2014 के चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बढ़े मतों की संख्या के कारण कांग्रेस लगातार जीत हासिल करने में नाकाम हो गई थी। इस चुनाव में कांग्रेस ने मौजूदा सांसद डॉ. चरणदास महंत को रिपीट किया था, जबकि बीजेपी ने डॉ. बंशीलाल महतो को टिकट दिया था। डॉ. बंशीलाल महतो को 4 लाख 39 हजार 2 और डॉ. चरणदास महंत को 4 लाख 34 हजार 737 वोट मिले थे। इस तरह बीजेपी प्रत्याशी डॉ. महतो ने नजदीकी मुकाबले में डॉ. महंत को 4 हजार 265 वोटों के मामूली अंतर से हरा दिया था। जिसका नुकसान कांग्रेस को हुआ। खास बात रही कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने इस चुनाव में 52 हजार 753 वोट हासिल किए थे और प्राप्त मत का आंकड़ा गत चुनाव से बढ़कर 3.71 फीसदी हो गया था। जिसका नुकसान कांग्रेस को हुआ। 2009 और 2014 के चुनाव में गोंगपा के वोट में लगभग 20 हजार की बढ़ोतरी हुई और कांग्रेस की गत चुनाव में 20 हजार से अधिक वोटों की जीत 4 हजार से ज्यादा वोटों की हार में तब्दील हो गई।

गोंगपा की गिरावट से कांग्रेस को फायदेमंद बढ़त

वोटों के लिहाज से कोरबा सीट पर यह किसी भी प्रत्याशी की सबसे बड़ी हार है। इस चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने हीरासिंह मरकाम के पुत्र तुलेश्वर सिंह मरकाम को चुनाव में उतारा था। उन्हें 37 हजार 417 वोट मिले थे। गत चुनाव से गोंगपा को मिले कम वोट का फायदा कांग्रेस को हुआ। इस तरह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के वोट जब जब कम हुए हैं कांग्रेस को जीत मिलती रही है। राजनीति के जानकारों की मानें तो गोंगपा कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाती रही है। जिसके कारण गोंगपा के वोट इस सीट पर समीकरण बनाने व बिगाड़ने का काम करते रहे हैं।

आदिवासी वोटों का बड़ा जनाधार

इस बार कोरबा सीट पर गोंगपा ने श्याम सिंह मरकाम को टिकट दिया है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी हर चुनाव में मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की कोशिश करती रही है। कोरबा लोकसभा अंतर्गत स्थित पाली तानाखार, भरतपुर सोनहत, मरवाही और बैकुंठपुर जैसी सीटों पर गोंगपा का बड़ा जनाधार है। बीते वर्ष के विधानसभा चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवारों ने लोकसभा अंतर्गत स्थित विधानसभा सीटों पर लगभग डेढ़ लाख से अधिक मत प्राप्त किया है। वहीं पाली तानाखार में गोंगपा सुप्रीमो तुलेश्वर सिंह मरकाम विधायक भी चुने गए हैं।

न्यूज गैलरी

अघरिया महिला समाज सेवा समिति सदस्यों ने किया योग

रायपुर।नवप्रदेश। रायपुर के अघरिया महिला समाज सेवा समिति ने डंगनिया स्थित एक हॉस्टल में प्रातः 8 से 9 बजे तक योग, जुम्बा और मेडिटेशन का सत्र का आयोजित किया। जिसमें हॉस्टल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र में उन्हें अपने दैनिक जीवन में योग, मेडिटेशन से होने वाले फायदों के बारे में भी बताया गया। समिति द्वारा समय समय पर वृक्षारोपण, योग तथा अन्य हितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। कार्यक्रम का संपादन अघरिया समाज सेवा समिति के अध्यक्ष श्री देव चरण पटेल, महिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू पटेल, सचिव श्रीमती कल्पना पटेल, लंबोदर पटेल, रेणुका पटेल के सहयोग से हुआ।

देश में बनेगी कांग्रेस गठबंधन की सरकार: दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरकार के खिलाफदेश भर में वातावरण है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने

कहा कि केंद्र में अब की बार कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। जैसे इंडिया शाइनिंग का नारा धराशायी हुआ था वैसे ही अब की बार 400 पार के नारे का भी हवा निकलेगी। जनता मोदी सरकार के 10 सालों में मोदी और भाजपा ने केवल जुमलों की सरकार चलाया है। मोदी के जुमलो के समान ही अब की बार जनादेश भी आने वाला है, जनता मोदी के झूठ का हिसाब करने को तैयार बैठी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि महंगाई के कारण आम आदमी के घर का बजट बिगड़ चुका है। मोदी 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा कर सरकार में आये। मोदी के राज में महंगाई सर्वोच्च स्थान पर पहुंच गयी है। आटा, दाल, सरसों तेल जैसी आवश्यक सामग्री भी आम आदमी के पहुंच से दूर हो गया है। मोदी सरकार जरूरत की सामानों में जीएसटी वसूल रही है। 10 साल में मोदी सरकार चुनाव में किये वादे को पूरा करने में फेलियर साबित हुई है। अच्छे दिन के सपने दिखा कर और 15-15 लाख रूपए खाता में आने का सब्जबाग दिखाकर जनता का वोट लेने के बाद मोदी सरकार वोट देने वाली जनता की मूल जरूरत दूध, दही, चावल, दाल, गेहूं, आटा बेसन, पुस्तक, कॉपी, स्टेशनरी, हवाई चप्पल पर ही टैक्स वसूल रही है। पेट्रोल, डीजल पर मनमाना एक्साइज ड्यूटी लगा कर 27 लाख करोड़ रूपए जनता की जेब से निकाल लिया गया। रसोई गैस के दाम में मनमाना वृद्धि कर लूटमार की जा रही है। मोदी सरकार के वादाखिलाफी के लिए जितना भाजपा जिम्मेदार है उतना ही आरएसएस और उनके अनुशांगिक संगठन जिम्मेदार है। यही आरएसएस और उनके अनुशांगिक संगठनों ने लोगों को भरमा कर गुमराह कर भाजपा को सरकारी कंपनियां, डूबते बैंक, एलआईसी टूटते, सामाजिक समरसता पर बात करने से बच रहे है। जनता को गुमराह करने की साजिश कर रहे है।

जलागारों में भरपूर पानी भरने और टेल एरिया तक पेयजल पहुंचाने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। जिलाधीश गौरव सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा

ने अधिकारियों की बैठक लेकर निगम के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शहर के जलगारों में भरपूर माता में पेयजल भरने तथा पानी को टेल एरिया तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस बैठक में आयुक्त श्री मिश्रा ने पेयजल सप्लाई में कमी की शिकायतों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कई जलगारों में पानी भरपूर मात्रा में नहीं भरे जाने के कारण नलों से कम पानी आने की शिकायत आ रही है। जलगारों में भरपूर मात्रा में जल भरे जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने नागरिकों के घरों में पर्याप्त मात्रा में मिल सके।

5 से ज्यादा ठिकानों पर एसीबी की रेड, पूर्व सीएम के दो करीबियों से भी पूछताछ

रायपुर/नवप्रदेश। एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने गुरूवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कारोबारियों के यहां छापेमारी की है। कोयला और शराब कारोबार से जुड़े दर्जनभर कारोबारियों के 15 ठिकानों पर दबिश देकर दस्तावेज खंगाले हैं।

कुछ कारोबरी ऐसे हैं जिनके पूर्व सीएम भूपेश बघेल से करीबी संबंध रहे हैं। इनमें पप्पू ढिल्लन और विजय भाटिया के नाम शामिल हैं। फिलहाल एसीबी की ओर से छापेमार कार्रवाई की अधिकृत पुष्टि बाकी है। एसीबी सूत्र के मुताबिक 25 से ज्यादा अफसरों की टीम ने गुरूवार को एकाएक कारोबारियों के रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाँव और बिलासपुर के साथ प्रदेश के दूसरे ठिकानों पर दबिश देते हुए जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान कारोबारी लेनदेन का ब्योरा जुटाने के साथ ही कारोबारियों को हिरासत में ले लिया। दुर्ग खुर्सीपार से पप्पू ढिल्लन, विजय भाटिया के कार्यालयों और घरों में छानबीन करने के अलावा एसीबी की टीम ने रायपुर में समता कॉलोनी स्थिति कारोबारी सौरभ अग्रवाल और

अनिल अग्रवाल के निवास में भी अफसरों ने छानबीन की। बताया जा रहा है पूर्व में सरगांव बिलासपुर के भाटिया डिस्टलरी और कोटा स्थित वेलकम डिस्टलरी में छापेमारी की थी। यहां मिले सबूतों के आधार पर पहले अनवर ढेबर, पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड और रिटायर्ड आईएएस अनिल टूटेजा के ठिकानों पर जांच हुई। यहां से जो इनपुट मिले, उसके आधार पर गुरूवार को एसीबी शराब व कोयला कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर रेड मारकर छाबीन शुरू की।

अहातों की नीलामी : आई तकनीकी दिक्कतें अब जिलों में कलेक्टर करेंगे चयन

रायपुर/नवप्रदेश। शराब दुकानों के अहातों की ऑनलाइन नीलामी में तकनीकी और व्यवहारिक दिक्कतें आई है। अब जिलों में कलेक्टर 26 अप्रैल को चयन करेंगे। छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों के परिसर में अहातों की ऑनलाइन नीलामी में तकनीकी और व्यवहारिक दिक्कतें सामने आने की जानकारी मिली है।

इस स्थिति को देखते हुए आबकारी विभाग ने पूर्व में जारी व्यवस्थापन की प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है। इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को नए निर्देश भेजे गए हैं। अब ऑनलाइन पद्धित से

अहातों के मामले को लेकर आबकारी आयुक्त कार्यालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2024-25 के लिए देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अहातों के लिए लाइसेंस का ऑनलाइन पद्धति से निविदा के माध्यम व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं में शासन के निर्देश में संशोधन किया गया है।

मिली निविदा या निविदाओं में से लाइसेंस धारियों का चयन जिलों में कलेक्टर 26 अप्रैल को करेंगे।

पहले जारी हुआ था ये आदेश

आबकारी आयुक्त द्वारा जारी आदेश में साफकिया गया है कि अहाता संबंधी व्यवस्थापन की प्रक्रिया में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए अहातों के व्यवस्थापन में संबंधी निर्देश में बदलाव किया गया है। इस संबंध में 15 मार्च को जारी निर्देश में कहा गया था कि अहातों के लिए अनुज्ञप्तियों के आवंटन के लिए 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक निविदादाताओं के निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाएगी। ऑनलाईन पद्धति से प्राप्त निविदा निविदाओं में से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन समस्त जिलों में जिला कलेक्टोरेट में जिला कलेक्टर द्वारा 23 अप्रैल से सुबह 11 बजे से किया जाएगा।

अब हुआ ये संशोधन

आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा कलेक्टरों को भेजे गए संसोधित आदेश में कहा गया है कि अहातों की अनुज्ञप्तियों के आवंटन के लिए 12 अप्रैल से 25 अप्रैस तक निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किए जाएंगे। ऑनलाइन पद्धति से प्राप्त निविदा, निविदाओं में से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन जिला रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, दुर्ग, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, सारंगगढ़-बिलाईगढ़,जाजंगीर चांपा, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, गौरेला पेंड्रा मरवाही, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, सूरजपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सुकमा, बीजापुर के जिला कलेक्टोरेट में जिला कलेक्टर द्वारा 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे से किया जाएगा। जिला राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, महासमुंद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कबीरधाम, मोहला-मानपुर - अंबागढ़ चौकी, कांकेर, कोंडागांव, एवं गरियाबंद में अनुज्ञप्तिधारियों का चयन 29 अप्रैल को 11 बजे से किया जाएगा।

आईपीएल सट्टे की खाईवाली करने वाला बंदी गिरफ्तार

- **खम्हारडीह थाना पुलिस की कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल में चल रहे क्रिकेट मैच गुजरात टाइटंस और राजस्थान रायल्स के मुकाबले में सट्टे की खाईवाली करने वाले बदमाश को खम्हारडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को भावना नगर के पहले पकड़ा गया। मोबाइल की जांच करने पर ऑन लाइन आईडी से सट्टा कारोबार का खुलासा हुआ।

खम्हारडीह थाना पुलिस ने बताया थाना क्षेत्र में अडडेबाजों, चाकूबाजों और जुआ-सटटा पर नकेल कसने लगातार कार्रवाई जारी है। इलाके में संदिग्ध लोगों की पड़ताल करने पर सौरभ मिश्रा निवासी भावना नगर के सट्टा कारोबार को अंजाम देने के बारे में पता चला। वह गुजरात टाईटंस व राजस्थान रायल्स के बीच मैच में सटटा खिला रहा था। इसकी सूचना मिलते ही बुधवार की रात उसे पकड़ा गया। उसके कब्जे से 01 नग वीवो कम्पनी का मोबाईल जब्त किया गया। उसकी जांच करने पर सट्टा पट्टी का हिसाब मिला। नगदी रकम 1420 रुपये भी बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी श्रुति सिंह, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र ध्रुव, सचिन पाण्डेय की अहम भूमिका रही।

भारतीय जनता पार्टी कहती है- भ्रष्टाचार मिटाओ भूपेश व कांग्रेस नेता कहते हैं- भ्रष्टाचारी बचाओ

- **कांग्रेस के कई नेताओं ने अपनी ही सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए उस पर भूपेश मौन क्यों है: संजय**

रायपुर।नवप्रदेश। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा जब-जब भ्रष्टाचार पर संलिप्त लोगों पर केंद्रीय जाँच एजेंसियों ने कार्रवाई की है, भूपेश बघेल और कांग्रेस को इससे बेहद दर्द होने लगता है क्योंकि भ्रष्टाचार के इन मामलों में उनकी कहीं-न-कहीं संलिप्तता है। अब तक कांग्रेस के सत्ताधीशों और नेताओं ने उन लोगों की गिरफ्तारी पर खूब शोर मचाया, जिन लोगों ने जनता का धन लूटा, जनता का हक मारा, छत्तीसगढ़ की सम्पदा लूटी। ऐसे लोगों की गिरफ्तारी पर चिल्लाहट मचाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो इन

आरोपियों को निर्दोष बताकर क्लीन चिट तक दे दी थी। भूपेश सरकार के खिलाफजितने भी मामले हैं, उनमें किसी भी आरोपित को जमानत तक सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिल पा रही है। इन मामलों का 'पॉलिटिकल मास्टर' कौन है, अब यह सबको पता चल गया है। भूपेश बघेल प्रदेश को बताएँ कि क्या कारण है कि बड़े-बड़े वकीलों की भारी भरकम फौज, जिसने आतंकवादियों को बचाने के लिए उन मामलों में देर रात तक कोर्ट तक खुलवा ली, पूर्व मुख्यमंत्री की तत्कालीन उपसचिव सौम्या चौरसिया की जमानत तक नहीं करा पा रही है। उल्टे, अब तो जमानत मांगने पर इनके लोगों पर मा.कोर्ट जुर्माना तक ठोक रहा है। हाल ही में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर एक लाख का जुर्माना मा.कोर्ट ने लगाया है।

हार की बौखलाहट में भाजपा नेता विपक्षी नेताओं के लिए अनिष्ट की कामना कर रहे

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने मंत्री केदार कश्यप के बयान की निंदा करते हुए कहा मोदी की सभा फैल होने और बस्तर लोकसभा सीट में भाजपा की करारी हार के स्पष्ट संकेत को देखते हुए भाजपा नेता बौरा गये हैं। केदार कश्यप के बयान ÷4 जून को कांग्रेस का अंतिम संस्कार÷ से मोदी परिवार का संस्कार व सोच सामने आया है. क्या मोदी परिवार का यही संस्कार है कि विपक्षी दल के नेताओं के लिए अनिष्ट की कामना करना? भाजपा राजनीतिक तौर पर कांग्रेस और कवासी लखमा का मुकाबला नहीं कर पा रही है। इसलिए इस प्रकार से अनिष्टकारी बयान देकर विपक्षी दल के प्रति अपनी

दुर्भावना को प्रदर्शित कर रहे हैं। यह बेहद आपत्तिजनक है। केदार कश्यप की इस बयान की कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है. केदार कश्यप के इस बयान के लिए भाजपा को माफी मांगना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेता मोदी सरकार के 10 साल की उपलब्धि बताने में नाकाम है। मोदी सरकार के कारण देश का हर वर्ग हताश और परेशान है। ऐसे में भाजपा नेताओं के द्वारा फैलाई जा रही रायता झूठ और जुमला को जनता समझ चुकी है। और जनता केंद्र में बदलाव के मूड में है बस्तर में फिर कांग्रेस के सांसद बनने जा रहा हैं और भाजपा नेता आप खो रहे हैं।

पॉलिथीन रोकथाम के लिए थैला का वितरण

रायपुर।नवप्रदेश। धरा फउंडेशन द्वारा रायपुर के डंगनिया सब्जी बाजार में पॉलिथीन की रोकथाम के लिए थैला वितरण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयास के साथ साथ जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

देसंविवि पहुंचे सीएम धामी

हरिद्वार/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देवसंस्कृति विश्वविद्यालय पहुंचे। विवि में प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यज्ञोपैथी रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया। प्रतिकुलपति ने बताया कि यज्ञोपैथी रिसर्च सेंटर में विभिन्न बीमारियों के उपचार के संबंध में शोध किया जाएगा। अब तक किए गए शोधों में अनिद्रा, रक्तचाप, मानसिक आदि बीमारियों में यज्ञोपैथी एक कारगर चिकित्सा पद्धति साबित हुई है।

उन्होंने बताया कि बीमारियों के अनुसार विभिन्न औषधीय जड़ी-बूटियों के मिश्रण से हवन सामग्री बनाई गयी हैं। उन्होंने बताया कि इन हवन सामग्रियों के मिश्रण द्वारा यज्ञ करने से आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने एशिया के प्रथम बाल्टिक सेंटर सहित विवि के विभिन्न प्रकल्पों-स्वावलंबन कार्यशाला एवं कागज लघु उद्योग का अध्ययन किया। प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य के विकास की प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विवि द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की सराहना की।

आध्यात्मिक ज्ञान संपदा का सर्वोच्च शिखर है भारत: डॉ. चिन्मय पण्ड्या

- **देसंविवि में अतंरराष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत योग महोत्सव का आयोजन**

हरिद्वार/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत देव संस्कृति विश्वविद्यालय में योग महोत्सव (योगाभ्यास प्रोटोकॉल) का आयोजन आयुष मंत्रालय (भारत सरकार), मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान और देवसंस्कृति विवि के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या एवं उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री द्वारा दीप प्रज्वलन एवं देसंविवि के कुलगीत से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री ने कहा कि योग का अर्थ है अनुशासन। अपने जीवन में अनुशासन को लाना ही योग है। उन्होंने कहा कि चित्त की वाह्यमुखी

एवं अंतर्मुखी ये दो वृत्तियां होती हैं। इन दोनों पर नियंत्रण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एकाग्रता अत्यंत आवश्यक है, जब हम एकाग्र होते हैं, तभी परम सुख की अनुभूति होती है।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि हमारा मूल भाव बाहर शरीर में नहीं, इसके अंदर प्रवाहित हो रही भाव चेतना, प्राण चेतना में है, उस प्राण को पोषण देने का कार्य योग करता है। उन्होंने कहा कि जिसने अपने अंदर के कर्म शुद्ध कर लिया और मन को शांत कर लिया, वही बाहर की परिस्थितियों को सही करने की भी क्षमता रखता है। योग मात्र बीमारियां ठीक नहीं करता, बल्कि परम शांति भी प्रदान करता है, इसलिए भारत को आध्यात्मिक ज्ञान संपदा का सर्वोच्च शिखर कहते हैं। जीवन के मूल ध्येय, आधार और केंद्र की ओर दृष्टि लौटाने का विज्ञान ही योग का विज्ञान है। मनुष्य में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्ग का अवतरण के पीछे का जो मंत्र है, वही योग है। इस अवसर पर देसंविवि के उच्च प्रशिक्षित योगाचार्यों ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया। देसंविवि एवं अन्य विद्यालयों से आये हजारों विद्यार्थियों, आचार्य एवं अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्ण योगाभ्यास किया। योगाभ्यास क्रम में शिथिलीकरण, ग्रीवा चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, वक्रासन, शशांक आसन, उत्तानमंडूक आसन जैसे कई आसानों का अभ्यास कराया गया। साथ ही इन सभी योगासनों से होने वाले लाभों के विषय में भी बताया गया।

समापन से पूर्व भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के साथ ही विश्व भर में जन-जन तक योग को पहुंचाने के संकल्प लिए गए। प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने मुख्य अतिथि प्रो. शास्त्री को स्मृति चिन्ह एवं परम पूज्य गुरुदेव द्वारा रचित वांगमय आदि भेंटकर सम्मानित किया। देसंविवि के योगाचार्य डॉ. कामता प्रसाद साहू एवं डॉ. ज्योति मालवी ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास प्रोटोकॉल सम्पन्न कराया।

साधनाकाल में संतों के सत्संग का विशेष महत्व

हरिद्वार/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि साधनाकाल में संतों के सत्संग का विशेष महत्व है। सत्संग से भक्ति का जागरण होता है। सच्चे संतों का सत्संग पारस समान है, वे स्वयं कष्ट सहकर दूसरों की समस्याओं को दूर करने का प्रयत्न करते हैं। प्रसिद्ध आध्यात्मिक चिंतक डॉ. पण्ड्या गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के मुख्य सभागार में श्रीरामचरित मानस में माता शबरी की योगसाधना विषय पर कहा कि सच्चे संत का चरित्र व व्यवहार उत्तम होता है।

वे अपने निकट आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को जीवन, चरित्र व व्यवहार निर्माण का उपदेश देते हैं। वे सर्वत्र समान दृष्टि रखते हैं। गायत्री साधना के साथ संतों का सत्संग जीवन को उत्कर्ष की ओर बढ़ाने में सहायक है। मानस मर्मज्ञ डॉ पण्ड्या ने कहा कि गायत्री महामंत्र के जप से सद्बुद्धि आती है और सत्संग से सत्कर्म करने की प्रेरणा जागृत होती है।

उन्होंने कहा कि माता शबरी ने अपने सद्गुरु के बताए नियमों का पालन करते हुए कई दशकों तक एकनिष्ठ होकर प्रभु की साधना की। इस अवसर पर श्रीरामचरित मानस के विभिन्न दोहों, चौपाइयों के माध्यम से माता शबरी के विविध प्रसंगों का उल्लेख किया। इससे पूर्व संगीत विभाग के कलाकारों ने साधकों के साधनात्मक मनोभूमि को ऊँचा उठाने वाला प्रेरक गीत राम और श्रीराम एक हैं, दुनिया जान न पाई प्रस्तुत किया। इस अवसर पर देश विदेश के हजारों साधकों के अलावा शांतिकुंज के अंतेवासी कार्यकर्ता भाई बहिन उपस्थित थे।

सुविचार

लक्ष्य बड़ा हो तो असफलता से न डरें। याद रखें बड़ी खाई को छोटी छलांग से पार नहीं किया जा सकता। - अज्ञात

आम आदमी पार्टी में भी टूट का खतरा

आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद ने मंत्री पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि आम पार्टी अपने लक्ष्य से भटक गई है। पार्टी ने दलितों की उपेक्षा की है। जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी खड़ी हुई थी। आज उसी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य नेता भ्रष्टाचार के आरोप में घिर गए हैं। ऐसी स्थिति में वे पार्टी में रहना उचित नहीं समझते क्योंकि वे भ्रष्टाचार के पक्षधर नहीं हैं। राजकुमार आनंद के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए आम पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा है कि राजकुमार आनंद के इस्तीफे से यह साबित हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी आप को खत्म करने के इरादे से ही अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए हुए हैं। भाजपा का उद्देश्य नहीं दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को गिराना है। गौरतलब है कि हाल ही में पंजाब से आम आदमी पार्टी के इकलौते सांसद ने भी आम आदमी पार्टी से किनारा कर भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा नेताओं का दावा है कि नई दिल्ली के कई और आम आदमी पार्टी के विधायक पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं। ऐसे में अब यह संभावना प्रबल हो रही है कि आम आदमी पार्टी में भी टूट हो सकती है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आप मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं। पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी लगभग एक साल से शराब घोटाले के आरोप में जेल में ही हैं। ऐसी स्थिति में पार्टी को एकजुट रखना आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं के लिए असंभव नहीं तो बेहद मुश्किल काम जरूर है। वैसे शराब घोटाले में ही गिरफ्तार किए गए आम आदमी पार्टी के नेता और सांसद संजय सिंह सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर छूट चुके हैं और उन्होंने पार्टी को एकजुट रखने के साथ ही केन्द्र सरकार के खिलाफ मोर्चा भी खोल रखा है। आम आदमी पार्टी के कम से कम चार और नेता पर भी तलवार लटकी हुई है। नई दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने तो इस बात का खुलासा करते हुए दावा किया था कि ईडी उनके सहित चार और नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है और उन्हें जेल भेजा जा सकता है। इधर अरविंद केजरीवाल जेल जाने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। संजय सिंह के मुताबिक वे जेल में रहकर ही सरकार चलाएंगे। हालांकि ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। किसी मुख्यमंत्री को जेल भेजे जाने पर उसे इस्तीफा देना आवश्यक हो। किन्तु जेल से सरकार चलाना भी आसान नहीं है। ऐसी स्थिति में जब कि आम आदमी पार्टी के कुछ और मंत्रियों की गिरफ्तारी की आशंका व्यक्त की जा रही है तो पार्टी के विधायकों में असंतोष उभरना कोई हैरत की बात नहीं हैं। अभी तो एक ही मंत्री राजकुमार आनंद ने पार्टी छोड़ी है। आगे चलकर पार्टी के कुछ और विधायक पार्टी से किनारा कर ले तो ताज्जुब नहीं होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवल कब तक जेल में रहेंगे यह तय नहीं है। हाईकोर्ट ने तो उनकी याचिका खारिज कर दी है सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इंकार कर दिया है। 15 अप्रैल को उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट यदि उनके पक्ष में फैसला नहीं देता तो अरविंद केजरीवाल को भी लंबे समय तक जेल में रहना पड़ेगा और इतनी लंबी अवधि तक पार्टी को एकजुट बनाए रखना संजय सिंह, आतिशी और सौरभ भारद्वाज जैसे नेताओं के लिए आसान नहीं होगा।

तेजस्वी के वायरल वीडियो को लेकर बवाल

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चुनाव प्रचार के दौरान हेलीकाप्टर पर मछली खाते हुए अपना जो वीडियो सोशल मीडिया में डाला है उसे लेकर बवाल मच गया है। नवरात्रि के दिन ऐसा वीडिया वायरल होने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेताओं ने तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय जनता दल पर जमकर निशाना साधा है और उन पर सनातन धर्म को मानने वाले लोगों की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। इस वायरल वीडियो को लेकर मचे बवाल के बाद राष्ट्रीय जनता दल ने सफाई दी है कि यह मछली खाने वाला वीडियो नवरात्रि के पहले का है। यदि यह बात सही भी है तो भी यह सवाल तो उठता है कि ऐसा वीडियो चैत्र नवरात्रि के पहले दिन ही क्यों वायरल किया गया। उल्लेखनीय है कि इसके पहले सावन के महीने में भी लालू प्रसाद यादव के घर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मटन बनाने वाला वीडियो वायरल किया गया था। उस समय भी भाजपा नेताओं ने लालू यादव और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा था और यह आरोप लगाया था कि ये जानबूझकर सावन के पावन महीने में वीडियो डाला गया है ताकि सनातनियों की भावनाएं आहत हों। सावन के महीने में और नवरात्रि पर्व के दौरान पूरे नौ दिनों तक ऐसे हिंदू जो मांसाहारी हैं वे भी नवरात्रि और सावन में मांसाहार का उपयोग नहीं करते। यह बात लालू यादव और उनके पुत्र तेजस्वी यादव को तो मालूम ही होगी। इसके बावजूद उनके द्वारा मटन और मछली खाने के वीडियो वायरल करना वाकई हैरत की बात है और इसे लेकर विवाद खड़ा होना भी स्वभाविक है। यह ठीक है कि सभी को अपने खान पान में शाकाहार या मांसाहर करने की छूट है। इस पर कोई रोक-टोक नहीं हैं। इसके बावजूद हिन्दुओं की आस्था से जुड़े पर्वों के दौरान तो कम से कम राजनीतिज्ञों को ऐसे पोस्ट डालने से परहेज करना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

समय की पाबंदी

बात साबरमती आश्रम में गांधी जी के प्रवास के दिनों की है। एक दिन एक गाँव के कुछ लोग बापू के पास आए और उनसे कहने लगे, बापू कल हमारे गाँव में एक सभा हो रही है, यदि आप समय निकाल कर जनता को देश की स्थिति व स्वाधीनता के प्रति कुछ शब्द कहें तो आपकी कृपा होगी। गांधी जी ने अपना कल का कार्यक्रम देखा और गाँव के लोगों के मुखिया से पूछा, सभा के कार्यक्रम का समय कब है? मुखिया ने कहा, हमने चार बजे निश्चित कर रखा है। गांधी जी ने आने की अपनी अनुमति दे दी। मुखिया बोला, बापू मैं गाड़ी से एक व्यक्ति को भेज दूँगा, जो आपको ले आएगा। आपको अधिक कष्ट नहीं होगा। गांधी जी मुस्कराते हुए बोले, अच्छी बात है, कल निश्चित समय मैं तैयार रहूँगा। अगले दिन जब पौने चार बजे तक मुखिया का आदमी नहीं पहुँचा तो गांधी जी चिंतित हो गए। उन्होंने सोचा अगर मैं समय से नहीं पहुँचा तो लोग क्या कहेंगे। उनका समय व्यर्थ नष्ट होगा। गांधी जी ने एक तरीक़ा सोचा और उसी के अनुसार अमल किया। कुछ समय पश्चात मुखिया गांधी जी को लेने आश्रम पहुँचा तो गांधी जी को वहाँ नहीं पाकर उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ।

आज का पंचांग

सूर्योदय:06:08, सूर्यास्त:06:40, चन्द्रोदय:07:33, चन्द्रास्त:21:53, अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु:वसंत, शक सम्वत:1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (काल), मास चैत्र, पक्ष शुक्ल, तिथि चतुर्थी, नक्षत्र रोहिणी, योग आयुष्मान, प्रथम करण गर (15:03 तक), द्वितीय करण वणिज (26:02 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य-मीन, चंद्र-वृष (08:43 से) मंगल-कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी) बुध-मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र-मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु-मीन, केतु-कन्या ।

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (दही का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम रोहिणी नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (ओ, वा, वी, वू) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

राजीव खंडेलवाल

लेवल प्लेइंग फील्ड" की नीति का पालन नहीं: भाजपाईयों पर भ्रष्टाचार की कार्रवाई न होने से विपक्षी नेताओं के विरूद्ध की जा रही भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई इन भ्रष्ट विपक्षी नेताओं को स्वयमेव ईमानदार नहीं बना देती है। ईडी के छापों के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज, चल व अचल संपत्ति अधिकांश मामलों में मिली है, जिस कारण से अधिकांशः आरोपियों को जमानत भी नहीं मिली है। कानून का यह सिद्धांत है कि हत्या के एक आरोपी के खिलाफकार्रवाई न होने पर या न्यायालय द्वारा दोष मुक्त कर दिये जाने पर दूसरी हत्या के आरोपी को उक्त उदाहरण के हवाले मात्र से स्वयमेव मुक्ति नहीं मिल जाती है। बल्कि उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत स्वयं को निर्दोष सिद्ध करना ही होता है। हां एक बात जरूर है कि इस चुनावी समर में चुनाव आयोग के समान अवसर (लेवल प्लेइंग फील्ड) के सिद्धांत व नीति का घोर उल्लंघन होता हुआ स्पष्ट रूप से दिखता है। जब सिर्फविपक्ष के खिलाफही चुनाव के दौरान छापे मारे जाते है, गिरफ्तारियों की जाती है, एक भी भाजपा नेता पर नहीं! भ्रष्टाचार पर कांग्रेस की "प्रभावशाली" कार्रवाई नहीं: कांग्रेस को तो भाजपा नेतृत्व को इस बात के लिए अवश्य धन्यवाद देना ही चाहिए कि भाजपा ने उसके भ्रष्ट नेताओं को पार्टी में लेकर कांग्रेस को भ्रष्ट नेताओं से मुक्त कर महात्मा गांधी की उस ईमानदार कांग्रेस पार्टी की और मोड़ दिया है, जो सत्ता वापसी के लिए लालाहित है। कांग्रेस भ्रष्ट कांग्रेसियों से मुक्ति का कार्य न तो स्वयं कर पा रही थी और न ही करने में सक्षम हैं। विपरीत इसके वह उन्हें भ्रष्ट मानने में भी परहेज करती थी, जब तक वे कांग्रेस में थे। कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार के आधार पर आज तक किसी नेता को पार्टी से निष्कासित नहीं किया है। हां आम आदमी पार्टी ने पंजाब में जरूर भ्रष्टाचार के मामले में मंत्री को बर्खास्त किया। "दांत टूटा सांप ज्यादा फूंफूंकरता है ना"। कांग्रेस ने इन नेताओं को भ्रष्ट तभी माना, जब वे लोग भाजपा में गए।

कांग्रेस 'मुक्त' भारत तो नहीं, कांग्रेस 'युक्त' भाजपा अवश्य

कांग्रेस "मुक्त" भारत का नारा 2013 :- देश की जन मानस को अच्छी तरह से याद है, लोकप्रिय प्रधानमंत्री का वह बहुचर्चित प्रचारित नारा-:'कांग्रेस मुक्त भारत'! वर्ष 2013 में नरेन्द्र मोदी जिन्हें वर्ष 2014 में होने वाले लोकसभा के आम चुनाव के लिये, भाजपा नेतृत्व ने चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाया गया था, ने तब यह कहा था कि मेरा सपना कांग्रेस मुक्त भारत निर्माण का पूरा होना चाहिए। वर्ष 2018 में उन्होंने इस आगे स्पष्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत के नारे से मतलब कांग्रेस को राजनीतिक रूप से समाप्त करने से नहीं है, बल्कि देश को कांग्रेस संस्कृति से मुक्त कराने के साथ ही स्वयं कांग्रेस को भी अपनी संस्कृति से मुक्त होने से है, जो देश हित में स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी हैं। आखिरकार कांग्रेस की संस्कृति हैं क्या? जवाब यही मिलेगा! 'भ्रष्टाचार के कंठ में गले तक डूबी हुई संस्कृति नहीं कृति'।

महात्मा गांधी का सपना "कांग्रेस को भंग" कर देना चाहिए: वर्ष 1948 में पंडित नेहरू के कार्यकाल के "जीप खरीद घोटाला" जिसमें केंद्रीय मंत्री के. कृष्ण मेनन को इस्तीफा तक देना पड़ा था, से लेकर 2013 तक यूपीए सरकार में कई कांडों, धोटालों की भरमार रही, जिसके कारण ही अन्ना का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन भी हुआ। वर्ष 2019 में संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहा था कि 'कांग्रेस मुक्त' का नारा मेरा नहीं बल्कि 'महात्मा गांधी का एक सपना था' और उनके प्रति श्रद्धांजलि के बतौर यह कार्य "पूरा करना' ही करना है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि अंबेडकर ने भी यह कहा था कि कांग्रेस में शामिल होना, आत्महत्या करने के समान है। परन्तु 10 साल के भाजपा शासन काल के बावजूद अभी तक यह संभव नहीं हो पाया है और न ही भविष्य में होने की संभावनाएं दूर-दूर तक दिखती प्रतीत होती हैं।

कांग्रेस "युक्त" भाजपा 2024:- भाजपा ने शायद इसीलिए वर्ष 2013 की अपनी कांग्रेस मुक्त भारत की नीति में परिवर्तन किया, और 2024 के आते-आते कांग्रेस मुक्त भारत की जगह "कांग्रेस युक्त भाजपा" की ओर तेजी से कदम बढ़ाने की कार्य योजना बनाई गई हैं, जो तेजी से सफ्लता के कदम भी चूम रहीं हैं। बगैर किसी तकल्लुफ के क्योंकि "तकल्लुफ में है तकलीफसरासर"। इसके लिए "बीच भंवर में तिनके का सहारा ढूंढ़ते" कांग्रेसियों को भाजपा में लाने के लिए न केवल (स्पेशल सेल) ज्वाइनिंग कमेटी कई राज्यों से बनाई गई हैं, बल्कि 45वें स्थापना दिवस के दिन मध्य प्रदेश में ही एक लाख कांग्रेसियों को भाजपा में लाने का लक्ष्य भी रखा गया था। दल-बदल विरोधी कानून होने के बावजूद "एडीआर" की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2014 से 2021 तक विधायक-सांसद स्तर के 426 नेताओं ने बीजेपी का दामन थामा है, जिनमें कांग्रेस के 10 पूर्व मुख्यमंत्री (अभी तक) शामिल है। वैसे सोशल मीडिया में इस संबंध में इस कदम पर एक चुटकी अवश्य ली जा रही है कि इन "फूल छाप कांग्रेसियों" को भाजपा में लाने की आवश्यकता ही क्या है? जब पहले से ही 50-60 प्रतिशत ऐसे कांग्रेसी भाजपा के लिए कार्य कर रहे थे। क्योंकि पार्टी में लाने के बाद तो उनमें से कुछ एक को तो पदों पर नवाजना भी पड़ेगा और इस कारण से भाजपा के "हकदार" कार्यकर्ताओं का 'वैद्य' हक समाप्त होगा। जैसा कि वर्तमान में 7 राज्यों की भाजपा की कमान दल-बदलुओं के पास है।

कमल छाप साबुन के साथ भाजपा की वाशिंग मशीन- भाजपा ने सभी कांग्रेसियों को भाजपा में लाने की जो नीति बनाई है, उसकी सफ्लता और नैतिकता पर कोई प्रश्नचिन्ह न लगे, इसके लिए यह आवश्यक हो गया था कि पार्टी में आने

वाले कांग्रेसी जो भ्रष्टाचार की जन्मदाता व पर्यायवाची कांग्रेस के होने से अधिकांशतः भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, को भ्रष्टाचार के ऊपरी आवरण से मुक्त कर दिया जाए, तब भाजपा को इन्हें लेने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसीलिए 'कमल छाप साबुन के साथ भाजपा की वाशिंग मशीन' में इन भ्रष्ट कांग्रेसियों को धोकर स्वच्छ कर शामिल किया जा रहा है। इस वाशिंग मशीन का 'डेमो' प्रदर्शन प्रेस वार्ता के माध्यम से टीवी चैनलों पर न केवल कांग्रेस दिखा रहीं है, बल्कि पूरा विपक्ष एक आवाज में इस मुद्दे को उठा भी रहा है। परन्तु अनजाने में बच के इस कथन का एक मतलब तो यही निकलता है कि विपक्ष स्वयं यह मानता है कि भाजपा वह संस्कृति वाली पार्टी है, जहां भ्रष्टाचार का नहीं बल्कि ईमानदारी का बोलबाला है, जो भ्रष्ट आदमी को सुधार कर ईमानदार बना देती है, भले ही उनका 'तन मोर सा, लेकिन मन चोर सा हो'।

मोदी की भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गारंटी- भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार यह कहते थकते नहीं हैं कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। इस पर वे पूर्णतः अमल भी कर रहे हैं। "भ्रष्टाचारियों से मोदी ड़रने वाला नहीं हैं"। एक-एक भ्रष्टाचारी को जेल की सलाखों के पीछे भिजवाने का कथन भी न केवल वे बार-बार कह रहे हैं, बल्कि भिजवा भी रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का वह कथन आज भी सबके सामने है कि हम दिल्ली से 100 पैसे भेजते हैं, पर उसमें से 15 पैसे ही जनता तक पहुंच पाते हैं, अर्थात 85 प्रतिशत का भ्रष्टाचार कांग्रेस शासन काल का प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वयं स्वीकारा था।

कानून अपना काम कर रहा हैः-इसमें कोई शक नहीं है कि भाजपा की वाशिंग मशीन में इन भ्रष्ट कांग्रेसियों को डाला अवश्य गया है, परंतु मशीन से निकलने के बाद अर्थात भाजपा में शामिल होने के बाद देश के किसी भी भाजपाई नेता ने न तो यह दावा किया है और न ही यह प्रमाण पत्र दिया है कि जिन भ्रष्ट कांग्रेसियों को पार्टी में शामिल किया है, वे सब ईमानदार हो गए हैं या उन पर भाजपाईयों द्वारा भ्रष्टाचार के जो आरोप पहले लगाए थे, वे सब झूठे या गलत थे। बल्कि भाजपा का इन भ्रष्ट कांग्रेसियों को पार्टी में शामिल करने के संबंध में स्टैंड यही रहा है कि यदि वे भ्रष्टाचारी हैं, उनके खिलाफआरोप है, मुकदमा चल रहा है, तो वह चलेगा। "कानून अपना काम करेगा"। हमने कानून की प्रक्रिया में कोई अड़ंगा नहीं डाले हैं। जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ना जांच एजेंसियों का काम है, सजा देना न्यायालय का काम है, हमारा नहीं। यदि किसी को भी यह लगता है कि भाजपा में शामिल हुए इन नेताओं के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं हो रही है, तो वह न्याय पाने के लिए न्यायालय में जाने के लिए स्वतंत्र है।

एक तरफा विपक्षी नेताओं पर ईडी की कार्रवाईः- कहते है कि ना "ताड़ने वाले भी कयामत की नजर रखते हैं"। अतः खोजी पत्रकारिता के लिए जाने वाला अंग्रेजी समाचार पत्र इंडियन एक्सप्रेस की यह रिपोर्ट सबको जरूर पढ़नी चाहिए, जहां उसने ईडी के छापे के संबंध में एक अध्ययन कर यह विवेचना की है कि पिछले 10 वर्षों में जो 25 विपक्षी नेता ईडी का छापा पड़ने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे, उनमें से 20 मामलों में कारवाई शिथिल हो गई है, ठंडे बस्ते में चली गई हैं, अथवा नहीं हो रही है। तीन मामलों में खात्मा रिपोर्ट प्रस्तुत कर प्रकरण बंद कर दिये गये। 'दाई से पेट नहीं छिपता', मात्र दो प्रकरणों में ही कार्रवाई आगे बड़ी है। ई.डी. (प्रवर्तन निदेशालय) ने पिछले 9 वर्षों में 21 दलों के 122 राजनीतिक नेताओं पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किये गये है, जिनमें से 95 प्रतिशत से अधिक प्रकरण सिर्फविपक्षी नेताओं पर है। इससे भाजपा का यह दावा तथ्यात्मक रूप से धरातल पर गलत सिद्ध होता है कि जांच एजेंसीज अपना काम "स्वतंत्र रूप से" कर रही हैं। तकनीकी रूप से यह सही हो सकता है, परंतु व्यवहार में यह आईने सामान स्पष्ट है कि "पिंजरे में बंद तोते की मानिंद" केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किस तरह से हो रहा है।

आज का इतिहास

2014 में आज ही के दिन मशहूर गीतकार गुलजार को 2013 के लिए दादासाहब फालके पुरस्कार दिया गया था। 2013 में 12 अप्रैल के दिन ही फ्रांस की सीनेट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता दी थी। 2009 में आज ही के दिन जिम्बाब्वे ने अपनी आधिकारिक मुद्रा 'जिम्बाब्वे डॉलर' का त्याग किया था। 2007 में 12 अप्रैल के दिन ही पाकिस्तान ने ईरान गैस पाइनलाइन पर भारत को मंजूरी दी थी। 2006 में आज ही के दिन साइप्रस के राष्ट्रपति तसोस पापादोलस 6 दिवसीस यात्रा पर भारत पहुंचे थे। 1998 में 12 अप्रैल के दिन ही गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल के नए प्रधानमंत्री नियुक्त हुए थे। 1992 में आज ही के दिन हैदराबाद के हुसैन सागर झील में विशालकाय बुद्ध प्रतिमा स्थापित की गई थी। 1991 में 12 अप्रैल के दिन ही खाड़ी युद्ध औपचारिक रूप से खत्म हो गया था। 1981 में आज ही के दिन अंतरिक्ष यान कोलंबिया पहली बार प्रक्षेपित किया गया। 1978 में 12 अप्रैल के दिन ही भारतीय रेलवे के 125 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश की पहली डबल डेकर ट्रेन सिंहगढ़ एक्सप्रेस बांबे (अब मुंबई) के विक्टोरिया टर्मिनल से पुणे तक चलाई गई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आदमी बनता रहा लाजवाब, कुदरत करने लगी

आदमी बनता रहा लाजवाब, कुदरत करने लगी हालत ख़राब औकात पर ले आएगी कुदरत, बस जरा-सा सब्र रखिए जनाब नापने शुरू कर दिये हैं उसने, आदमी के क़द मसीहा देखो वक़्त है सुधरो सिरफिरो, लाज़िमी है कहना पड़ेगा फिर सलाम। **केदार नाथ शब्द मसीहा**

धरती का सीना चीर किसान पीला

धरती का सीना चीर किसान पीला सोना उगाता है। तन के पसीना बहा के किसान रक्ता को पानी बना फसलें उगाता है। खेतों में खड़े फसलों की बालियां हवा में समृद्धि की गाना सुनाती है।

धीरज सिंह ध्रुव

ख़ास पाती | नारी नारी, नारी है क्योंकि वह

नारी नारी, नारी है क्योंकि वह पुरुष नहीं हो सकती नारी नारी है अलग अलग विचार धाराओं में घिरी हुई कुछ लाँघ जाती हैं दीवारें शर्म की और समझने लगती हैं खुद को पुरुष पर न वो पुरुष है और न बन सकती हैं हाँ, नारी, नारी है क्योकि वह सकुचाती है महफिल में ऊँचा बोलने से नारी, नारी है क्योकिं आज भी आधुनिक होते हुए बंधी है वह कुछ जरूरी परम्पराओं से और निभाती है उन्हें लम्बे ब्रत रखकर नारी, नारी है क्योकि चाहती है लांघना हर दीवार पर कहीं न कहीं रोक ही देती उसकी अंतरात्मा नारी, नारी है क्योंकि खुद दुःख झेल रोप ही देती है परिवार के पौधे को और निभा ही लेती हैं कशमकश में अपना जीवन! **सीमा राय द्विवेदी**

माँ तेरे दरबार में माँ तेरे दरबार

माँ तेरे दरबार में माँ तेरे दरबार में चढ़े नारियल फूल। शंख बजे दोनों पहर मिटते दुख के शूल। मिटते दुख के शूल नार क्यों फिर दुखियारी, कन्या तेरा रूप लगे क्यों घर को भारी। कहे इन्दु कर जोड थमे कहां वह अवतार ले कर यही पुकार मैं माँ तेरे दरबार। **रानी इन्दू**

जो कहने से बचते हैं चेहरे

जो कहने से बचते हैं चेहरे चुगली करते है। कितने सारे सपने हैं आँखों में ही पलते है। गुमसुम ही रहते हैं पर नजरों में रखते हैं। हंसी होठों पर रहते हैं संग ही आँखे बहते है। दर्द एक ही होते हैं काँटों जैसा चुभते हैं। ज़ीस्त के सफर में उबड़-खाबड़ रास्ते हैं। अंधेरों से जो लड़ते हैं जुगनू बनकर जलते है। दिल में वही बसते हैं होते मन के अच्छे हैं। **सपना चन्द्रा**

ज़िन्दगी सब ग़म यहीं पर छोड़कर

ज़िन्दगी सब ग़म यहीं पर छोड़कर जाना यहाँ से। राहे-उल्फ़त में जहाँ को मोड़कर जाना यहाँ से।। इस गुज़रते वक़्त में मुस्तैद रहना ऐ मुसाफ़िर। ख़्वाब ग़फ़्लत में कभी मत तोड़कर जाना यहाँ से।। ये दरारें साजिशें बेचैन कर कहती यही हैं। हारना मत ऐ 'अधर' दिल जोड़कर जाना यहाँ से।। **शुभा शुक्ला मिश्रा**

नमामि मातु शारदे, विशिष्ट ज्ञान

नमामि मातु शारदे, विशिष्ट ज्ञान भाव दे, विशुद्ध शब्द व्यंजना द्य निनाद अर्थ रंजना। प्रबुद्ध शुद्ध कल्पना। विवेक बुद्धि चेतना। नमामि हंसवाहिनी। भजामि ज्ञानदायिनी। सु गीत भाव भार दे। प्रवीणता मराल दे। सु वेद छंद ज्ञान दे। सु भावना प्रधान दे। विराग राग सार दे। नमामि मातु शारदे।

राजकिशोर मिश्र 'राज'

अभी तक मेरे मन के द्वारा दो

अभी तक मेरे मन के द्वारा दो मूल विचार है ठीक ठीक जाने गए है एक ये कि इस संसार में कुछ भी स्थाई नही है दूसरा की इस ब्रह्मांड का एक भी कण मिटाया नही जा सकता तो क्या इसे ऐसे कहा जा सकता है कि हम परिवर्तनशील रूप में अनश्वर है। यदि हां तो मेरे कुछ स्पर्शो के हस्ताक्षर तुम्हारी देह पर रहे और कुछ भावो के हस्ताक्षर तुम्हारी चेतना पर। संभवतः ये दोनो रूप में साथ रहने का उपाय है स्थाई रूप से भी और अस्थाई रूप से भी। पते बदल सकते है पाती नही। **कुलदीप वर्मा**

QUIZ TIME

1) भारतीय क्षेत्र में स्थित दो ज्वालामुखी द्वीप का नाम क्या है?

2) सारण सिंचाई नहर किस नदी से निकलती है?

3) वर्तमान में भारत के किस स्थान को सफेद पानी के नाम से जाना जाता है?

4) आमतौर पर पेटेंट की अवधि कितनी होती है?

5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेना स्पेक्टाबिलिस क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बैरन एवं नारकोंडम (2) गंडक (3) सियाचिन (4) 20 वर्ष (5) ऑस्ट्रेलियाई आकासिया पेड़

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-बीते दिनों की अपेक्षा सुख-शांति से बितायेंगे। स्वाभाव में नरमी मतभेद सामान्य होंगे।

वृष-आज का दिन आपको शुभ फलों अथवा समाचारों की प्राप्ति कराएगा। दिन आज दिनभर प्रसन्नचित रहेंगे।

मिथुन-आज का दिन लगभग सभी कारणों से विपरीत फलदायक रहने वाला है। कार्य समय से पूरा नहीं कर पाने से नाराजगी झेलनी पड़ेगी।

कर्क-आपका आज का दिन आनंद दायक रहेगा। पूर्व में लिये निर्णय आज शुभ फल प्रदान करेंगे। परंतु धन लाभ के लिए आज थोड़ा परिश्रम करना पड़ेगा।

सिंह -आज के दिन रुके हुए कार्यो में गति आएगी। कार्य क्षेत्र पर आज होने वाली गतिविधियों की समीक्षा अवश्य करें गलतियों में सुधार होगा।

कन्या-आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज आपकी अथवा घर में किसी सदस्य की सेहत अकस्मात ख़राब होने या पुराने रोग के बढ़ने से भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

तुला-आपका आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। सेहत में गिरावट आने से कार्य के प्रति उत्साह कम रहेगा।

वृश्चिक-आज का दिन आपकी आशा से अधिक शुभ रहने से आश्चर्य चकित होंगे। घर एवं बाहर के वातावरण में शांति आएगी।

धनु-आज का दिन सामान्यतः शुभ फल देने वाला रहेगा। परंतु आज विलासी प्रवृति पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। सेहत में मामूली गिरावट अनुभव करेंगे।

मकर-बीते कल की तुलना में थोड़ी राहत प्रदान करेगा। धन का खर्च आय की तुलना में अधिक रहेगा फिर भी मानसिक रूप से दिन भर प्रसन्न रहेंगे।

कुंभ -आज का दिन श्रम साध्य रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में अनिर्णय की स्थिति रहेगी। स्वयं अथवा परिजन का ख़राब स्वास्थ्य भी चिंता का विषय बनेगा।

मीन -आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दिन भर मानसिक रूप से शांति अनुभव करेंगे ।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -024

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव फिराव वाला, आड़ा तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अभीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 023 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द		स	पू	त
ल		ब	ल	वा	न			द
म	ह	क		खा	म	खां		बी
ग्न		त	ल	ना		स	फ	र
	म	रा				ना	टा	
	हि		स				फ	न
	ला	ज	वा	ब		म	ट	र
मां		ग		सं	त	ति		भ
	मा	त	ह	त			प	क्षी

ईद मुबारक पर गले लगाकर बांटी खुशियां

नमाज अदा कर मांगी सबकी खुशहाली की दुआ

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में मुस्लिम समुदाय ने ईद का पर्व धूमधाम से मनाया। सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा कराई गई। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को त्योहार की मुबारकबाद दी। बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह दिखा। नए कपड़े पहनकर बच्चे भी बड़े-बुजुर्गों के साथ ईद की नमाज पढ़ते नजर आए।

सभी लोगों ने सामूहिक रूप से देश में शांति, सुकून और भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी। शहर के तमाम मस्जिदों में मुस्लिम अकीदतमंदों ने ईद की खास नजाम अदा की।

तीस दिन के कठिन रोजे के बाद ईद के दिन लोगों ने नमाज अदाकर प्रदेश की खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। रमजान-उल-मुबारक के मौके पर गुरुवार को मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। ईदगाह में सुबह से ही समुदाय के लोगों की भारी भीड़ रही। इस दौरान सभी एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। ईदगाह में सुब्हानिया अंजुमन कमेटी की ओर से दी गई ईद के नमाज की इमामत हजरत अल्लामा और मौलाना अल्हाज शाह शब्बीर अहमद नूरी ने की।

30 दिनों के रोजे के बाद ईद

रमजान के महीने में 30 दिन के रोजे के दौरान सूर्य उदय के पहले सहरी और सूर्यास्त से पहले इफ्तार होता है। इस बीच रोजेदार बिना कुछ खाए पिए रहते हैं। रोजे के दौरान नमाज अदा कर और कुरान पढ़कर रोजेदार इबादत करते हैं। इस पाक महीने में फितरा,जकात देकर गरीबों की मदद का रिवाज है। मुस्लिम धर्मावलंबी अपनी कमाई का ढाई फीसदी धन दान करते हैं। ईद के दिन सभी के घरों में शाही भोजन और सेवइयां बनाई जाती है। इसके बाद एक-दूसरे के घर जाकर मुंह मीठा कराया जाता है।

महिला से मारपीट कर रकम लूटने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। निशा खान निवासी टेबलर पारा दल्लीराजहरारा द्वारा 9 अप्रैल को अपने पति भुनेश्वर मानिकपुरी के साथ काम की तलाश में बिलासपुर में मोहम्मद रोशन होटल में गई थी जिसके मलिक मोहम्मद रोशन अपने साथी दिनेश के साथ मिलकर मारपीट किया और 4000 रुपए नगदी लूट लेने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि रिपोर्ट पर थाना तोरवा में अपराध क्रमांक 147/ 2023 धारा 394 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। इसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश कश्यप एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार को दी गई जिस पर तत्काल अज्ञात आरोपियों की पता तलाश कर धरपकड़ करने के निर्देश प्राप्त हुए जिसके परिपालन में थाना प्रभारी तोरवा के नेतृत्व में तत्काल टीम तैयार कर पतासाजी कर त्वरित कार्यवाही कर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो पूछताछ पर घटना दिनांक को जुर्म करना स्वीकार किये जिनके कब्जे घटना में लूटी गई रकम 2470 रुपए बरामद किया गया जाकर आरोपियों को गिरफतार कर रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक राहुल तिवारी, उपनिरीक्षक दिनेश पुरेना, कमल नारायण शर्मा ,प्रधान आरक्षक प्रमोद कसेर , आरक्षक लक्ष्मी कश्यप, अशोक चंद्राकर का सराहनीय योगदान रहा।

गांजा तस्करी के चार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) पूजा कुमार के द्वारा बिलासपुर जिले में मादक पदार्थ के व्यपार एवं नशे अंकुश लगाने हेतु आपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब, गांजा एवं अन्य मादक द्रव्य में संलिप्त अपराधियों पर सख्त कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया था। इसी तारतम्य में कल शाम को मुखबिर से सूचना मिलने पर 12 खोली हनुमान मंदिर के पास चार बाहरी व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा तस्करी कर बिक्रय करने हेतु टेन से बाहर जाने हेतु रेल्वे स्टेशन के तरफ जा रहे हैं सूचना पर तारबाहर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों में किशन कछवाहा पिता संजय कछवाहा उम्र 24 वर्ष निवासी राठी कालोनी लटकारी जबलपुर, हर्षित अग्रवाल पिता योगेश अग्रवाल उम्र 21 वर्ष निवासी जगदीश मंदिर गडा फाटक जबलपुर, शिवम केशरवानी पिता कमलेश केशरवानी उम्र 28 वर्ष निवासी शंकर श्री भंडार गडा फाटक रानी ताल जबलपुर, साहिल पटेल पिता प्रेम पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी सब्जी मंडी आटा चक्की लटकारी के पड़ाव थाना जबलपुर शामिल हैं। उक्त चारों आरोपियों के कब्जे से थैले में रखा कुल वजन 06.970 किलोग्राम गांजा कीमती 1,21000 रू. का जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20-बी के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपियों को को 19.20 बजे गिरफ्तार कर आज न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी तारबाहर निरीक्षक, अनिल अग्रवाल, उनि, श्रवण टण्डन, प्रफुल लाल, राहुल राजपूत, विरेन्द्र निषाद, प्रदीप जायसवाल एवं चंदन कुमार की विशेष भूमिका रही।

करदाताओं की सुविधा के लिए नया टैक्स कैलकुलेटर लांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। आयकर विभाग की तरफ से करदाताओं के लिए नई सुविधा शुरू करते हुए नया टैक्स केलकुलेटर लांच किया है। यह करदाताओं को तय करने में मदद करता है कि उनके लिए पुरानी टैक्स रिजीम बेहतर होगी या नई टैक्स रिजीम। टैक्स केलकुलेटर की मदद से आप इनकम, डेडिक्शन और टैक्स क्रेडिट के बारे में जानकारी कर सकते हैं। टैक्स केलकुलेटर के जरिए आप टैक्स रिटर्न को लेकर जनरल आइडिया फ्रेम कर सकते हैं। इनकम टैक्स की गणना से आपको अपना पूरे फाइनेंशियल वर्ष का बजट बनाने में मदद मिलेगी। पूरे साल के टैक्स डिडक्शन का आइडिया पहले से होगा तो आप अपने खर्चों के बारे में प्लान कर सकते हैं। टैक्स केलकुलेटर को उपयोग करने के लिए करदाता को पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पोर्टल में लाग इन करना होगा।

सिविल लाइन थाने के पूर्व टीआई ठाकुर का निधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के सिविल लाइन थाना प्रभारी रह चुके, डी पी ठाकुर का निधन हो गया है, वे लम्बे समय तक बिलासपुर में सिविल लाइंस थाना में टी आई के पद पर पदस्थ रहे, जिनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, था, वही बीती रात जिनका निधन हो गया। बता दें रिटायर्ड होने के बाद सरकंडा जोरा तालाब के पास रह रहे थे। स्व डी पी ठाकुर का अंतिम संस्कार उनके पैतृक निवास खैरा दातान (लवन) बलोदाबाजार जिला में किया जाएगा।

मां महामाया के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का रेला

बिलासपुर/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर रतनपुर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। गुरुवार को मां चंद्रघंटा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वहीं पूरे दिन मां महामाया मंदिर और भैरव बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारे से गूंजता रहा। चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन रतनपुर में देवी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना की। मंदिर समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया। इसके अलावा मंदिरों में पूरे दिन भजन-कीर्तन व देवी भागवत का आयोजन किया गया। मां महामाया और भैरव बाबा के दर्शन के लिए अन्य जिले से भी श्रद्धालु आए। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां महामाया मंदिर में 21 हजार 540 मनोकामना ज्योत जलाए गए है। वहीं, शारदीय नवरात्रि में इसकी संख्या 31 हजार तक रहती है। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हर प्रकार की व्यवस्था की है।

राम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र

रतनपुर में हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान युवाओं ने नगर में भव्य बाइक रैली निकाली। साथ ही जय श्रीराम के जयकारे लगाए। रैली के दौरान राम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। रैली की शुरुआत करैहापारा स्थित तुलजा भवानी मंदिर से हुई। यह महामाया चौक, भीम चौक, बड़ी बाजार, नुतन चौक, हाई स्कूल सहित नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटे गए।

आज होगी माता कुष्मांडा की पूजा

नवरात्र के चौथे दिन दुर्गाजी के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा और अर्चना की जाती है। माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति से पूर्व जब चारों ओर अंधकार था और कोई भी जीव जंतु नहीं था तो मां दुर्गा ने इस अंड यानी ब्रह्मांड की रचना की थी। इसी कारण उन्हें कुष्मांडा कहा जाता है। सृष्टि की उत्पत्ति करने के कारण इन्हें आदिशक्ति नाम से भी अभिहित किया जाता है। इनके स्वरूप का वर्णन करते हुए शास्त्रों में कहा गया है कि इनकी आठ भुजाएं हैं और ये सिंह पर सवार हैं। मां कुष्मांडा के सात हाथों में चक्र, गदा, धनुष, कमण्डल, अमृत से भरा हुआ कलश, बाण और कमल का फूल है तथा आठवें हाथ में जपमाला है जो सभी प्रकार की सिद्धियों से युक्त है।

आइओटी से होगा ग्रामीण समस्याओं का निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग ने विश्व आइओटी दिवस उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया। कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने आइओटी को छात्रों और शोधार्थियों के लिए लाभकारी बताया। यह भी कहा कि इससे ग्रामीण समस्याओं का निराकरण और आयुर्वेद को जानने में मदद मिलेगी। विश्व आइओटी दिवस पर विश्वविद्यालय स्तरीय सिम्पोजियम का आयोजन किया गया।

हार से डरी कांग्रेस बोल रही नक्सली भाषाः धर्मजीत

लखमा के विदादित बयान पर लगाए आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज जिला बिलासपुर कार्यलय में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने प्रेस वार्ता कर कॉग्रेस के पूर्व मंत्री और बस्तर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के विवादित बोल पर जमकर निशाना साधा जिसमे श्री लखमा द्वारा एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किया गया।

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस की तरफ लगातार से ऐसे बयान आ रहे हैं जो किसी गंभीर साज़िश की तरफ इशारा कर रहे हैं इनके बयान सुन कर ऐसा लग रहा है जैसे कांग्रेस द्वारा किसी गंभीर साज़िश की रचना की जा रही है और जो समय समय पर इनके नेताओं की ज़ुबान पर आ जा रही है बस्तर से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने कहा कि कवासी जीतेगा- मोदी मरेगा यह नाहक दिया गया बयान नहीं है, कवासी पहले भी झीरम समेत अनेक मामलों में संदिग्ध रहे हैं झीरम का सबूत भूपेश बघेल भी अपने जेब में होने की बात करते रहे हैं जबकि आजतक उन्होंने साक्ष्य दिए नहीं इससे पहले राजनांदगाव में भूपेश बघेल की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष (पूर्व स्पीकर) चरणदास महंत ने कहा लाठी से मोदी का सर फोड़ दे ऐसा सांसद चाहिए शिव डहरिया केवल गाली दे सकते हैं मोदी को जबकि भूपेश बघेल सर फोड़ सकते हैं मोदी को परेशान कर कर के चीन भेज देना चाहिए ।

बिलासपुर हवाई अड्डा में बीएफआर परिचालन शुरु

राज्य का पहला आरसीएस हवाई अड्डा बना

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर हवाई अड्डा स्पेशल बीएफआर परिचालन शुरू करने वाला राज्य का पहला आरसीएस हवाई अड्डा बन गया है। पूर्वी क्षेत्र की दृष्टि से यह चौथा हवाई अड़ा है।

स्पेशल वीएफआर संचालन के संबंध में अप्रोच कंट्रोल यूनिट स्थापित करने के लिए तकनीकी प्रक्रिया 24 फरवरी 2024 को हितधारकों की सुरक्षा मूल्यांकन बैठक साथ शरुआत की गई। सुरक्षा मूल्यांकन बैठक में कोलकाता और रायपुर एयरपोर्ट के वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी सहित उड़ान संचालन से संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण मुख्यालय को सौंपे गए सुरक्षा मूल्यांकन के अनुमोदन के बाद, रायपुर हवाई अड्डे से एक योग्य प्रशिक्षक द्वारा बिलासपुर हवाई अड्डे के वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी को सात दिवसीय सैद्धांतिक एवं सिमुलेटर से प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण के सफल समापन होने के बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, मुख्यालय द्वारा गठित किये गए दो सदस्यीय बोर्ड द्वारा वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी के कौशल परीक्षण 31 मार्च 2024 को बिलासपुर हवाई अड्डे पर किया गया। वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी श्रद्धा तिवारी एवं निखिल भुआर्य, स्पेशल बीएफआर संचालन की सुविधा के लिए एप्रोच कंट्रोल यूनिट स्थापित करने के लिए पूरी तरह से सक्षम पाए गए। बोर्ड ने अपना अनुशंसा एएआई के एयर स्पेस मैनेजमेंट डायरेक्टरेट को स्पेशल वीएफआर चालू करने की मांग के साथ सौपा गया। एयर स्पेस मैनेजमेंट के अनुमोदन मिलने के बाद 12 अप्रैल से स्पेशल वीएफआर चालू करने का नोटाम जारी कर दिया गया है। अब स्पेशल वीएफआर संचालन शुरू होने से न्यूनतम दृश्यता की आवश्यकता 5000 मीटर से घटकर 2800 मीटर हो जाएगी। बिलासपुर हवाई अड्डे पर मौसम की सबसे खराब स्थिति में भी बिलासपुर हवाई अड्डे पर सबसे कम दृश्यता लगभग 3000 मीटर रहती है। इसलिए स्पेशल वीएफआर परिचालन से कम दृश्यता के कारण उड़ानों के मार्ग परिवर्तन एवं कैंसलेशन की समस्या का समाधान हो जाएगा।

आज फिर आंधी-बारिश की संभावना

तीन दिनों में 11 डिग्री गिरा पारा

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में कल रात में हल्की बारिश हुई। तेज अंधड़ के साथ बिजली चमकी। दिन और रात का तापमान सामान्य से कम रहा। शहर में 7.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

शहर में मौसम का मिजाज पिछले तीन दिनों से बदला हुआ है। इसके कारण लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। एक दिन पहले दिन के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई थी। गुरुवार को मामूली वृद्धि दर्ज की गई, पारा 29.4 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 32.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं रात का तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। तापमान 21.4 डिग्री से गिरकर 19.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। बिलासपुर सहित गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में भी लगभग एक समान स्थिति रही। यहां न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस था। इस वजह से वातावरण में अभी भी नमी बनी हुई है। मौसम विभाग की मानें तो अभी कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। हालांकि कल शुक्रवार को स्थिति में कुछ परिवर्तन होगा। दिन में आसमान साफ नजर आ सकता है। प्रदेश में कल 23 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने के भी आसार हैं। अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। बिलासपुर में भी मौसम बदला-बदला रहेगा।

जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर हाईकोर्ट सख्त

थायराइड, खून-पेशाब की जांच नहीं, प्राइवेट लैब जा रहे मरीज

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के बड़े सरकारी अस्पतालों में पिछले कई महीनों से भारी अव्यवस्था है। यहां तक थायराइड, खून-पेशाब जैसे जरूरी जांच नहीं हो रही है। इसके चलते मरीजों को प्राइवेट लैब का सहारा लेना पड़ रहा है। इस अव्यवस्थाओं पर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त प्रमुख सचिव और छत्तीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन सर्विस कंपनी को शपथपत्र के साथ 22 अप्रैल तक जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

सभी तरह की जांच मुफ्त होने का दावा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना से जिला अस्पताल में संचालित हमर लैब में कुल 114 प्रकार की जांच करना है। इन सभी जांचों में करीब 15 जांच हार्मोन से संबंधित होती है। इसकी मशीन एक ही होती है, जो जिला अस्पताल में उपलध है। इसमें अलग-अलग रिजेंट से हार्मोन से जुड़ी अलग-अलग जांच हो जाती है। लेकिन, रिजेंट नहीं है। इस वजह से सभी तरह की जांच प्रभावित हो रही है। जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है।

गर्भवती महिलाएं ज्यादा परेशान

इस अव्यवस्था के चलते सबसे ज्यादा समस्या गर्भवती महिलाओं को परेशानी हो रही है। जिला अस्पताल की हमर लैब की हार्मोनल जांच मशीन का रिजेंट खतम हो चुका है। सिविल सर्जन व अस्पताल प्रबंधन ने छीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन सर्विस कंपनी को कई बार पत्र लिखकर रिजेंट उपलध कराने के लिए कहा, लेकिन, कोई जवाब नहीं मिला और न ही रिजेंट की व्यवस्था की गई। जिसके कारण जिला अस्पताल पहुंचने वाली गर्भवतियों की थायराइड जांच के सैंपल मशीन रहते हुए निजी पैथोलॉजी जाना पड़ रहा है।

चेतावनी कंपनी अध्यक्ष के तीखे तेवर, कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

बिजली आपूर्ति की निरंतरता और बहाली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : दयानंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष एवं ऊर्जा विभाग के सचिव पी.दयानंद ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वितरण कंपनी के क्षेत्रीय प्रमुखों को कड़े निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि असावधानी के कारण बिजली आपूर्ति असामान्य रूप से बाधित रहने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। मरम्मत के लिए बिजली आपूर्ति बंद करने की सूचना उपभोक्ताओं को मीडिया के माध्यम से अनिवार्य रूप से दी जाए। ऐसा कोई भी कार्य जनता को विश्वास में लेकर किया जाए।

प्रदेश के कुछ स्थानों से बिजली की ऑख -मिचौली की खबरों को गंभीरता से लेते हुए श्री दयानंद ने आज विद्युत सेवा भवन, डंगनिया रायपुर में एम डी सहित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें क्षेत्रीय ईडी एवं मुख्य अभियंताओं को वीसी के माध्यम से जोड़ा गया। श्री दयानंद ने क्षेत्रीय प्रमुखों से उनके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली । कुछ क्षेत्रों में अधिक शिकायतें पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। वहीं जहां न्यूनतम समय में रेस्पांस और सुधार की जानकारी मिली , उसकी उन्होंने तारीफ की। श्री दयानंद ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे अपने फील्ड में लगातार दौरा करें। उपभोक्ताओं और फील्ड स्टाफ के नियमित संपर्क में रहें । नियमित रखरखाव की निगरानी करते रहें और ब्रेक डाउन की स्थिति में फौरन सुधार सुनिश्चित करें। गर्मी की पीक डिमांड आना अभी शेष है अतः उसके लिए पूरी तरह सतर्क और सावधान रहें। इन दिनों लोड बढ़ना, आंधी-तूफान आना आम बात है पर उसका सही प्रबंधन करना हमारा कर्तव्य है, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री दयानंद निर्देश दिये कि दफ्तर और फील्ड में सामंजस्य का पूरा ध्यान रहे । उपभोक्ताओं की बिजली दफ्तरों में पूरी संजीदगी के साथ सुनवाई हो और समाधान मिले, यह सुनिश्चित होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यालय में एमडी पारेषण एवं वितरण आर.के.शुक्ला, ईडी भीमसिंह, संदीप वर्मा, आर.सी.अग्रवाल एववं सीई आनंद राव आदि उपस्थित थे।

जनता से अपील

श्री दयानंद ने आम जनता से अपील की है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में संबंधित निकटस्थ कार्यालय में शिकायत अवश्य करें लेकिन तोड़ -फोड़ जैसी हिंसक कार्रवाई नहीं करें। बिजली का अधिकतर वितरण- तंत्र खुले में होने के कारण मौसम से प्रभावित होता है । ब्रेक - डाउन की स्थिति में फाल्ट खोजने और सुधार का काम सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण में ही संभव होता है। इसके लिए जनता का सहयोग अपेक्षित है।

न्यूज गैलरी

मां दुर्गा मनोकामना चुनरी यात्रा 14 को

कांकेर/भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर में मां दुर्गा की मनोकामना पूर्ति चुनरी यात्रा 14 अप्रैल को भव्य रूप से निकाली जाएगी। जो कि दुर्गा मंदिर (बिजली ऑफिस)से होकर श्री राम जानकी हनुमान मंदिर होते हुए दुर्गा मंदिर (दुर्गा नयापारा)में समाप्त होगी। इसे मां दुर्गा के चरणों में अर्पित की जाएगी। गौरतलब है कि हिंदू रक्षा समिति भानुप्रतापपुर द्वारा मां दुर्गा की भव्य मनोकामना पूर्ति चुनरी यात्रा निकाली जाती है। जिसमें क्षेत्र के आम जनता माता बहनें शामिल होती है। इसमें क्षेत्र के देवी ,देवता, गायता, पुजारी सभी को आमंत्रित किया गया है। यह चुनरी यात्रा बड़े भव्य रूप से निकाली जाएगी। जिसमें आम जनता, माता ,बहनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु मां दुर्गा के चरणों में चुनरी अर्पित कर धर्म लाभ लें।

राजनैतिक भाषा की मर्यादा को भाजपा गिरा रही : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी की नाकामियों पर पर्दा डालने के लिये भाजपाई अनर्गल और झूठे बयानबाजी पर उतर आये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बेहद शर्मनाक है कि देश और प्रदेश में सरकार चलाने वाली भाजपा अब विपक्षी दल के नेताओं की तुलना कुत्ते की पूंछ से कर रही है। यह भाजपा का संस्कार है। भाजपा बतायें विपक्ष को कुत्ते की पूंछ कहना कौन सी मर्यादा? चुनाव में राजनैतिक प्रहारों का विलाप करने वाले भाजपाई राजनीति के स्तर को गिरा रहे है। भाजपा का आईटी सेल कांग्रेस नेताओं और प्रत्याशियों का स्तरहीन पोस्टर बना कर भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट कर लगातार पोस्ट करता है, जिसमें राजनैतिक भाषा शैली की मर्यादा को तार-तार किया जाता है जब अपने पर आती है तो भाजपाई विलाप करने लग जाते है।

किराना व्यापारी और समाजसेवी मोहम्मद भाई का निधन

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर के प्रतिष्ठित किराना व्यापारी मोहम्मद भाई का ईदुल फितर के दिन निधन हो गया। मोहम्मद भाई के निधन की खबर के बाद जन सहयोग समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी ने उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि बुधवार रात शासकीय कोमल देव अस्पताल में जन सहयोग की टीम के साथ मरीजों की सेवा करते समय मोहम्मद भाई से आखिरी मुलाकात और बातचीत हुई थी सुबह उन्हें रायपुर ले जाने की तैयारी की जा रही थी। लेकिन सुबह उनके इंतकाल की खबर आ गई। इससे कांकेर में शोक की लहर है। उनके अनेक मित्रों ने दुखद समाचार सुनते ही ईद उल फितर का त्यौहार नहीं मनाते हुए उन की आत्मा की शांति हेतु अपने अपने धर्म के अनुसार प्रार्थना की। स्वर्गीय मोहम्मद भाई विगत 50 वर्षों से कांकेर शहर में किराना व्यवसाय कर रहे थे, अत्यंत हँसमुख, मिलनसार तथा गरीबों के मददगार थे।

रिमझिम फुहारों के बीच ईदुल फितर की नमाज अदा..

■ लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ईदगाह पहुंचे दी शुभकामनाएं

कांकेर/नवप्रदेश। भरी गर्मी और उमस में 30 रोज़ा रखकर माहे रमज़ान शरीफ का मुकद्दस महीने के बाद ईदुल फितर मनाया गया। गुरुवार सुबह 9बजे जामा मस्जिद से जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया जो जामा मस्जिद से एन एच 30से होता कचहरी चौक अप डाउन रोड कलेक्टर बंगला से संजय नगर स्थित ईदगाह पहुंचा। जहां मुफ्ती मोहम्मद आरिफ़ रजा साहब ने ईदुल फितर के मौके पर नूरानी तकरीर पेश किया। तकरीर के बाद ईदुल फितर की दो रकात नमाज़ वाजीब अदा किया गया। नमाज के बाद मुफ्ती साहब ने खुतबा पढ़ा खुतबा के बाद वतन की खुशहाली आतंकवाद का खात्मा वतन में अमनो शांति का पैगाम के अलावा फिलिस्तीन युद्ध में मुसलमानो की हिफाज़त की दुआएं मांगी गई। नमाज़ के बाद मुस्लिम समाज के लोग आपसी गिले शिकवे भुलाकर गले मिलकर एक दूसरे को मुबारक बाद पेश करते रहे मुबारक बाद का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। नमाज़ के बाद मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या अन्नपूर्णा पारा स्थित सुन्नी कब्रिस्तान पहुंचकर अपने अपने बुजुर्गों की कब्र में फूल पानी पेश कर मरहुमो की कब्र पर फातेहा पढ़ी गई।

ईदगाह पहुंचे लोकसभा प्रत्याशी बिरेश ठाकुर

ईदुल फितर की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों को मुबारक बाद देने कांकेर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर अपने लिए समर्थन मांगने पहुंचे थे। लोकसभा प्रत्याशी बिरेश ठाकुर ने मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर एक दूसरे मुबारक बाद पेश किया गया।बिरेश ठाकुर ने ईदुल फितर को लेकर कहा ईदुल फितर मुस्लिम समाज के पवित्र महीने रमजान के रोजेदार बुजुर्गो भाईयो बहनों बच्चो के लिए सबसे बड़ा उपहार स्वरूप है। इसमें सभी को आपसी गीले शिकवे भुलाकर एकता का संदेश देता है। साथ ही ईदुल फितर हम सभी को प्यार आपसी भाईचारे का संदेश देता है।

अंजुमन कमेटी ने माना प्रशासन का आभार

ईदुल फितर के मुबारक दिन को लेकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर हाजी मोहम्मद जावेद मेमन गफ्फार मेमन नसीम अली माशूक अली सहित समस्त कमेटी के ओहदेदारों ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग के लिए ज़िला प्रशासन पुलिस प्रशासन नगरीय प्रशासन यातायात पुलिस का आभार व्यक्त करते कहा की मुस्लिम समाज के लिए शिक्षा स्वास्थ्य के अलावा अन्य कामों को पूरा करने का भरपूर प्रयास किए जाने का वादा किया गया है।

लखमा के पीएम और जवानों के खिलाफ दिए बयान पर बवाल

सुकमा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी व कोंटा विधायक कवासी लखमा के प्रधानमंत्री मोदी व पुलिस जवानों के खिलाफ दिए गए बयान के बाद सियासी घमासान शुरू हो चुका है। इस पर बस्तर लोकसभा के सह संयोजक व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय पांडे ने कहा कि लखमा बस्तर में जहर घोलने का असफल प्रयास कर रहे हैं। पीएम मोदी के खिलाफ बयानों का हिसाब जनता कांग्रेस से जरूर लेगी। बस्तर लोकसभा में इन दिनों सियासी बयानबाजी ने चुनावी माहौल को गर्म कर दिया है। विपक्षी पार्टी कांग्रेस द्वारा अब व्यक्ति्गत बयानबाजी कर भाजपा को बैठे बिठाये मुद्दा दे दिया है। पूर्व में नेता प्रतिपक्ष महंत द्वारा प्रधानमंत्री को लाठी मारने के बयान से मचे बवाल के बाद बस्तर लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार कवासी लखमा के बयानों ने भाजपा को बैठे बिठाये बड़ा मुद्दा दे दिया है। इसको लेकर बस्तर लोकसभा के सह संयोजक व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय पांडे ने कहा कि जिस तरह के शब्द पीएम व क्षेत्र की सुरक्षा में लगे जवानों के लिए कहे गए हैं वो क्षम्य नहीं है। इस प्रकार कवासी लखमा के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनता एवं ग्रामवासियों को पुलिस को उनके कार्य रोकने हेतु तीर धनुष से मारकर हिंसा करने हेतु भड़काया जा रहा है। इस पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंड़ावी एवं कांग्रेस के अन्य मौजूद पदाधिकारी ताली बजाकर समर्थन किया। जो राष्ट्र और राजनीति के प्रति कांग्रेस की मानसिकता और प्रकृति को दर्शाता है।

लखमा और बीजापुर विधायक पर एफआईआर की मांग

संजय पांडे ने विधायक कवासी लखमा के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कहा कि इस स्थिति में कवासी लखमा, उपस्थित बीजापुर के विधायक विक्रम मंड़ावी तथा कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया जाना तथा कवासी लखमा को चुनाव प्रचार करने से रोक लगाना चाहिए। साथ ही लोकसभा चुनाव में उनकी उम्मीदवारी को तत्काल प्रभाव से शून्य किया जाना चाहिए।

चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन

पांडे ने कहा कि कवासी लखमा द्वारा पहले भी विवादित बयान दिया था। लोक सभा चुनाव के दौरान इस प्रकार भड़काऊ एवं विवादित बयान देकर तथा अन्य प्रकार से निरंतर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। उनके विरुद्ध शिकायत के बावजूद भी कोई सार्थक कार्यवाही नही हो पाई है। पूर्व में भी कवासी लखमा के द्वारा धार्मिक आयोजन के दौरान खुले-आम पैसा बाँटने तथा शराब पी-कर वोट देने के बयान जैसे अनेको अवैधानिक कार्य कर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। पूर्व में शिकायत भी की गयी है। लखमा के द्वारा आपराधिक बल के प्रयोग से चुनाव के दौरान पुलिस के विरुद्ध हिंसा करने के लिए भड़काया जा रहा है जो अपराध कि श्रेणी में आता है, यदि कवासी लखमा कि इस प्रकृति कि गतिविधियाँ एवं बयान जारी रहे तो कोई अप्रिय घटना होने कि भी संभावना है।

बीजापुर में दिया गया बयान हिंसा को बढ़ावा देगा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय पांडे ने कहा कि बस्तर से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के द्वारा गोंडी बोली में लोगों को वोट अपील व ईव्हीएम मशीन के माध्यम से कवासी लखमा जिडीतोर, नरेंद्र मोदी ढोलतोर अर्थात कवासी लखमा जीतेगा' नरेंद्र मोदी मरेगा'' जैसे बोल पीएम के लिए अनुचित भाषा का प्रयोग किया जाना व छत्तीसगढ़ के कुटरू,बीजापुर में दिनांक 9 अप्रैल को कांग्रेस के बस्तर लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा द्वारा कुटरू में चुनावी सभा के दौरान तोंगपाल टिन अयस्क की उपलब्धता का जिक्र करते हुए टिन खदान से पुलिस को तीर धनुष से मारने की बात कह कर स्थानीय जनता को पुलिस एवं शासन के विरुद्ध भड़काया जा रहा है । कवासी लखमा के द्वारा कहा गया कि,फ़कल से पुलिस वाले बोल रहे थे कि नाप रहे हैं।

धनेलीकन्हार मंडल शक्ति केंद्र की बैठक में कार्यकर्ताओं ने 400 पार के लिए कसी कमर

कांकेर/धनेलीकन्हार/नवप्रदेश। शक्ति केंद्र कोदागांव में बैठक का आयोजन किया गया। जहां पर 80 से 100 की संख्या में उपस्थिति रही। बैठक में निर्मला नेताम शक्ति केंद्र व मंडल प्रभारी ने शक्ति केंद्र के संयोजक, सहसंयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, पालक युवा महिला के उपस्थिति दर्ज का जायजा लेते हुए अपने अपने बूथों में बैठक आयोजित कर बूथ समिति में जो कार्यकर्ता इच्छुक हैं उन्हें जोड़ कर विस्तार करें और सभी अपने अपने बूथों की बैठक तत्काल कर केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं।

मंडल अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी पंचू राम नायक ने शक्ति केंद्र में कैसे काम करें और 400 पार को पूरा करने के लिए संयोजक,सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष को तत्काल निर्देश दिए सभी अपने अपने बूथों पर जाकर केन्द्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। किन किन योजनाओं से लाभ मिल सकता है। उन्हें अवगत कराएं।

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री डाकेश साहू, शक्ति केंद्र संयोजक मधुसूदन साहू, सहसंयोजक दिलीप सिंह राजपूत, जनपद सदस्य रेशमा केशरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता लादू राम पटेल,एस आर कोरटिया, हेमंत साहू,बुत अध्यक्ष - लाल दास साहू, राधे श्याम जयते,सताउ पटेल, ओम प्रकाश साहू, कुमार रावटे,जय कस्तुरे,चुमेश पटेल, दयाराम आरदे, अवधेश पटेल,कचरा बाई, कीर्ति,व बुत समिति के सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

श्रमिकों ने शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के विभिन्न गांवों में मनरेगा कार्य स्थलों में कार्यरत श्रमिकों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ईरागांव और चारामा विकासखण्ड के ग्राम चिनौरी के मनरेगा कार्यस्थल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समस्त श्रमिकों को 'चलो मतदान केन्द्र की ओर' के नारे के साथ लोकसभा निर्वाचन के लिए आगामी 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए शपथ दिलाई गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

तीसरा चरण- आम चुनाव...

प्रक्रिया कल से शुरू हो जाएगी और नामांकन 19 अप्रैल तक कराए जा सकेंगे। पर्चों की जांच 20 तारीख को होगी और नाम 22 तारीख तक वापस लिए जा सकेंगे।

एमपी की बैतूल सीट ...

गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। कुल सात चरणों में कराए जा रहे लोक सभा चुनाव की मतगणना चार जून को करायी जाएगी और चुनाव प्रक्रिया छह जून तक पूरी कर ली जाएगी।

26 अप्रैल को होगा दिल्ली...

को ही यह पद मिलेगा, जबकि उप मेयर पद पर कोई भी पार्षद नामांकन कर सकता है।

आउट डेटेड स्टाफ बस...

अब चलाएंगे संयुक्त अभियान

कंपनियों में स्थिति सुधारने के लिए परिवहन विभाग ने यातायात पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाने के संकेत दिए हैं। जिस तरह से स्कूल बसों के लिए फिटनेस कैंप लगाया जाता है उसी प्रकार उद्योगों में अटैच स्टाफ बसों की जांच के लिए व्यवस्था बन सकती है। स्कूल बसों की जांच हर साल होती है वैसे ही कंपनी के स्टाफबसों की जांच को लेकर विभाग अब गंभीरता से विचार कर रहा है।

आबकारी के अरुणपति ...

विभाग के सबसे ताकतवर अफसर रहे त्रिपाठी इस विभाग के विशेष सचिव थे। ईडी ने इसी मामले में पीएमएलए के सेक्शन 19 के तहत गिरफ्तार किया था, लेकिन कुछ समय बाद त्रिपाठी को जमानत मिल गई थी।

विशेष अदालत में आज करेंगे पेश

ईओडब्लू की टीमों ने त्रिपाठी के मूवमेंट पर लगातार नजर रखी और अंततः गुरुवार को तड़के हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि त्रिपाठी की ट्रांजिट रिमांड ली जा रही है। संभवतः शुक्रवार, 12 अप्रैल को त्रिपाठी को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया जा सकता है।

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई में ताबड़तोड़ कार्रवाई

ईओडब्लू की अलग-अलग टीमों ने गुरुवार को दुर्ग-भिलाई समेत छत्तीसगढ़ में शराब कारोबारियों के 20 ठिकानों पर छापा मारकर जांच शुरू कर दी है। जिनके यहां छापा पड़ा है, उनमें कारोबारी विजय भाटिया और पप्पू ढिल्लन भी शामिल हैं।

स्कूल बस पेड़ से टकराई, 6 बच्चों ...

अन्य घायल हुए हैं।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच और बचाव कार्य शुरू किया। घायल बच्चों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल बच्चों को रेवाडी अस्पताल रेफर किया गया है।

हादसे के समय बस चालक नशे में था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घटना पर दुख जताया है।

सैनी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा मेरी सहानुभूति उन दुःखी परिवारों के साथ है जिन्होंने अपने बच्चों को खो दिया है। स्थानीय प्रशासन घायलों की मदद के लिए मौजूद है। मैं घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

इस बार 20 राज्यों में ...

भागों में सामान्य से अधिक बारिश होगी। वहीं उत्तरी और दक्षिण हिस्सों में सामान्य बारिश और उत्तर-पूर्व भारत व पूर्वी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होगी। स्काईमेट की रिपोर्ट के अनुसार, अल नीनो के कारण बारिश प्रभावित होती है, लेकिन जून के पहले हफ्ते से यह तेजी से ला नीना में बदल जाएगा।

माहवार बारिश की स्थिति प्रतिशत में

इससे बेहतर मॉनसून की संभावना बढ़ेंगी। इस परिवर्तन के कारण सीजन में बारिश की शुरुआत में देरी हो सकती है। हालांकि, कई इलाकों में कम या हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। अभी तक के हिसाब से जून में एलपीए का 95 प्रतिशत, जुलाई में 105 प्रतिशत, अगस्त में 98 प्रतिशत और सितंबर में 110 प्रतिशत प्राप्त होने का अनुमान है।

जो अपने परिवार की सोचते हैं, वे ...

चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, राज्य सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और संपत्तिया उइके भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का एकमात्र मकसद परिवार को आगे बढ़ाना, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर व्यक्ति को आगे बढ़ाना है।

कांग्रेस से 55 साल का सवाल

शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल में जनजातीय कल्याण के लिए क्या किया। राहुल गांधी बताएं कि क्या राष्ट्रपति पद पर किसी गरीब आदिवासी को बैठाया गया। कांग्रेस ने आदिवासियों को हमेशा छला।अटल सरकार में जनजातीय कल्याण मंत्रालय बनाया गया। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल के दौरान पेसा अधिनियम लाया गया। प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि देश आगे बढ़े और कांग्रेस बेटे-बेटी को आगे बढ़ाना चाहती है।

ये हैं परिवारवाद की जड़

शाह ने गिनाया ममता बनर्जी अपने भतीजे को, शरद पंवार अपनी बेटी को और स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। जो हमेशा अपने परिवार की सोचते हैं, वे जनता का कभी सोच सकते हैं क्या। वंचितों के बारे में सिर्फ मोदी सोच सकते हैं। शाह ने राम मंदिर का संदर्भ देते हुए कहा कि आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी पर 500 साल बाद रामलला अपना जन्मदिन अपने घर में मनाएंगे।

पहली बार बदलेगी रणनीति.. माओवादियों ...

करते हुए वहां प्रवेश पर रोक लगाने सख्त कदम उठाए जाएंगे। इससे नक्सली कमेटी के मेंबरों को उनके अपने दायरे तक समेटकर रखा जा सकेगा। इसके बाद फोर्स नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाएगी।

ओडिशा में बीजद के दो ...

(दल-बदल के आधार पर अयोग्यता) नियम, 1978 के नियम 6 के तहत एक याचिका दायर किये जाने के बाद हुई, जिसमें श्री धाली और श्री नायक को अयोग्य घोषित करने की मांग की गयी थी, क्योंकि दोनों ने स्वेच्छा से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

बर्फ फैक्ट्री में गंदगी, खादय विभाग ने लगाई फटकार

कोंडागांव/नवप्रदेश। तापमान में वृद्धि के साथ आईस (बर्फ़) मांग बढ़ जाती है। आम लोंगो के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए जिला खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कोंडागांव के बर्फ विनिर्माताओं की संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां ग्रीष्म ऋतु में आईस लोली, कैंडी और शीतल पेय पदार्थों को ठंडा करने के लिए बर्फ की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में इनकी गुणवत्ता परखने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन ने कोंडागांव के दो बर्फ विनिर्माताओं देवांगन आईस फैक्ट्री और विजय आईस फैक्ट्री में दबिश दी। देवांगन आईस फैक्ट्री से आईस लोली का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेज दिया गया है जबकि विजय आईस फैक्ट्री में निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ सफाई में कमी और अव्यवस्था पाई गई। जिस पर विनिर्माता को फटकार लगाते हुए 7 दिन के भीतर व्यवस्था ठीक करने की चेतावनी दी गई। व्यवस्था दुरूस्त नहीं करने पर लाइसेंस रद्द करने की बात कही गई है।

प्रथम चरण में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम की कमीशनिंग का कार्य हुआ प्रारंभ

कोंडागांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा के कोंडागांव विधान सभा के अंतर्गत आनेवाले मतदान केंद्रों में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में प्रारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने कमिशनिंग कार्य में लगाए गए सेक्टर अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, सहायकों से उन्होंने कहा कि ईवीएम कमीशनिंग निर्वाचन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इस पर ही निर्बाध मतदान हो पाना संभव है। श्री दुदावत ने कहा कि टीम भावना से समय का पालन करते हुए कार्य पूरा करें। सीलिंग के कुल 26 महत्वपूर्ण बिन्दु हैं। उनको चरणबद्ध ढंग से पालन किया जाए तो यह कार्य बहुत ही आसानी से संपन्न हो सकता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मशीन के लिए चेक लिस्ट उपलब्ध कराई गई है। कमीशनिंग की कार्यवाही के दौरान इसका मिलान करते हुए आगे की कार्यवाही करें। कमीशनिंग के कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। इसके लिए जरूरी है कि पूरी तल्लीनता के साथ कार्य करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को अक्षम्य बताते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में पूरी गंभीरता आवश्यक है। गौरतलब है कि ईवीएम की कमीशनिंग का कार्यवाही कड़ी सुरक्षा में हो रही है, जिसमें मशीनों को 19 अप्रैल के मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार किया जा रहा है।

कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली ईवीएम में बैलेट पेपर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कमीशनिंग के दौरान बैलेट यूनिट में पिंक पेपर सील लगाई गई। पिंक पेपर सील पर अभ्यर्थी अथवा उसके प्रतिनिधि तथा ईसीआईएल के इंजीनियर ने अपने हस्ताक्षर किये। कैंडिडेट सेट करते समय कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपेट को साथ जोड़ा गया। इसके बाद मॉक पोल कर सत्यता की जांच की गई। सीलिंग प्रक्रिया के दौरान कंट्रोल यूनिट के स्विच को ऑफ रखा गया। वीवीपैट में थर्मल पेपर रोल लगाया गया। बैटरी इंस्टॉल करके वीवीपैट में सिंबल लोडिंग जिग मशीन की सहायता से ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा की गई। इसके साथ ही ईवीएम नंबर, बीयू, सीयू नंबर, उनके बैटरी नंबर, वीवीपैट नंबर, रजिस्टर में दर्ज किये गये। राजनैतिक दलों द्वारा 5 प्रतिशत मशीनों को रेंडमली चयन कर उसमे 1000 वोट डालकर चेक किए गए। कमीशनिंग के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चित्रकांत चाली ठाकुर, भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त इंजीनियर भी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

तीन सटोरियों से 2665 रुपए और सट्टा-पट्टी जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ को 9 अप्रेल को मुखबिर से सुचना मिला कि भद्रकाली मंदिर के पीछे तालाब रोड नीम पेड के पास वार्ड नं. 18 बाजारपारा बेमेतरा के पास में विक्रम छाबडा, पंकज कुमार देवागन एवं भगवानी यादव अवैध रूप से लोगों को आमजगह पर विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख कर जुआ खिलवा रहा हैं की सुचना पर थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ मौके पर पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान तीन आरोपियों को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखकर जुआ खेलाते पकडा गया। थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में जुआ सट्टा का 1 प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपियों विक्रम छाबडा पिता स्व. मंगतराम छाबडा उम्र 65 साल साकिन वार्ड नं. 10 कोबिया बेमेतरा, पंकज कुमार देवांगन पिता स्व. सालिक राम देवांगन उम्र 65 साल साकिन बीजाभाठ, भगवानी यादव पिता स्व.रामा यादव उम्र 65 साल साकिन वार्ड नं. 18 नयापारा बेमेतरा के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपियों के पास से कुल जुमला नगदी रकम 2665 रूपये एवं सट्टा-पट्टी, पेन जप्त किया गया हैं।

रितेश सिन्हा बने युवा कांग्रेस जिला महासचिव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ब्लॉक के तिलई निवासी युवा नेता रितेश सिन्हा के सक्रियता को देखते हुए युवा कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. पलक वर्मा, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, लोकसभा प्रभारी सुश्री बिंदिया बैनर्जी के अनुशंसा पर प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी युवा कांग्रेस राजनांदगांव (ग्रामीण) प्रांजल तिवारी, जिला सहप्रभारी प्रिया खत्री एवं जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस राजनांदगांव (ग्रामीण) संदीप सिंह गहरवार ने युवा नेता रितेश सिन्हा के पार्टी के प्रति सक्रियता को देखते हुए जिला युवा कांग्रेस राजनांदगांव (ग्रामीण) महासचिव नियुक्ति किया गया है। पूर्व में युवा कांग्रेस ब्लॉक महासचिव, विधानसभा महासचिव पद पर रहकर कार्य कर चुके है। नियुक्ति पर रितेश सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी में जो जवाबदारी दी है, उन्हें वो पूरी निष्ठा से निभाएंगे, उनकी नियुक्ति पर वरिष्ट व युवा कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दिए।

मृत पंचायत सचिव के परिजनों को मिली बीमा क्लेम की राशि

खैरागढ़/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटना मे मृत पंचायत सचिव समयलाल साहू के परिजनो को बीमा क्लेम के तहत मिले 38 लाख रू की राशि का चेक कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने मृतक सचिव की पत्नी को प्रदान किया । इस दौरान जिला पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे । जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम बफरा पंचायत मे पदस्थ पंचायत सचिव समयलाल की कूछ दिनों पूर्व सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई थी । एक्सिस बैंक द्वारा पंचायत सचिवो के खातों मे वेतन भुगतान के बाद दिए जा रहे बीमा के लाभ के तहत मृतक सचिव की बीमा क्लेम की राशि 38 लाख रू के चेक का भुगतान बैंक अधिकारियो की उपस्थिति मे कलेक्टर वर्मा ने किया । इस दौरान पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश जंघेल, लाला जंघेल, ध्रुव कुमार , जोगेश्वर धनगर, नीलेश सिंह, भागवत साहू, हिरेन्द्र नागपूरे, गेंदकुमार जंघेल, नूतन साहू, जगन्नाथ वर्मा, गजेन्द्र देवांगन, खुमान यादव, सुनीता साहू, रामबाई पाल, नाजनीन नियाजी, बिंदिया मानिकपूरी, सहित पंचायत सचिव और कर्मचारी मौजूद रहे ।

मतदान केंद्र से मधुमक्खी के छत्ते हटाने के निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस निर्देश के अनुसार, सभी मतदान केन्द्रों और परिसरों पर मधुमक्खी के छत्ते को हटाने का आदेश दिया गया है। यह निर्देश विशेष रूप से चुनाव प्रक्रिया की सुचारूता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने इस निर्देशों को अमल में लाने के लिए सक्रिय रूप से काम किया है। उन्होंने ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, और ज़िला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया है। कहा हैं कि संयुक्त रूप से वन विभाग से समन्वय कर तीन दिवस के भीतर समस्त मतदान केन्द्र/परिसर पर लगे हुए मधुमक्खी के छत्ते को हटा कर संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने कहा हैं। इस निर्देश के बाद मतदाताओं में उत्साह और आत्मविश्वास का बढ़ा है, क्योंकि उन्हें अब चुनावी क्षेत्रों में अधिक सुरक्षित माहौल का आश्वासन है।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज खैरागढ़ क्षेत्र में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे गुरुवार 11 अप्रैल को अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत सुबह 10 बजे लालबहादुर नगर मंडल के ग्राम खैरा से करेंगे। फिर वे ग्राम पेंड्री, नवागाँव, रुवातला, सलटिकरी पहुचेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे दोपहर बाद खैरागढ़ शहरी क्षेत्र के राजीव चौक, बक्शी मार्ग व इतवारी बाजार में जनसंपर्क करते हुए अमलीडीहकला, पिपरिया वार्ड 02, अमलीपारा, पेंड्रीकला, भरदाकला पहुंचकर मतदाताओं को भाजपा की केन्द्रीय योजनाओं से अवगत कराते हुए कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेगे।

अंतरराज्यीय चोर गिरोह से 35 बाइक बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। करीब 20 लाख के 35 बाइक बरामद किया गया है. ये शातिर चोर साप्ताहिक बाजार एवं सूने मकानों को निशाना बनाते थे. पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने जिला कोण्डागांव अन्तर्गत होने वाले चोरी को रोकने एवं पूर्व में हुए चोरी के आरोपियों को पकड़ने निर्देशित किया था, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव रूपेश कुमार डाण्डे के मार्गदर्शन में सायबर सेल एवं थाना विश्रामपुरी की संयुक्त टीम ने कार्यवाही की. जिला कोण्डागांव में हुए चोरी के आरोपियों को पकड़ने लगातार कोण्डागांव पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा था, मुखबीर ने बताया कि बाइक चोर गिरोह के सदस्य छत्तीगढ़ से मोटर सायकल चोरी करके उड़ीसा में बेच रहे हैं. सूचना के आधार पर तुलसी राम साहू पिता लक्ष्मीनाथ साहू उम्र 55 वर्ष जाति तेली साकिन कुंदई नवापारा थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा एवं सुखनाथ मरकाम पिता जयराम मरकाम उम्र 32 वर्ष साकिन कुंदई नवापारा थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा को ए स डी ओ पी केशकाल भुपतसिंह धनेश्री के नेतृत्व में थाना विश्रामपुरी एवं सायबर सेल कोण्डागांव की टीम ने उड़ीसा के कुदंई में 03 दिनों तक कैम्प कर कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर पकड़ा. पूछताछ में आरोपियों ने उड़ीसा सीमा से लगे क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजार एवं सुने मकानों से डूप्लीकेट चाबी के माध्यम से मोटरसायकल को चालू कर चोरी करना स्वीकार किये तथा चोरी की बाइक को उड़ीसा में बेचना बताये. आरोपियों की निशानदेही पर उड़ीसा के कुंदई, रायघर, उमरकोट क्षेत्र से कुल 35 नग चोरी के मोटरसाइकिल बरामद किया गया, बरामद मोटरसाइकिल की अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताया जा रहा है. पूर्व में प्रार्थी श्यामलाल सेठिया निवासी बड़ागांव थाना विश्रामपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि विश्रामपुरी के वार्षिक मेला में उसका हिरो डीलक्स मोटरसाइकिल को किसी व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है. रिपोर्ट पर थाना विश्रामपुरी में अपराध क्रमांक 30/2023 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इस मामले में तातुराम यादव कुंदई, तुलसी राम साहू, सुखनाथ मरकाम सभी ग्राम कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा शामिल हैं।

चोरी गए जेवर, नगदी व वाहन सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थीया सुखमनी कौशल पति लालाराम कौशल उम्र 55 वर्ष साकिन पेन्ड्रावन थाना परपोडी जिला बेमेतरा ने 3 अप्रेल को पुलिस चौकी देवरबीजा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 मार्च को वह अपने परिवार के साथ सिद्धी माता मंदिर दर्शन करने के लिए ग्राम संडी आयी थी। मंदिर में बहुत भीड थी, इसी दरम्यान करीब 1=10 बजे दोपहर मंदिर परिसर में दर्शन के दौरान इसके गले में पहने हुए गुथा हुआ 9 नग सोने का दिल छाप पत्ती पुरानी वजनी 10.300 मिली ग्राम किमती 30000 रू. उसने लगे 2 नग छोटा गोलनुमा मणी पुरानी वजनी 1 ग्राम करीबन किमती 3000 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति उसके गले से निकालकर चोरी कर ले गया हैं की प्रार्थीया के रिर्पोट पर पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमतरा में अपराध सदर धारा 379, 34 भादवि पजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी पतासाजी हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक डीएल सोना को अपराध विवेचना हेतु चौकी स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर दो संदिग्ध महिलाओं के पता तलाश हेतु जिले एवं अन्य जिलो में पता करने पर दोनो संदिग्ध महिला ग्राम पिपरसत्ती थाना अकलतरा जिला जांजगीर चापा का होना पता चलने पर, मौके पर पहुंचकर आरोपी महिलाओं को उसके सकुनत पर घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपिया सुलेसना बाई डेढे से पुछताछ करने पर पता चला कि 29 मार्च को चोरी करने के नियात से ग्राम सण्डी जिला बेमेतरा अपने पति अजय उर्फ छोटु डेढे व पडोसी कनकी बाई पुर्णहले के साथ अपने कार कमांक सीजी 11- बीजे -7223 में आये और ग्राम सण्डी में सिद्धी माता मंदिर के बहुत भीड में दर्शन के बहाने घुसकर वहीं आये एक 55-60 वर्ष के महिला के गले में पहने मंगलसुत्र को चुपके से काटकर 09 नग सीने का दिल छाप पत्ती को पड़ोसी कनकी बाई पुर्णहले द्वारा चोरी करना व कनकी बाई ने मुझे हिस्से में 10000 रूपये देना मंगलसूत्र को स्वयं रखना व बिकने पर और हिस्सा देना एवं 10000 रूपये में से 5000 रूपये खर्च हो जाना बतायी। आरोपियों के कब्जे से चोरी गये 9 नग सोने का दिल छाप पत्ती मंगलसुत्र, कीमती करीबन 33000 रूपये, नगदी रकम 5000 रूपये, घटना मे प्रयुक्त वाहन कार क्रमांक सीजी - 11- बीजे -7223 जुमला कीमती करीबन 8 लाख रूपये को जप्त कर बरामद किया गया। आरोपीगणों कनकी बाई पुर्णहले उम्र 35 साल साकिन पिपरसत्ती थाना अकलतरा , सुलेसना बाई डेढे उम्र 27 साल साकिन पिपरसत्ती थाना अकलतरा अजय ऊर्फ छोटु डेढे उम्र 28 साल साकिन पिपरसत्ती थाना अकलतरा को 8 अप्रेल को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

भाजपा व मोदी ने जो कहा, वह करके दिखा दिया : संतोष पांडे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे अपने धुंआधार प्रचार अभियान में आज खुज्जी विधानसभा के कुमर्दा मंडल के विभिन्न ग्रामों का जनसंपर्क किया। लोगों से मेल-मुलाकात की। क्षेत्र की समस्याओं को जाना तथा उसके निराकरण का अस्वासन देते हुए कहा कि श्री मोदी व भाजपा जो कहती हैं उसे करके दिखाती हैं। इतिहास इस बात का गवाह है की भारतीय राजनीति में अपने प्रादुर्भाव के समय ही पार्टी ने इस बात की घोषणा की थी कि हम कश्मीर मे धारा 370 के प्रावधानों को पूरी तरह खत्म कर देंगे और जब देश की जनता ने हमें दिल्ली की सल्तनत सौपी तो इस कार्य को तमाम विरोधों के बावजूद हमने पूरा करके इतिहास रच दिया, इसी प्रकार राम जन्मभूमि का आंदोलन जब प्रारंभ हुआ, तभी भाजपा ने यह घोषणा कर दी थी, की प्रभु राम हमारे अराध्य हैं और आयोध्या उनकी जन्म भूमि हैं। अतः वहां भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनना चाहिए, इसके लिए 500 वर्षों तक संघर्ष चला, अनेक लड़ाइयां लड़ी गयी, अनेक कुर्बानियां हुई, आंदोलन लंबे काल तक चला। पार्टी ने पूरे देशभर में श्रीराम रथयात्रा का आयोजन कर इसे जन आंदोलन बनाया तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास हुआ और जब हमे पूर्ण बहुमत की सरकार मिली तो मंदिर निर्माण के सारे अवरोधों को दूर करते हुए भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के मार्ग को प्रसस्त ही नहीं किया, बल्कि आम जनता के सहयोग से प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर तैयार हो गया हैं। लाखों दर्शनार्थी प्रतिदिन मंदिर में रामलला के दर्शन कर रहें हैं। देश में तीन तलाक का विषय हो, चाहे सीएए लागू कर नागरिकता देने का सवाल हो, देश की सीमाओं को अभेद बनाने का विषय हो सभी पर भाजपा और उसका नेतृत्व खरा साबित हुआ हैं, यह भूलने वाली बात नहीं हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पांडे ने आगे कहा कि भाजपा के इन्ही कार्यों की बदौलत आज देश को मोदी गारंटी पर पूरा विश्वास हो चला हैं और देश भर में आम लोग इसके समर्थन में खड़े हैं। प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मोदी गारंटी के तहत भाजपा ने जो भी चुनावी वायदे किए थे, उसे ऐतिहासिक रूप से मात्र तीन महीने के भीतर पूरा करके रिकार्ड स्थापित किया है। चाहें किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने की बात हो, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने का विषय हो, आवासहीन लोगों को 18 लाख प्रधानमंत्री आवास दिये जाने का वायदा हो, किसानों से 3100 रुपए में धन खरीदी की बात हो, तेंदूपत्ता श्रमिकों के मानदेय बढ़ने का वायदा हो, प्रदेश में सरकार बनते ही सारी घोषणा भारतीय जनता पार्टी ने पूरी कर दी हैं। श्री पांडे ने कांग्रेसियों के इस दुष्प्रचार का कि भाजपा जो कहती उसके उलट करती हैं, पर मुहँतोड़ जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग पहले अपने गिरेबां में झांककर देखे। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने घोषणा पत्र में जनता के साथ 36 वायदे किए थे, जिसमें शराबबंदी बड़ा मुद्दा था।

विधायक ने बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां, लाभार्थियों से की मुलाकात

■ **विकास और सुशासन के लिए संकल्पित है भाजपा, आपका एक वोट बदलेगा छत्तीसगढ़ की तस्वीर**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार विधानसभा क्षेत्रों में जनता के बीच पहुंचकर मोदी सरकार के 10 वर्षों की उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी देते हुए जनसंपर्क किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री और पंडरिया विधानसभा प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ भावना बोहरा ने ग्राम मोहगांव, जंगलपुर एवं कुंडा में जनसंपर्क कर राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

इस दौरान लखनलाल देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास और सुशासन के लक्ष्य के साथ जनहित के लिए कार्य करने वाली पार्टी है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किये गए एतिहासिक कार्यों और निर्णयों से भारत ने अपनी एक अलग पहचान पुरे विश्व में प्रस्तुत की है। केन्द्रीय बजट में भी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई घोशनाएँ एवं योजनाओं को समाहित करना छत्तीसगढ़ के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने जनता से कहा कि एक बार पुनः आप सभी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर डबल इंजन की सरकार बनायें ताकि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन में रुके विकास कार्यों को गति मिल सके। भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता एवं राष्ट्र सेवा की भावना से आज हमारा भारत निरंतर प्रगति कर रहा है। विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए उनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिली है।

निजी स्कूलों में आरक्षित 585 सीटों के लिए अब तक मिले 9885 आवेदन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत रिजर्व सीटों में अपने ब%चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने पालक उमड़ पड़े है । जिले में ऐसे 74 स्कूलों मे शासन द्वारा निर्धारित 585 सीटें आरक्षित की गई है । इसके लिए अब तक ही 9885 आवेदन जमा किए जा चुके है । आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित है अभी भी अभिभावकों के पास आवेदन जमा करने का मौका है। खैरागढ़ जिले के 74 प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी, केजी वन और क्लास बन के कुल 585 सीटों में आरक्षित गरीब ब%चों को एडमिशन दिया जाना है। रिजर्व सीट संख्या से %यादा आवेदन आने की स्थिति में ब%चों को प्रवेशः लाटरी के माध्यम से दिया जाएगा। 20 मई से लाटरी व स्कूल आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। शिक्षा के अधिकार के तहत चिन्हांकित स्कूलों में एडमिशन दिलाने के लिए इस बार भी अभिभावकों को आनलाईन आवेदन की सुविधा दी गई है। शिक्षा के अधिकार के तहत आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 मार्च से शुरू हो गई है और अभी 5 दिन शेष बचे है। इसके बाद आवेदनों की स्कूटनी होगी। इसमें पात्र मिले ब%चों के नाम लाटरी निकालकर तय किए जाएंगे। हालांकि किसी स्कूल में सीट संख्या से कम आवेदन आने पर लाटरी की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लाटरी मे मनपसंद स्कूल मे प्रवेश से छूटे छात्रों को आनलाईन आवेदन के दौरान विकल्प के तौर पर जिन अन्य स्कूलों के नाम का चयन किया गया होगा।

भाजपा को मोदी की गारंटी पर भरोसा कांग्रेस को भूपेश की जीत की आस

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव मे प्रचार अभियान अब जोर पकड़ रहा है । खैरागढ़ विधानसभा मे पार्टी संगठन के साथ प्रत्याशी भी सक्रियता के साथ जीत की रणनीति बनाते दिख रहे है । खैरागढ़ विधानसभा मे भाजपा मोदी के भरोसे तो कांग्रेस भूपेश के भरोसे पर चुनाव लड़ रही है । चुनाव प्रचार मे दोनो दल दीवार लेखन मे सबसे %यादा तेज है लेकिन बैनर पोस्टर के मामले मे दोनो दलों की ओर से माहौल नही बन पाया है । भाजपा को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है संगठन स्तर मंडल, बूथ को साधने की रणनीति के तहत काम हो रहा है । पदाधिकारी कार्यकर्ता बूथों मे कमान संभाल रहे है । इधर कांग्रेस मे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद सक्रियता तो दिख रही है लेकिन संगठन स्तर पर प्रचार अभियान मे अपेक्षाकृत तेजी नही आ पाई है । हालंकि चुनाव को 15 दिन बाकी है ऐसे मे नवरात्रि के बाद अभियान गति पकड़ सकता है । चार माह पहले हूए विधानसभा चुनाव मे यहाँ कांग्रेस भाजपा मे कड़ी टक्कर हूई थी । हालंकि जीत कांग्रेस के पक्ष मे गई । लेकिन जीत और हार के बाद अब माहौल बदला हूआ है ।

विधानसभा मे भाजपा प्रदेश मे सरकार बनने के बाद उत्साहित है । केन्द्र सरकार और मोदी की गारंटी पर भाजपा को पूरा भरोसा दिख रहा है । प्रदेश सरकार के तीन माह के कार्यकाल की उपलब्धियों के साथ मोदी की गारंटी के सहारे भाजपा विधानसभा मे जीत की नैया पार करने मे जूटी है । भाजपा पिछले पांच साल के कांग्रेस कार्यकाल मे हूए भ्रष्टाचार, गड़बड़ी को भी बड़ा मुददा बना रही है ताकि भूपेश बघेल से पार पाया जा सके ।

पिछले पांच साल प्रदेश मे सत्ता संभालने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल मे खैरागढ़ जिला निर्माण की वर्षो पुरानी मांग पूरी हूई । विभिन्न इलाको मे कालेज, तहसील निर्माण, स्कूलो की बड़ी मांग पूरा होने से कांग्रेस को इसका फायदा सीधे मिलने की उम्मीद मे कांग्रेसी उत्साहित है । भूपेश बघेल खुद दो बार विधानसभा का दौरा कर चुके है। ।

कांग्रेस देगी गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना : भूपेश बघेल

■ **मनरेगा मजदूरी 400 रुपए कांग्रेस प्रत्याशी ने किया छुईखदान तहसील के गांवों में सघन जनसंपर्क**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छुईखदान तहसील के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं से भेंट-मुलाकात कर इस चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकने का आव्हान करते हुए कहा कि कांग्रेस ला जिताओ, तभे सब झन ला रोजी अऊ रोजगार मिलही। गरीब महिला मन ला हर साल एक-एक लाख रूपए, मनरेगा श्रमिक मन ला चार सौ रूपए रोजी और पढ़े-लिखे बेरोजगार मन ला सरकारी नौकरी कांग्रेस सरकार हा देही। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने चुनावी जनसंपर्क को तेज करते हुए आज मंगलवार को छुईखदान विकासखंड के ग्राम दनिया, बिरनपुर, धोधा, हनईबन, जगमड़वा, ठंडार, गंडई, भुरभुसी, गोकना, बागुर, छिराहीडीह, सुखरी, बरबसपुर, पेंडरवानी, लालपुर, लिमो, ढाबा, कटंगी, बूढ़ासागर, देवपुरा, गंडई-पंडरिया, टिकरीपारा गंडई में पहुंचकर आम जनता से भेंट-मुलाकात की और इस दौरान आयोजित संक्षिप्त चुनावी सभाओं को संबोधित किया। ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर उनका जोरदार स्वागत किया और समवेत स्वर में नारे लगाए-कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भूपेश बघेल जिंदाबाद। श्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि आप सब दस साल से केन्द्र में बैठी मोदी सरकार के झूठ को देखते और भोगते आ रहे हो। अच्छे दिन लाने का वादा करके देशवासियों से खुलेआम झूठ बोलकर सत्ता पर कब्जा कर लिया, लेकिन दस सालों में एक भी कोई अच्छा काम नहीं कर पाए। सिर्फ झूठ की बारिश होती रही। सबके खाते में 15-15 लाख रूपए डालने का सबसे बड़ा झूठ बोला गया। उसके बाद गैस, डीजल-पेट्रोल के दाम और महंगाई को कम करने का झूठा वादा किया गया, लेकिन आज आप सबको पता है कि उनके वादों का क्या हाल है। दरअसल भाजपा जो बोलती है, ठीक उसके उलट करती है, इसलिए भाजपा वालों के झांसे में इस बार आप सबको नहीं आना है। हमारी सरकार ने गांव, गरीब, किसानों की चिंता करके तमाम तरह की योजनाएं चलाकर पांच सालों तक आप सभी को किसी न किसी रूप में लाभ पहुंचाने का काम किया, लेकिन भाजपा की मोदी सरकार दस सालों से देश की जनता को लूटने का काम करती आ रही है। बात-बात पर टैक्स देना पड़ रहा है। श्री बघेल ने कहा कि मोदी सरकार संविधान जिसे देश आत्मा कहा जाता है, को खत्म करना चाहती है, ताकि एसटी, एससी, ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण को खत्म किया जा सके। मोदी सरकार दस सालों में अनगिनत सरकारी संस्थानों को बेचकर निजीकरण कर चुकी है, ताकि लोगों को आरक्षण का लाभ न मिल सके और अब इस बार के चुनाव में भाजपा वाले 400 पार की बात कर रहे हैं, यदि इस बार भाजपा को 400 सीटें मिल गईं तो यह तय मान लीजिए कि संविधान को खत्म करके नया संविधान लिख दिया जाएगा।

भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम

डोंगरगांव/नवप्रदेश। अभी भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ते जा रहे हैं तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है इंसान अपने बुझाने के लिए ठंडा पानी, कोल्डड्रिंक दही मट्ठा जैसे पे पदार्थ पी कर बुझा रहे हैं लेकिन छोटे छोटे जीव जंतु को भी इस भीषण गर्मी में अपने पीने के पानी के लिए जद्दोजहत कर रहे हैं क्योंकि नदी नाले के पानी सुख गया है भू स्तर का पानी भी अपने निचले स्तर पर जा चुका है ऐसे में पशु पक्षियों को अपने प्यास के वजह से जान गंवानी पड़ जाती है इसी बातों को ध्यान में रखते हुए भोज साहू पर्यावरण प्रेमी ने लगतार विगत 12 वर्षों से पशु पक्षियों के लिए अपने छत आंगन व शासकीय कार्यालयों में पेड पौधे के डंगाल पर सकोरा और मटकी बांध कर गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों के प्यास बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

भोज साहू पर्यावरण संरक्षण के दिशा के साथ-साथ 100 प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान, नेत्रदान,रक्तदान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान जैसे अनेकों कार्यक्रम अपनें स्वयं के खर्चे से करते आ रहे हैं इन्हें सब कार्यों के वजह अनेकों मंच पर सम्मानित भी हो चुकें।इस पहल में विगत तीन वर्षों से घनश्याम साव पत्रकार डोंगरगांव के द्वारा अपना पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। यहां अभियान के तहत एसडीएम कार्यालय तहसील कार्यालय थाना परिसर अस्पताल परिसर व विश्राम गृह में पेड़ के डंगाल पर सकोरा मटकी बांधा गया है आगे भी अन्य विभागों में भी इसी तरह अभियान चलायें जायेंगे।

न्यूज गैलरी

अवैध परिवहन और उत्खनन करते 6 वाहन जब्त

जांजगीर/नवप्रदेश। खनिज विभाग के सहायक उडनदस्ता दल प्रभारी पी डी जाडे एवं टीम द्वारा जिला जॉजगीर चांपा के पामगढ, शिवरीनारायण, देवरघट्टा, देवरी एवं तनौद क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन/भण्डारण / उत्खनन करने वाले वाहनो / स्थानो का औचक जॉच किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जॉच के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 04 प्रकरण, मिट्टी (ईट) के 02 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 06 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

कलश यात्रा के साथ झलमला में श्रीमद देवी भागवत शुरू

सीपत/नवप्रदेश। समीप के ग्राम झलमला में नवरात्र के पहले दिन भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद देवी भागवत महापुराण की शुरूआत हुई। कथा का वाचन जांजगीर चांपा की सोलह वर्षीय बालिका कु परमपूज्य छाया दुबे के मुखारवृंद से श्रीमद देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का अमृतपान श्रोतागण कर रहे है। इतनी कम उम्र में श्रीमद देवी भागवत के वाचन को सुनने क्षेत्र के लोग उमड़ रहे है एवं कथावाचिका की प्रतिभा की सराहना कर रहे है। कथा आयोजन के मुख्य यजमान मनोहर बालकुवर साहू है। इस कथा में सीपत क्षेत्र में नवरात्र पर्व पर हजारों की संख्या में श्रोताओं के द्वारा सरस संगीतमयी श्रीमद देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का श्रवण करने पहुंच रहे है । सीपत क्षेत्र में पहली बार सबसे कम उम्र की इस कथावाचिका का अमृत रूपी मुखार वृन्द से ज्ञान रूपी गंगा में भक्तजन डुबकी लगाने पहुंच रहे है। कथा का समापन 16 अप्रैल को हवन सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोजन और भंडारे के साथ होगा । कथा का आयोजन अनिल मंजू साहू की द्वितीय पुत्री की जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रेरणा श्रोत पंडित नीलमणि दुबे और यज्ञ आचार्य ऋषि मिश्रा के सानिध्य में की जा रही है द्य जिसमे समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान है।

प्याऊ की शुरुआत की

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुंगेली में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया , भारत स्काउट गाइड जिला संघ मुंगेली के कोषाध्यक्ष जेठमल कोटरिया ,व्यापारी संघ के सचिव, कमल सोनी, जी के द्वारा जैन मंदिर गोल बाजार,एवं कलेक्टर ऑफिस करही में प्याऊ घर सुभारंभ किया गया ,जिला के जिला संगठन आयुक्त गाइड, सुश्री रोहिणी ठाकुर , मोरजध्वज सप्रे, विजेंद्र कस्यप भी उपस्थित थे।

अकीदत के साथ मनाया ईद-उल- फितर

ईदगाह में नमाज अता कर मांगी गई अमन-चैन की दुआ

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुशगवार माहौल में पूरे अकीदत के साथ ईद- उल- फितर का त्यौहार गुरुवार को मनाया ।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बरोज जुमेरात की सुबह 9.00 बजे ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने काफी संख्या में हाजिर हुये। जहां जामा मस्जिद के पेश इमाम अमीरुद्दीन कादरी ने कौम के लोगों को ईद की नमाज पढ़ाया। तथा खुदा के बताये नेक राह पर चलने की नसीहत दी। बताया कि जो पवित्र रमजान महिने में पूरे सच्चे ईमानदारी से रोजा रखते हुए अल्लाह को याद करते हुये नेक राह पर चलते है, उन्हें खुदा जन्नत अता फ़रमाते हैं। ईदगाह में रोजेदारों ने एक दूसरे के गले मिल कर ईद- उल- फितर की मुबारकबाद दिये।कौम के लोगों ने अपने सजदा -ऐ -ईबादत में मुल्क के अमन चैन खुशहाली आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगे। दरअसल ईद- इंसानियत,सच्चाई ईमानदारी,का मिशाल है। लिहाजा कौम के लोगों ने जरूरत मंदों को भोजन कपड़े तकसीम किया।

ईद त्योहार के मौके पर एक दूसरे के घरों में जाकर सेवईया मिठाई बांटी। ईदी के शक्ल में बच्चों नजराना भी दी गई। पवित्र रमजान के दिनों में समुदाय के लोग मस्जिदों में जाकर अल्लाह के इबादत भी किये। 27 वें रमजान को हाफिज महताब आलम के द्वारा तराबी खत्म की गई। तराबी खत्म करने के बाद तराबी पढ़ाने वाले हाफिज को 51,000 का नजराना दिया गया। फुलमाला पहनाकर उनका रुख्स्ती किया गया। इस्लाम के मुताबिक माहे रमजान के 30 दिन रोजा (उपवास) पूरा करने के बाद शव्वाल महिने के पहले तारीख को ईद-उल-फितर मनाये जाने की रवायत रही है। खुश गवार माहौल में ईद मनाया गया। ईद त्यौहार से पहले रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा का नमाज भी इमाम के द्वारा पढ़ाई गई । दौरान नमाज अदायगी कमेटी के सदर हाजी कयामुद्दीन अंसारी नायब सदर हाफिज शाकिर अंसारी सेक्रेटरी समीम खान बल्लू खजांची समीम खान नईमुलहक अंसारी मौलाना हसन रजा हाफिज शमशीर आलम हाफिज सफीउल्लाह साहब कमेटी के सदस्य व मुस्लिम समुदाय के बच्चे बुजुर्ग काफी संख्या में उपस्थित रहे।

आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन 5 मई तक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने बताया कि सरगुजा जिले के सभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन 05 मई तक किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूलों में प्रवेश हेतु लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा- निर्देश जारी कर दिए हैं। आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक छात्र एक स्कूल के लिए ही आवेदन कर सकता है। निर्धारित रिक्त सीटों में से आधी सीट लड़कियों के लिए आरक्षित हैं, आवेदन सीधे स्कूल में जाकर ऑफलाइन माध्यम से या स्वामी आत्मानंद स्कूल के पोर्टल पर ऑनलाइन भी किया जा सकता है। रिक्त सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में विद्यार्थियों का चयन लाटरी पद्धति से 05 मई से 10 मई के मध्य जिले द्वारा बनाई गई समिति के द्वारा की जाएगी। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट में से 50त्न पर छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। छात्राओं के पर्याप्त संख्या नहीं होने की स्थिति में ही छात्रों से सीट भरी जाएगी। कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को नियम अनुरूप विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25त्न सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जिस हेतु पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। गौरतलब है कि कक्षा पहली के लिए 31 मई 2024 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य आयु सीमा तय की गई है अर्थात कक्षा पहली के लिए विद्यार्थी की जन्म तिथि 1 दिसंबर 2017 से 30 नवंबर 2018 के मध्य होना चाहिए। ऑफलाइन मोड में आवेदन करने के लिए प्रवेश आवेदन फार्म संस्था में स्वयं उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकते है एवं ऑनलाइन आवेदन करने हेतु https://cgschool.in/Saems/StudentAdmission/StudentAdmission.asp&Ð वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए आपका एक वोट जरूरी: एसडीएम

शिक्षकों ने रैली के जरिए दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

फाइल फोटो

सीपत/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत लोगो की भागीदारी सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 10 अप्रैल को मस्तूरी एसडीएम अमित सिन्हा के निर्देशानुसार और तहसीलदार श्रीमती माया अंचल प्रमोद कुमार पटेल अप्रतिम पाण्डेय श्रीमती पूनम कन्नौजे मस्तूरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन के अगुवाई में सेजेस मस्तूरी में शिक्षको के द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप रंगोली और मानव श्रृंखला के रूप मतदाता शपथ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान हेतु आव्हान करते हुए रैली का आयोजन किया गया। रैली सेजेस मस्तूरी से जोन्धरा चौक तक स्लोगन के माध्यम से आमजन को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। इस रैली में मस्तूरी ब्लाक के सभी अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। मस्तूरी एसडीएम अमित सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आपका एक वोट बहुत जरूरी है। आप अवश्य ही अपने मताधिकार का प्रयोग करें। रैली के माध्यम से लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सेजेस जेपी ओझा प्राचार्य वी सैमुअल सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर पी एक्का प्रमोद कुमार पांडेय शिवनाथ यादव राममनोहर कौशिक, साकेत अवस्थी, दीपक दुबे विनय गुप्ता पी इंदुमती उमा उरांव विमला कुजूर सरिता डहरे सुमनलता मरकाम विकास खंड मस्तूरी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिहान महिला समूह ने रैली निकाल कर दिया मतदान करने का संदेश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान अवश्य करने के प्रति जागरूक करने में बिहान महिला समूह भी अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। बिहान महिला समूह ने शहर के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। गौरतलब है कि स्वीप गतिविधियों के तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को बिहान महिला समूह ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शहर के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में रैली निकाली। बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का उद्देश्य बना लिया है। निर्वाचन गतिविधियों में वे सम्मिलित होकर लोकतंत्र के पर्व और देश के गर्व को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। अम्बिकापुर विकासखंड में बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता स्वीप अंतर्गत सामूहिक मतदाता शपथ ली। इसके साथ ही शहर की गलियों में ÷हम सब ने ये ठाना है बोट देहे जाना है÷ का नारा लगाया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा हैं। बिहान महिला समूह की पीआरपी सपना इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दे रही हैं।

आज से निर्वाचन अधिसूचना के साथ नामांकन होंगे शुरू

गेट नं 02 जिला कोर्ट मार्ग से अधिकारी कर्मचारी व आमजन करेंगे कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जारी समय सारणी के अनुरूप 12 अप्रैल को निर्वाचन अधिसूचना का प्रकाशन होगा। इसके बाद नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोस्कर एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में नाम निर्देशन की प्रक्रिया के बेहतर संपादन के लिए जिला कार्यालय परिसर में अभ्यर्थियों एवं आमजन के प्रवेश हेतु अलग-अलग मार्ग व्यवस्था निर्धारित की गई है।

कलेक्टरेट परिसर के मेन गेट से एंट्री रखी गई है। गेट नम्बर-01 घड़ी चौक की ओर से जिला कार्यालय के मुख्य द्वार वाली मार्ग से राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक तथा अन्य सदस्यगण प्रवेश करेंगे।वहीं जिला कोर्ट मार्ग से गेट नम्बर 02 से अधिकारियों-कर्मचारियों की एंट्री रखी गई है। गेट नम्बर-02 गांधी स्टेडियम व सिविल कोर्ट की ओर आने-जाने वाली मार्ग की ओर से अधिकारी-कर्मचारी एवं आम जन प्रवेश करेंगे। मुख्य मार्ग से प्रवेश गेट तक आने में डबल बैरिकेडिंग लगाई गई है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु कलेक्टर कोर्ट रूम को रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष के रूप में निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्ति रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकते हैं। निर्वाचन लड़ने वाले सामान्य अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि 25 हजार रूपए तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 12,500 रूपए निर्धारित है।

गौरतलब है कि निर्वाचन समय सारणी के अनुसार 12 अप्रैल 2024 को अधिसूचना का प्रकाशन किया जायेगा। इसके बाद अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नाम निर्देशन जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 होगी। 20 अप्रैल को स्क्रूटनी की जाएगी तथा 22 अप्रैल तक नाम वापसी की जा सकेगी।

चेट्रीचंड पर महिलाओं ने निकाली रैली

मुंगेली/नवप्रदेश। सिंधी समाज ने भगवान झूलेलाल जन्म उत्सव चैट्रीचंड महोत्सव के रूप में मनाया। इस पर्व के अवसर पर नगर में 12 बजे रैली निकाल कर चैट्रीचंड पर्व की बधाई एवं संदेश देने शहर के प्रमुख मार्गो पर डीजे के धून पर नाचते गाते नगर भ्रमण किया।

सिंधी समाज ने शाम को महिला पुरूषों ने भव्य शोभा यात्रा भगवान झूलेलाल की निकाली। समाज के लोगों ने तासे के धून में नाचते गाते बड़ी संख्या लोग सिंधी धर्मशाला झूलेलाल धाम से शोभा यात्रा निकाली गई। सिंधी समाज के ईष्ट देव झूलेलाल साईजी की विशेष पूजा अर्चना कर भगवान से सुख समृद्धी की कामना की गई। चेट्रीचंड के दिन श्रद्धालु बहिराणा साहिब बनाते हैं। शोभा यात्रा में छेज इस पर्व में सिंधी समाज का लोकनृत्य डांडिया गीत के साथ भगवान झूलेलाल की महिमा के गीत गाते एवं नाचते हुए भगवान की भक्ति में लीन होकर नगर भ्रमण किया गया। सिंधी समाज द्वारा प्रसाद स्वरूप ताहिरी मीठे चावल, छोले उबले नमकीन चने और शरबत का प्रसाद नगर में भक्तों द्वारा वितरण किया गया। शहर वासियों ने चैट्रीचंड पर्व की प्रसाद ग्रहण किया तथा सभी समाज व धर्म के लोगो ने इस पर्व कि बधाई दी गई। लोगों ने इस पर्व के दौरान जगह-जगह झांकी का स्वागत करते हुए रैली में शामिल लोगो का उत्साह वर्धन किया। देर रात तक सिंधी समाज ने बहिराणा साहिब का विसर्जन किया। चैट्रीचंड पर्व में सिंधी समाज के बड़ी संख्या में महिला पुरूष एवं बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। भगवान झूलेलाल की जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर से आम लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें सिंधी समाज के अलावा अन्य जाति धर्म के लोग भी सम्मिलित हुए। लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

ईद | नमाज अदा होने के बाद एक-दूसरे से गले लगाकर दी ईद की मुबारकबाद

मुस्लिम समाज ने बांटी ईद की खुशियां

सक्ती/नवप्रदेश। मुस्लिम समुदाय के द्वारा ईद उल फितर ईद पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया नगर के मुस्लिम समुदाय के द्वारा सुबह के 9 बजे कंचनपुर ईदगाह में मुस्लिम समाज के जामा मस्जिद मौलाना मोइन रजा के द्वारा अदा की गई नमाज अदा करने के पहले मौलाना साहब के द्वारा हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पैगंबर साहब लोगों के दुख दर्द को आपस में बांटने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब हमेशा दिन दुखियों की सेवा करने की बातें की और हमें भी उनके रास्ते पर चलने की जरूरत है इस्लाम में हमेशा अमन चैन सुख शांति की बातें की और हमें हमेशा एक दूसरे से मिलकर रहने की सलाह दी हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब ने कहा कि जो भूखे हैं उन्हें खाना खिलाए जो बीमार है उनकी तीमारदारी करनी चाहिए हमें उनके बताएं के अनुसार चलना चाहिए हमारे समाज के मुखिया मौलाना मोइन रजा साहब के द्वारा बताया गया नमाज अदा होने के बाद सभी एक दूसरे से गले लग कर ईद की मुबारकबाद दी गई काफी संख्या में मुस्लिम समाज के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर समाज के मुखिया तैयब अली महबूब खान हाजी जायसी साहब हाजी नबी साहब हाजी मुनव्वर खान हाजी शकील भाई गनी भाई हाजी आबिद भाई असलम भाई गुलाम भाई जमाल भाई मोहम्मद अजलाल रज्जब अली शम्स तबरेज खान अयाज खान इकबाल खान वसीम खान समद खान सेठी नासिर भाई शकील खान इब्राहिम खान मजीद खान इन सभी ने ईद की मुबारकबाद लोगों को दी इस अवसर पर नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी।

नाम निर्देशन अवधि के दौरान शांति व्यवस्था के लिए लगाई गई ड्यूटी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा कर दिये जाने के उपरांत निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस दौरान 12 अप्रैल 2024 से 22 अप्रैल 2024 तक नाम निर्देशन की कार्यवाही सम्पन्न होनी है। उक्त अवधि के दौरान शांति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें अम्बिकापुर के अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी फागेश सिन्हा मो.नं 9770446896 को सम्पूर्ण प्रभार, अम्बिकापुर के तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उमेश्वर सिंह बाज मो.नं 798750846 तथा नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दरिमा अंकिता पटेल मो.नं 9340006620 को नाम निर्देशन कक्ष एवं उसके आस-पास के क्षेत्र, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर कमलेश कुमार मिरी मो.नं 9131498784 को अभ्यर्थी प्रवेश द्वार गेट नं 01, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर निखिल श्रीवास्तव मो.नं.8770439087 की अधिकारी कर्मचारी प्रवेश द्वार गेट नं 02 में ड्यूटी लगाई गई है।

■ न्यूज गैलरी

चुनाव ड्यूटी में लापरवाही भृत्य को किया निलंबित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड सीतापुर अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल केरजू के भृत्य मनीष कुमार खाखा की ड्यूटी लोकसभा निर्वाचन के तहत स्ट्रॉग रुम अम्बिकापुर में ईवीएम मशीन एवं अन्य सामग्री डीओ के स्ट्रॉग रुम से आरओ के स्ट्रॉग रुम में रखे जाने हेतु 9 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्ट्रेट परिसर अम्बिकापुर में उपस्थित लगाई गई थी जहां उक्त भृत्य समय सीमा में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे जिससे चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा ने बताया कि भृत्य मनीष कुमार खाखा को घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता के तहत नियमानुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीतापुर निर्धारित किया गया है।

चुनाव तैयारियों की संभाग आयुक्त आज करेंगे समीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 का शांतिपूर्ण एवं सफल संचालन हेतु अंतर्विभागीय सहयोग व समन्वय हेतु सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र द्वारा संभाग के सभी जिलों में बैठक आयोजित करने समस्त कलेक्टर को निर्देशित किया गया है। इस क्रम में मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले में 12 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे और कोरिया में दोपहर 4 बजे बैठक होगी। बलरामपुर रामानुजगंज जिले में 13 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे, सरगुजा जिले में 15 अप्रैल को दोपहर 4 बजे, सूरजपुर जिले में 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे, और जशपुर जिले में 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे बैठक होगी। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, जिला वन मंडलाधिकारी, सीईओ जिला पंचायत, जिला स्तरीय सभी अधिकारी, चुनाव हेतु आदेशित सभी सेक्टर अधिकारी, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीईओ जनपद पंचायत, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित होंगे। बैठक में निर्वाचन से संबंधित जानकारी साझा की जायेंगी।

12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

महेत्तरराम उरांव का निधन

सक्ती/नवप्रदेश। पंचायत बडे देवगांव के प्रतिष्ठित व्यक्ति महेत्तरराम उरांव का 11 अप्रैल को निधन हो गया। वे पूर्व में सरपंच, उपसरपंच के पदों पर रहे हैं।

उराव मिलनसार थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित थे ।

अधिवक्ता ड्रेस कोड में आएं कोर्ट, इसका भी पड़ता है प्रभाव : जस्टिस भादुड़ी

अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी के शपथ समारोह में भागीदारी

सक्ती/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस गौतम भादुड़ी कार्यक्रम की अध्यक्षता बार काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य शैलेंद्र दुबे ने की। इस अवसर पर जहां आगंतुक अतिथि गणों का स्वागत जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश सेवक ने आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह हमारे लिए एक गौरवशाली दिन है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति हमारे इस कार्यक्रम में पहुंचे हैं। नरेश सेवक ने सभी का आभार व्यक्त किया। वकीलों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि हमें ड्रेस कोड पर ध्यान देना चाहिए तथा वकील कभी भी न्यायालयो में बैंड एवं साफ सुथरे ड्रेस कोड के साथ जाए, फर्स्ट इंप्रेशन इस लास्ट इंप्रेशन होता है, तथा न्यायाधिपति गौतम भादुड़ी ने कहा कि वकीलों को न्यायालय में पूरी तैयारी के साथ जाना चाहिए।

वकीलों की नई पीढ़ी आ रही है वह कहीं ना कहीं हवा में उड़ रही है। उन्हें न्यायालय में जाते समय अपने ड्रेस कोड की भी परवाह नहीं होती हमें ड्रेस एवं एड्रेस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सदैव सीनियर एडवोकेट्स की सलाह लेनी चाहिए एवं उनका सम्मान करना चाहिए। हमें सीनियर एडवोकेट से कुछ न कुछ अच्छे अनुभव मिलते हैं,एन के चंद्रवंशी ने कहा कि हम भी जज होते हुए भी अपने सीनियर जजों से तथा उनके फैसलों की निरंतर जानकारी लेते हुए उससे कुछ न कुछ सीखने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम को बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य शैलेंद्र दुबे ने कहा कि सक्ती से मेरा पुराना लगाव रहा है यहां के लगभग अधिवक्ता साथियों से मैं परिचित हूं शैलेंद्र दुबे ने भी वकीलों की सफलता एवं उनकी जीत को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान काफी संख्या में पुरानी कार्यकारिणी एवं नवीन कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी मौजूद थे तथा नवीन कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी ने शपथ ली एवं आगंतुको के सम्मान में रात्रि भोज का भी आयोजन किया गया तथा अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ की संस्कृति के प्रतीक कर्मा नृत्य के साथ किया गया तथा मंच पर उपस्थित न्यायाधीश एवं अतिथियों को जिला अधिवक्ता संघ की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम में बार रूम के सीनियर एडवोकेट एवं सभी अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

पति की लम्बी आयु के लिए महिलाओं ने की गणगौर पूजा



सक्ती (मालखरौदा)/नवप्रदेश । अंचल में अग्रवाल समाज की महिलाओं ने गणगौर पूजा पूरे विधि विधान किया। गणगौर पूजा पूरे 18 दिनो तक चलती है, इस पूजा में सुहागिने अपने पति की लंबी आयु एवं कुंवारी कन्याएं अच्छा वर पाने की मनोकामना के साथ विधि विधान से गणगौर की पूजा अर्चना करती हैं।

अग्रवाल समाज में महिलाओं के लिए यह पूजा विषेश महत्व रखती है, विवाह के बाद लडकी पहली गणगौर पूजा अपने मायके में ही आकर करती है। गणगौर पूजा होली के दूसरे दिन से ही पूजा आरंभ हो जाती है, जो नवरात्रि के तृतीया तिथि तक चलती है। गणगौर पूजा में होलिका की राख से 16 पिण्डियां बनायी जाती है, एवं प्रत्येक दिन दूध के साथ इन पिण्डियो को विधि विधान से स्नान करवा कर शिव पार्वती के रूप में इसकी पूजा की जाती है और मंगल गीत गाए जाते हैं,मूर्ति स्थापना के बाद इसकी सुबह दोपहर और शाम पूजा की जाती है। इस दिन गणगौर पूजा के लिए घरो में हलवा पूरी आदि मिष्ठान बनाए जाते है,सुहागिन महिलाए सज धज कर गणगौर को बिंदिया चुडी अर्पित कर अपनी मनोकामना मांगती है, अंतिम पूजा चैत्र नवरात्रि के तृतिया तिथि तक करने के बाद धूमधाम, शाम को जल पिलाने के बाद गणगौर का विसर्जन बाजेगाजे के साथ किया जाता है, 18 दिनो तक चलने वाली पूजा में अग्रवाल महिलाएं गणगौर के मंगल गीत भी गाती हैं। अंचल में सक्ती, मालखरौदा, जैजैपुर, बाराद्वार, डभरा, चंद्रपुर क्षेत्र की अग्रवाल मारवाड़ी महिलाओं ने पूरे विधि विधान से हर्षोल्लास के साथ गणगौर पूजा की।

झूलेलाल जयंती पर निकली शोभायात्रा

सक्ती/नवप्रदेश। झूलेलाल की जयंती सिंधी समाज द्वारा बडे धूमधाम से मनायी गई । इस संबंध में सिंधी समाज के अध्यक्ष चूहड़मल एवं सरदार हरमहेन्दर सिंह, राजकुमार दरयानी ने बताया कि गुरूनानक भवन में सुबह से ही झूलेलाल जयंती के लिये समाज के महिला एवं पुरूष एकत्र हुये तथा 10 बजे से भजन का आयोजन किया गया तत्पश्चात भव्य भंडारा 1 बजे आयोजन किया गया। झूलेलाल की एक शोभा यात्रा 5 बजे गुरूद्वारा से निकलकर पोषाक पैलेस होते हुये गौरव पथ रोड, नवधा चौक होते हुये अग्रसेन चौक पहुंची जहां रास्ते में जलपान का व्यवस्था किया गया था इस शोभा यात्रा में अनिल ठरवानी, सुनील कृपलानी, अनिल दरयानी, सुरेश भिंडवानी, गोपी बत्रा, कमल बत्रा, दिलीप अठवानी, सरदार हरजीत सिंह, राकेश क्षत्री, लोकनाथ क्षत्री, रवि क्षत्री के अलावा महिलाओं ने बहुतया संख्या में शोभा यात्रा में शामिल हुये तथा पुरूष बच्चे भी शोभा यात्रा के साथ रास्ते भर नाचते गाते गणेश बंध तालाब में पहुंचे जहां झूलेलाल की महाआरती कर विसर्जन किये । सिंधी समाज के लोगों ने अपने अपने प्रतिष्ठान को दिन भर बंद रखी ।

नमनाकला में 4.22 एकड़ भूमि नवीन जिला न्यायालय के लिए आबंटित

शासकीय आवास गृह निर्माण के लिए शनि मंदिर के पास की भूमि आरक्षित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अंबिकापुर की मांग पर कलेक्टर सरगुजा द्वारा जिला न्यायालय अम्बिकापुर के नवीन न्यायालय भवन निर्माण और न्यायायिक अधिकारियों के शासकीय आवास गृह निर्माण हेतु भूमि आबंटित कर दी गई है। बीते दिनों अनावेदक बंसू से जुड़े जिस शासकीय भूमि क्षति के मामले में बड़ी कार्यवाही करते हुए कलेक्टर सरगुजा द्वारा भूमि को शासकीय मद में दर्ज कराया गया, उस भूमि का कलेक्टर द्वारा सिविल कोर्ट निर्माण हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अंबिकापुर को अग्रिम आधिपत्य प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों 30 मार्च को हुई जिला स्तरीय समिति(अधोसंरचना) की बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर द्वारा अंबिकापुर में जिला न्यायालय अम्बिकापुर के नवीन न्यायालय भवन निर्माण एवं जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के न्यायिक अधिकारियों के शासकीय आवास गृह निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। जिसपर कार्यवाही करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर के मांग के अनुसार राजमोहिनी भवन के पीछे, पी.जी.कॉलेज के सामने नमनाकला, अम्बिकापुर स्थित शासकीय नजूल भूमि रकबा 1.70 हेक्टेयर यानी कुल 4.22 एकड़ भूमि को जिला न्यायालय अम्बिकापुर के नवीन न्यायालय भवन निर्माण हेतु अग्रिम आधिपत्य प्रदान किया गया है। इसी प्रकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर के मांग के अनुसार पॉवर हाउस रोड, शनि मंदिर के पास, नमनाकला, अम्बिकापुर स्थित भूमि रकबा 4.11 एकड़ भूमि को जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के न्यायायिक अधिकारियों के शासकीय आवास गृह निर्माण हेतु प्रदान किया गया।

मतदान जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे लोग

स्वीप कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा व शपथ कार्यक्रम का आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप गतिविधि के तहत जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत असोंदा में कलश यात्रा व शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सक्ती जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीति पवार तथा जनपद पंचायत अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अन्नपूर्णा कसेर ने स्वयं भी सिर पर कलश उठाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

जिले में आयोजित हो रहे विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बड़ी संख्या में जिले के नागरिक जुड़ रहे है और मताधिकार के लिए जागरुक हो रहे है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती प्रीति पवार से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत असोंदा में आयोजित कलश यात्रा में लगभग 700 महिलाए सम्मिलित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सक्ती सीईओ द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को मतदान के संबंध में संबोधित करते हुए किया गया तथा आमजन को मतदान हेतु शपथ भी दिलाया गया। इसके पश्चात् कलश यात्रा का शुभारंभ माध्यमिक शाला प्रांगण से किया गयाद्य कलश यात्रा पुरे गाँव की गलियों से होते हुये पंचायत भवन प्रांगण में समापन किया गया। जहाँ कलश यात्रा में सम्मिलित हुये महिलाओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के समस्त करारोपण अधिकारी, जनपद पंचायत कर्मचारी, पंचायत सचिव, विभिन्न महिलाएं, युवतियाँ आदि शामिल हुए।

चुनाव स्वीप कार्यक्रम के तहत निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, छात्र-छात्राओं ने भागीदारी देकर लोगों को मतदान की अपील की

निबंध और चित्रों के जरिए दिया मतदान जागरूकता का संदेश

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता हेतु निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में संपन्न हुआ। निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन में जिले के सभी विकासखण्डो के प्रतिभागियो ने भाग लिया एवं उन्हें मतदाता जागरुकता शपथ दिलाया गया एवं शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राशिका पात्रे सेजेस अकलतरा, द्वितीय स्थान रिमा पटेल सेजेस बीडीएम सारागांव, तृतीय स्थान वंदना केंवट शास. हा.से. स्कूल पंतोरा (बलौदा) रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा श्रीवास सेजेस पोड़ीदल्हा अकलतरा द्वितीय स्थान ईषा कर्ष शास.हा.से. स्कूल पंतोरा (बलौदा) तृतीय स्थान जारा निशा शास.हा.से. स्कूल बरपाली (बम्हनीडीह) रहे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो तथा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त छात्र-छात्राओ को सांत्वना पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में अन्य विकासखण्डो से प्रतिभागियो को लेकर उनके विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे क्रमशः राजेश राठौर व्या. बरपाली चांपा, सर्वेश कुमार यादव व्या. पंतोरा, अरुण तिवारी प्राचार्य सेजेस बीडीएम सारागांव स्मृति तिर्की सहा.शि. सेजेस बीडीएम सारागांव, श्रृया यादव, अरविंद दुबे सेजेस पोड़ीदल्हा, अशोक कुमार कंवर सहा.शि. विज्ञान सेजेस पंतोरा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर से एम आर चन्द्रा, गोपेश साहू, नेहरु ला प्रधान, विजया सिंह राठौर डीपीओ एवं सुनील पटेल साक्षरता मिशन तथा डाइट के प्रशिक्षार्थियो का विशेष सहयोग मिला एवं अंत में संस्था के उप प्राचार्य एल के पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

अनुवीक्षण पर बैठक में काम गंभीरता से करने निर्देश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में जिला कोषालय अधिकारी रुपेश पाठक एवं जिला पंचायत वरिष्ठ लेखा अधिकारी विजय पांडेय ने वीडियो अवलोकन दल, लेखांकन दल, सहायक व्यय प्रेक्षक, डाकपाल, आयकर अधिकारी, अग्रणी बैंक मैनेजर, सहायक आयुक्त जी एस टी के अधिकारी-कर्मचारी की जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में निर्वाचन के दौरान गठित टीमें अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता एवं गंभीरतापूर्वक करने के कहा। बैठक में जिला निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को लेकर सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को बताया कि निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण है इसलिए व्यय से संबंधित पंजियों का अच्छे से संधारण किया जाए। बैठक में सहायक व्यय पर्यवेक्षक, वीडियो निगरानी दल, लेखा टीम एवं सभी संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन करने कहा।

न्यूज गैलरी

खाई में गिरा अनियंत्रित ट्रक तीन लोग गंभीर रूप से घायल

कबीरधाम/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमंत खोल घाटी के नीचे चाटा गांव में बीती रात एक बजे सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यहां घाट के नीचे एमपी से मटर लेकर आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। मौके पर कुकदूर थाना की पुलिस पहुंची। मिली जानकारी अनुसार, यह वाहन मध्य प्रदेश की तरफ से छत्तीसगढ़ तरफ आ रहा था। रात में घाट पर मोड़ होने के कारण चालक नहीं समझ सका और सीधे ट्रक खाई में जा गिरा। जिस जगह पर यह हादसा हुआ है, वहां मोबाइल नेटवर्क की दिक्कत है। इस कारण पुलिस को भी देरी से सूचना मिली। आसपास से गुजरने वाले लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोंडागांव विधानसभा में जीत को दोगुनी करना है निरंजन

कोंडागांव/नवप्रदेश।कोंडागांव अटल सदन में बस्तर लोकसभा के प्रभारी महेश जैन जी सहप्रभारी निरंजन सिन्हा जी कोंडागांव जिला के सह प्रभारी बृजमोहन देवांगन जी ने कोंडागांव विधानसभा के सभी मंडल के प्रभारी मंडल अध्यक्ष महामंत्री कि बैठक ली द्य निरंजन सिन्हा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव मे कोंडागांव विधानसभा में जो जीत मिली थी उसे दोगुनी करना हैं और लोकसभा के प्रत्याशी महेश कश्यप जी को जिताकर कर दिल्ली भेजना हैं द्यमहेश जैन जी ने कहा कि मोदी जी कि गारंटी को मात्र 100दिन मे विष्णू सरकार ने पूरा कर बता दिया कि जो बोलते हैं वो भाजपा करती हैं यहीं मोदी जी कि गारंटी है। इस बैठक में प्रमुख रूप से हैं जितेन्द्र सुराना, बालकुवर प्रधान, चन्दन कश्यप, प्रेमसिंग नाग,मीनू कोर्राम, जैनेंद्र ठाकुर, मंगतू नेताम, संजू पोयाम, मनोज साहू, महेन्द्र पांडे, कृष्णा चौहान, संजू ग्वाल, दयाशंकर दीवान बसंती ठाकुर, रौनक पटेल, आदि उपस्थित थे।

भालू का मिला शव, दोनों पंजे गायब शिकार की आशंका

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर वनमंडल अंतर्गत सरोना वन परिक्षेत्र के आछीडोंगरी गांव के जंगल में वन्य प्राणी भालू का शव मिला है। भालू के दोनों पंजे शरीर से गायब हैं, जिससे शिकार की आशंका जताई जा रही है। गांव वालों की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर उसका पोस्टमॉर्टम करवाकर गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी अब्दुल रहमान खान ने बताया कि मृत भालू के दोनों पंजे गायब हैं। भालू के दाहिने साइड का पंजा 06 इंच कटा हुआ है साथ ही शव को देखकर लग रहा है कि उसकी मौत 2-3 दिन पहले हुई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। उन्हें आशंका है कि भालू के पंजों की तस्करी के लिए उसका शिकार किया गया है, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का पता चल पाएगा।

छत्तीसगढ़ से महिलाओं की मानव तस्करी कर राजस्थान ले जा रहे आरोपी गिरफ्तार

- सुधार गृह भिजवाई गई महिलाएं
- बिलासपुर की हैं बरामद की गई युवतियां

छत्तीसगढ़/ मध्य प्रदेश/ नवप्रदेश। मुरैना जिले से मानव तस्करी का मामला सामने आया है। जहां बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से तीन महिलां को राजस्थान ले जाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों गिरफ्तार कर तीनों महिलाओं को मुक्त करवाया है। इस मामले में मुरैना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी महिलाओं को दरअसल, एसएसटी ने नेशनल हाईवे-44 पर स्थित बुध्दीपुरा में चेकिंग पॉइंट लगाया गया है। बुधवार को चेकिंग के दौरान एक लोडिंग गाड़ी को रोका गया और जब चेकिंग की गई तो तीन पुरुष और तीन महिलाएं बैठी हुई थी। तभी एक महिला जोर से चिल्लाकर कहा कि मुझे छत्तीसगढ़ से जबरदस्ती राजस्थान ले जाया जा रहा था। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत तीन युवकों को धर दबोचा।

इसके बाद आरोपियों और महिलाओं को थाने ले जाया गया। जब आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से महिलाओं को खरीदना स्वीकार किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी का केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। जबकि महिलाओं को महिला सुधार गृह भिजवा दिया गया है।

टाइगर की दहशत से 7 गांवों में हलचल बंद

बलौदाबाजार/भाटापारा/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले में स्थित बारनवापारा अभ्यारण में कई सालों बाद अचानक बाघ दिखने से हड़कंप मच गया है. बाघ की सुरक्षा को लेकर वन विभाग सहित प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है. जिला कलेक्टर केएल चौहान ने मंगलवार को बारनवापारा अभ्यारण के आसङ्कपास के सात गांव में धारा 144 लागू कर दी है. जिनमें रवान,मोहदा, कौआबाहरा, मुरुमडीह, छतालडबरा, गजराडीह व दलदली गांव शामिल है. इन सात गावों में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर भी रोक लगाया गया है।

बाघ की मौजूदगी के चलते हाई अलर्ट- बाघ को पहली बार शिक्षक कांशीराम पटेल ने 7 मार्च को बारनवापारा अभ्यारण सिरपुर रोड में देखा और वीडियो बनाकर वन विभाग को सूचित भी किया. लेकिन वन विभाग ने इसे नजरअंदाज कर दिया. हाल ही में वीडियो वायरल हुई, तब कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया. जिसके बाद से लगातार वन अमला बाघ की सुरक्षा को लेकर सावधानी बरत रहा है. ग्रामीणों को वन विभाग के अनुमति बगैर जंगलों में जाने पर रोक लगाई गई है. इलाके में पिछले कई दिनों से

घूम रहा बाघ- ग्रामीणों ने दूसरी बार 8 मार्च को बाघ देखने की सूचना वन विभाग को दी. तत्काल वन विभाग ने टीम गठित कर कार्रवाई की. इस दौरान अमलोर, सुकुलबाय में मवेशियों का शिकार किए जाने की सूचना मिली. 12 मार्च को वहां आसपास बाघ के पंजे के निशान मिले. 14 मार्च को बलौदाबाजार वनमण्डल के परिक्षेत्र बल्दाकछार के कर्मचारी ने बाघ को प्रत्यक्ष देखा और पुष्टि की. इसके बाद वन विभाग ने हज्ञ्ष्ट द्वारा जारी स्ह्रक्क प्रोटोकॉल का पालन कर नियमानुसार कार्रवाई की शुरु की है. बाघ की सुरक्षा को लेकर वन विभाग चिंतित- बाघ की सुरक्षा को लेकर वन अमला चिंता में है. क्योंकि जंगलों में शिकारियों द्वारा शिकार के कई तरीके अपनाए जा रहे हैं. वन मंडल के कई इलाकों में शिकारियों ने करंट तार बिछाने, पानी पीने के पोखरों, तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों में जहर मिलाने, फंदा लगाते रहे हैं. इस वजह से हर साल कई जानवरों की मौत हो जाती है. ऐसे में टाइगर को शिकारियों से सुरक्षित रखना वन विभाग के लिए अभी सबसे बड़ी चुनौती है. करीब 7 से 8 साल का हो सकता है टाइगर- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टाइगर की उम्र 7 से 8 साल होगी. टाइगर पूरी तरह स्वस्थ है. छत्तीसगढ़ में पहली बार महासमुंद से टाइगर के लवन रेंज में आने की खबर थी, लेकिन बलौदाबाजार वन मंडल अधिकारी से मामले को गम्भीरता से नहीं लिया गया. पिछले दो-तीन दिनों से वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद बलौदाबाजार कलेक्टर ने संज्ञानल लिया और 7 गांव में धारा 144 लागू किया। बाघ का मूवमेंच 7 मार्च से लगातार चल रहा है. जानकारों के अनुसार, एक दिन में टाइगर 35 से 40 किमी का मूवमेंट कर लेता है. लिहाजा, उसके बारनवापारा अभ्यारण रेंज में आने से एक ओर जहां लोग रोमांचित हैं. वहीं, वन विभाग के लिए टाइगर की सुरक्षा चुनौती बनी हुई है. बाघ को ट्रेक करने 3 टीमें गठित- वन मण्डल बलौदाबाजार, वन मण्डल महासमुन्द, वन विकास निगम ने 3 ट्रेकिंग टीम गठित की है.

मतदान दलों को घर में देख खिल रहे बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के चेहरे

कोंडागांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन के तहत आज कोंडागांव जिले में बस्तर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के गांवों में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान कराया गया। मतदान दलों के घर पहुंचने पर मतदाताओं के साथ ही उनके परिजनों के चेहरे भी खिल उठे। गुहाबोरण्ड के 88 वर्षीय बुजुर्ग बुधुराम नेताम अब बुढ़ापे के कारण चल फिर नहीं पाते। उनका हर कार्य घर वालों के सहयोग से पूरा होता है। उनके पुत्र ने बताया कि उनके पिता अपने मताधिकार के लिए बहुत ही जागरुक हैं तथा बुढ़ापे के बावजूद पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान किया था। मतदान केन्द्र लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर है तथा उन्हें मोटर सायकल में बिठाकर ले जाना आसान कार्य नहीं है। यही कारण था कि इस बार उन्होंने घर से ही मतदान की मिली सुविधा का लाभ उठाते हुए लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन किया।जड़कोंडा के 86 फगनुराम मरकाम के पोते संदीप ने बताया कि दादाजी शारीरिक रुप से अब बहुत कमजोर हो गए हैं और कहीं आना-जाना नहीं कर सकते। उन्होंने पिछली बार विधानसभा चुनावों के दौरान भी मतदान केन्द्र जाकर मतदान करने का निर्णय लिया था, किन्तु कमजोरी के कारण नहीं जा पाए।

मताधिकार के प्रति उनके उत्साह के बावजूद उनकी कमजोरी के कारण ही परिवार के सदस्यों ने इस बार उन्हें घर में ही मिली मतदान की सुविधा का उपयोग करने के लिए कहा। दादाजी के वोट डाले जाने से पूरे घरवाले खुश हैं। केरावाही की 88 वर्षीय सोमारी नेताम कहती है कि अब उम्र के कारण शरीर कमजोर हो चुका है और चल फिर नहीं पाती। अच्छा लगा कि हम जैसे बुजुर्गों को घर में ही मतदान करने की सुविधा मिली है। मतदान दल के सदस्यों ने घर में आकर मतदान करवाया, जिससे मुझे बहुत अच्छा लगा। यहीं की शारीरिक रुप से दिव्यांग सुशीला ने भी बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए घर में ही मिले मतदान की सुविधा के लिए सराहना की।

बृजमोहन को ऐतिहासिक जीत दिलाने गांवों में पहुंच कर देवांगन कर रहे हैं प्रचार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन द्वारा अभनपुर अंचल में लगातार थुआंधार प्रचार किया जा रहा है । इस दौरान देवांगन द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेकर श्री अग्रवाल के प्रति मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। देवांगन के द्वारा लोगों को ÷मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन÷ को प्रमाण सहित विस्तारपूर्वक बताते हुए श्री अग्रवाल और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया जा रहा है । साथ ही बैनर, फ्लेक्स और पांपलेट का वितरण भी किया जा रहा है । इस काम में देवांगन की युवा टीम उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है । देवांगन ने बताया कि पूरे देश में मोदी लहर चल रही है । समूचे विश्व में भारत को विश्व गुरू के रूप में स्थापित करने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने ÷अबकी बार 400 पार÷ का नारा दिया है, जिसे पूरा करने के लिए पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ता पूरे उत्साह और समर्पण के साथ काम कर रहे हैं, जिससे मेरा ऐसा मानना है कि इस बार चुनाव में भाजपा को 400 की जगह 450 सीट भी मिल जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी ।

विंध्यवासिनी में पीएम मोदी के नाम पर जल रही ज्योत

सनी मंदिर में विशेष पूजा

धमतरी/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के मौके पर पूरे देश में माता के मंदिरों में खास सजावट की गई है. माता के हर मंदिर में ज्योति कलश भी हर मंदिर में जलवाई जा रही है. इस बीच धमतरी के प्रसिद्ध विंध्यवासिनी मंदिर में खास तैयारियां की गई है.ये मंदिर 600 साल से भी अधिक पुराना है.

इस मंदिर में लोगों की इतनी आस्था है कि यहां हर साल नवरात्रि के मौके पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है. साथ ही हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्जवलित किए जाते हैं. इस बार भी विंध्यवासिनी मंदिर में 1441 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं. माता के प्रति श्रद्धा होने के कारण ही लोग ज्योत कलश जलाते हैं. हर बार यहां नेताओं के नाम का ज्योति कलश जलाया जाता है. इस बार भी पीएम मोदी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के नाम का ज्योति कलश जलाया गया है. बीजेपी के समर्थकों ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए हैं. निश्चित ही लोगों की मनोकामना पूरी होती है, इसलिए लोग ज्योत कलश जलाते हैं. यहां मां के प्रति भक्तों की बड़ी श्रद्धा है. -आनंद पवार,अध्यक्ष, विंध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट1441 मनोकामना ज्योति कलश जलाए गए- खास बात यह है कि इस बार मां विंध्यवासिनी के दरबार में पीएम मोदी, अमित शाह योगी आदित्यनाथ के नाम से ज्योत कलश प्रज्जवलित किए गए हैं. इतना ही नहीं यहां विदेशों के भी भक्तों के ज्योति कलश जलाए गए हैं. चैत्र नवरात्र के मौके पर यहां भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है. धमतरी की आराध्य देवी स्वयंभू माता विंध्यवासिनी के दर्शन और मनोकामना को लेकर भक्त दूर-दूर से पहुंच रहे है. इस मंदिर को कई लोग बिलाई माता मंदिर भी कहते हैं. यहां ज्योत जलाने वालों की लिस्ट में पीएम का भी नाम है. इस बार मंदिर में इस बार 1441 ज्योत कलश प्रज्जवलित किए गए हैं. इस बार 1441 ज्योति कलश जलाए गए हैं. पूरे भारत के लोग मनोकामना ज्योति कलश जला रहे हैं. मोदी जी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के नाम से ज्योति कलश जलाए गए हैं. इनके अलावा विदेशी भक्तों के नाम से भी ज्योति कलश मां के मंदिर में प्रज्जवलित किए गए हैं.- एनआर साहू, मंदिर व्यवस्थापक विंध्यवासिनी मंदिर की महिमा जानिए- स्थानीय लोगों की मानें तो श्रृंगी ऋषियों की तपोभूमि रही धमतरी में कई देवी-देवताओं का वास है. महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के पानी ने धमतरी की मिट्टी को सींचा हैं. धमतरी में विराजमान मां विंध्यवासिनी का प्रसिद्ध मंदिर इसलिए भी बेहद खास है।

केंद्रीय गोड़ सभा के चुनाव में अध्यक्ष चुरामन सहित चुने गए पदाधिकारी

उतई/नवप्रदेश। केंद्रीयगोड़ महासभा धंमधा गढ़ जिला इकाई दुर्ग तहसील पदाधिकारी का चुनाव सिविल लाइन दुर्ग में किया गया जिसमें पीसेगांव मुंडा परिक्षेत्र के श्री चुरामन कतलम को तहसील अध्यक्ष निर्वाचित हुए साथ ही उतई मुड़ापरि क्षेत्र से श्री बहादुर श्री नेताम तहसील उपाध्यक्ष मनाया गए सचिव द्वारिका ठाकुर महासचिव धनेश्वर सिंह धुर्वे पीसेगांव कोषाध्यक्ष योगेश्वर ठाकुर खुरसुल प्रवक्ता संतोष कुमार नेता उतई सह सचिव संजय ठाकुर पीसेगांव कार्यकारिणी सदस्य किशोर कुमार ठाकुर राजकुमार पोरते बोरी फते लाल ठाकुर रसमडा लेख राम ठाकुर रसमडा गिरधर नेतामजामुल राकेश ठाकुर जामुल गोरेलाल ठाकुर बघेरा कोमल सिंह नेम पिसेगांव जामुन ठाकुर उतई श्रीमती सरोज ठाकुर श्रीमती डामिन ठाकुर श्रीमती मायावती ठाकुर उतई इन सभी को तहसील स्तरीय कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए इस अवसर पर केंद्रीय महासभा के अध्यक्ष एमडी ठाकुर जी सीताराम ठाकुर जी सलाहकार राजकुमार ठाकुर अध्यक्ष पन्नालाल नेताम सचिव राजेश ठाकुर जिला अध्यक्ष विष्णु देव ठाकुर राष्ट्रीय प्रवक्ता आदि सभी उपस्थित थे।

भाजपा प्रत्याशियों का क्षेत्र में प्रचार जारी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कांकेर लोकसभा प्रत्याशी श्री भोजराज नाग ने अपना दौरा एवं प्रचार कार्यक्रम तेज करते हुए आज केशकाल विधानसभा के केशकाल एवं विश्रामपुरी क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने गांव-गांव में विकास और केवल विकास को मुद्दा दोहराया। प्रत्याशी ने डोर टू डोर जनसंपर्क के साथ छोटी छोटी सभाओं को भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। मोदी जी ने विगत 10 वर्षों में देश के हर क्षेत्र का कायाकल्प किया। कांकेर क्षेत्र में लाखों को आवास, सभी के घर में नल से जल, गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि जैसे योजनाओं का लाभ पहुंचाया। गांव गरीब और आदिवासी की चिंता प्रधानमंत्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता में रही है। भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार ने महज दो महीने में ही इतना काम कर दिखाया जो कांग्रेस पिछले पांच वर्षों में नहीं कर सकी। उन्होंने जनता से अपील किया की उन्हे कांकेर के विकास को दिल्ली से डबल इंजन के साथ जोड़ना है इसलिए भाजपा को जिताएं।

इधर बस्तर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप आज सुकमा जिले में प्रचार कर लिए पहुंचे उन्होंने तोंगपाल, छिंदगढ़, सुकमा मण्डल के कई गांव में पहुँचकर प्रचार प्रसार किया इस दौरान जगह-जगह उनका भव्य व जोशीला स्वागत हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि सुकमा जिले में लोगो को डर धमका कर राज करने वाले व्यक्ति की तानाशाही बन्द करने का दिन नजदीक आ चुका है। इस बार लोकतंत्र के त्यौहार में भाजपा को वोट दे कर भ्रष्टाचारी नेता व उनके पार्टी को उखाड़ फेंकना है। मोदी की गांरटी को गांरटी के साथ पूरा करने हेतु आप सभी मुझे बस्तर लोकसभा क्षेत्र से विजयी बनाकर लोकसभा भेजे यही मेरी आप सभी से विनती है।

बारिश के चलते ईदगाह की बजाय मस्जिद में पढ़ी गई ईद की नमाज

गरियाबंद/नवप्रदेश। ईद उल फितर का त्योहार गरियाबंद में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है. गरियाबंद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह ईद की नमाज अदा किया और अमन चैन की दुआएं मांगी. नमाज के दौरान बारिश ने थेड़ी खलल डाली. जिसके बाद बारिश के चलते ईदगाह की बजाय मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ी गई. नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ- आज गरियाबंद में ईद उल फितर त्योहार की धूम देखने को मिल रही है. मौसम के बिगड़ते मिजाज को देखते हुए ईदगाह के बदले गरियाबंद सुन्नी मुस्लिम मस्जिद में नमाज अदा की गई. इस दौरान मुस्लिम भाइयों के रिश्तेदार भी गरियाबंद पहुंचे और ईद में शामिल हुए. नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी. सेवईयां खिलाकर दिया भाईचारे का संदेश- इस दौरान नमाज के बाद हर साल की तरह इस साल भी नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों अधिकारी-कर्मचारियों और गरियाबंद महार समाज की ओर से मीठी सेवईयां खिलाकर लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी. मुस्लिम भाइयों ने सभी का शुक्रिया अदा किया. सभी समाज के लोगों ने दी ईद की मुबारकबाद- ईद के मुबारक मौके पर गरियाबंद के अन्य समाज के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दी।

कार्रवाई 8 मोबाइल बरामद, मिला लाखों का ट्रांजेक्शन

क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाईन सट्टा खिलाने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. चारों आरोपियों के पास से 8 नग मोबाईल और करीब छः लाख रुपए के सट्टा पर ट्रांजेक्शन का रिकार्ड पुलिस को मिले हैं.

वहीं 12 हजार रुपए नगद भी बरामद किए गए हैं. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि जिले में आनलाईन सट्टा खिलाने की लगातार सूचना मिल रही थी. जिसे लेकर साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की टीम बनाकर कारवाई करने निर्देशित किया गया था. इसी क्रम में अलग-अलग जगह से चार लोगों को आनलाईन सट्टा खिलाते पकड़ा गया है और उन पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

भाजपाई शराब का रेट बढ़ा रहे सांय सांय : पोयाम

कोंडागांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री एवं कोंडागांव नगरपालिका के 4 बार के अध्यक्ष कैलास पोयाम ने प्रेस को जारी बयान में शराब के दर में हुई वृद्धि को भाजपा कि दोगली नीति बताया है पोयाम ने कहा कि भाजपा कि कथनी और करनी में अंतर चंद महीनों में ही दिखनी शुरू हो गयी है यही भाजपाई कांग्रेस सरकार के दौरान शराबबंदी कि मांग करते थकते नहीं थे वही अब शराब के प्रति बॉटल में 200 रुपए बढ़ा लिए यह दोगलाई नहीं तो क्या है।हर चीज में मोदी कि तारीफ करते नहीं थकते भाजपाई तो क्या यह बढ़ा हुआ दाम भी मोदी के कहने पर हुआ है??? भाजपा कि हकीकत देखें यह लोग शराबबंदी कि बात करते हैं और दूसरी ओर जनता को शराबी बनाने आहता भी खोल रहे यानि झूठ बोलकर सत्ता हासिल करना ही भाजपा का सिद्धांत है जनता से कोई लेना देना नहीं है यही भाजपाई धर्म के नाम पर राजनीती करते हैं हिंदुत्व का ढोंग करते हैं और गौमांस के व्यापारियों से चंदा लेते हैं ऐसी भाजपा की दोगली नीति। साय सरकार को बने जुम्मा जुम्मा 4 महीने हुए हैं और कई हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है यही है मोदी गारंटी?लगातार जनता परेशान है मंहगाई से इस ओर इनका कोई ध्यान नहीं शाम दाम दंड भेद चाहे कोई भी नीति हो सत्ता हासिल करना भाजपा का मुख्य ध्येय बन गयी है शराब को मंहगी दर से बेचकर जनता को शराबी बनाने का इरादा बना चुकी है भाजपा कांग्रेस पार्टी जनता के हित में लड़ाई जारी रखेगी सड़क से सदन तक जनहितैषी मुद्दों पर जंग जारी रहेगी।

दालों की कीमतों पर निगरानी बढ़ाने सरकारों को निर्देश

नई दिल्ली। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सभी भंडारण इकाइयों द्वारा दालों के भंडार पर साप्ताहिक रिपोर्ट की व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है। साथ ही जमाखोरी और बाजार में हेरफेर को रोकने के लिए उनके द्वारा घोषित भंडार को सत्यापित करने के लिए कहा है ताकि कीमतों को बेकाबू होने से रोका जा सके।

उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा राज्यों को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रमुख बंदरगाहों और उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में दालों के भंडार को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और भंडार प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली इकाइयों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने भंडारण इकाइयों द्वारा दालों के भंडार प्रकटीकरण को लागू करने के लिए 5 अप्रैल को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जारी निर्देश के बाद राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की।बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जमाखोरी और बाजार में हेरफेर को रोकने के लिए दालों के स्टॉक की स्थिति और कीमत के रुझान पर निगरानी बढ़ाने के लिए कहा गया था।

खरे ने आयात और भंडार प्रकटीकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दाल आयातक संघों और अन्य दाल उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक भी की। प्रतिभागियों ने सामान्य रूप से दाल उद्योग और विशेष रूप से आयात पर अपने विचार और इनपुट साझा किए।आयातकों और कंपनियों को साप्ताहिक आधार पर आयातित पीली मटर सहित दालों के अपने भंडार की घोषणा करने के लिए कहा गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस संबंध में उपभोक्ता मामलों के विभाग ने पीले मटर को शामिल करने के लिए भंडार प्रकटीकरण पोर्टल को नया रूप दिया है और बिग चेन रिटेलर को एक इकाई के रूप में पेश किया है जो 15 अप्रैल 2024 से चालू हो जाएगा।पांच प्रमुख दालों - अरहर, उड़द, चना, मसूर और मूंग के अलावा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आयातित पीली मटर के संबंध में स्टॉक की स्थिति की निगरानी करने के लिए कहा गया है। दालों की समग्र उपलब्धता बढ़ाने के लिए 8 दिसंबर 2023 से 30 जून 2024 तक पीली मटर के आयात की अनुमति दी गई है।खरे ने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि आयातित पीली मटर बाजार में निरंतर जारी रहे। इसी तरह, बाजार में सुचारू और निरंतर उपलब्ध कराने के लिए आयातकों के पास तुअर, उड़द और मसूर के भंडार की निगरानी की जानी है।

एडटेक स्टार्टअप स्केलर ने 10 प्रतिशत कर्मचारियों को निकाला

नई दिल्ली। घरेलू एडटेक स्टार्टअप स्केलर ने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने लगभग 10 प्रतिशत यानी 150 कर्मचारियों की छंटनी की है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। स्टार्टअप ने बताया कि पुनर्गठन से उसे दीर्घकालिक विकास और स्थिरता हासिल करने में मदद मिलेगी।स्केलर के संस्थापक अभिमन्यु सक्सेना के हवाले से कहा गया, इस पुनर्गठन के हिस्से के रूप में हमने कंपनी में मुख्य रूप से विपणन और बिक्री में कुछ कार्यों/भूमिकाओं की पहचान की, जिनसे हमें अलग होना पड़ा।इसके अलावा, कंपनी ने उल्लेख किया कि नौकरी में कटौती प्रदर्शन पर आधारित नहीं थी और सभी प्रभावित श्रमिकों को आश्वासन दिया कि उन्हें सुचारु परिवर्तन के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।एडटेक स्टार्टअप ने एक साल पहले अपने व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक अज्ञात राशि के लिए दिल्ली स्थित पेपकोडिंग का अधिग्रहण किया था।स्केलर ने पिछले दो वर्षों में चार कंपनियों का अधिग्रहण किया है, जिनमें एप्लाइडरूट्स, कोडिंग मिनट्स और कोडिंग एलिमेंट्स शामिल हैं।स्केलर 2019 में लॉन्च किया गया था। इसे सिकोइया कैपिटल इंडिया, टाइगर ग्लोबल और लाइटरॉक इंडिया जैसे वैश्विक निवेशकों का समर्थन प्राप्त है। इसने पिछली बार सीरीज बी फंडिंग राउंड में 5.5 करोड़ डॉलर जुटाए थे, जिससे स्टार्टअप का मूल्य 70 अरब डॉलर से अधिक हो गया था।

भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। एडीबी का कहना है कि मजबूत वृद्धि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की निवेश मांग और उपभोक्ता मांग में क्रमिक सुधार से प्रेरित होगी। हालांकि, 2024-25 का विकास अनुमान 2022-23 वित्तीय वर्ष के अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है। एडीबी ने कहा कि मजबूत निवेश ने वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि को गति दी क्योंकि खपत कम थी।एडीबी ने पिछले साल दिसंबर में वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.7 प्रतिशत विस्तार का अनुमान लगाया था।

शुक्रवार को जारी एशियाई विकास आउटलुक के अप्रैल संस्करण में एडीबी ने कहा कि विनिर्माण और सेवाओं में मजबूत गति के साथ वित्त वर्ष 2023 में अर्थव्यवस्था में जोरदार वृद्धि हुई है। यह पूर्वानुमानित क्षितिज पर तेजी से बढ़ती रहेगी। विकास मुख्य रूप से मजबूत निवेश मांग और उपभोग मांग में सुधार से प्रेरित होगा। वहीं, मुद्रास्फीति में गिरावट का रुझान जारी रहेगा।इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 में नरमी के बावजूद विकास मजबूत रहेगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एडीबी ने भारत की विकास दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। एडीबी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में निर्यात अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है क्योंकि प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी हो गई है लेकिन वित्त वर्ष 2025 में इसमें सुधार होगा।

भारतीय एआई स्टार्टअप नेयसा ने जुटाए 20 मिलियन डॉलर

मुंबई। एआई क्लाउड और प्लेटफॉर्म-ए-ए-सर्विस (पीएएएस) स्टार्टअप नेयसा ने कहा कि उसने मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया, नेक्सस वेंचर पार्टनर्स और एनटीटीवीसी निवेश फर्मों से 20 मिलियन डॉलर (लगभग 166 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। शरद सांघी (सीईओ) और अनिंद्या दास (सीटीओ) द्वारा स्थापित स्टार्टअप ने कहा कि फंडिंग भारत और वैश्विक बाजारों में कंपनियों के लिए जनरेटिव एआई क्लाउड प्लेटफॉर्म को एक सेवा और अवलोकन के रूप में चलाने में मदद करेगी।

सांघी ने कहा, हमारा लक्ष्य नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस फंडिंग का लाभ उठाना है, हमारे ग्राहकों को हमारे एंड-टू-एंड जेनरेटिव एआई पास इकोसिस्टम और हमारे एआई-इंजीनियर्ड ऑब्जर्वेबिलिटी प्लेटफॉर्म की शक्ति से सहायता करना है।नेयसा इस साल तीसरी तिमाही में अपनी सेवाएं जारी करने की योजना बना रही है। दास ने कहा, यह फंडिंग एआई को लोकतांत्रिक बनाने, सभी आकार की कंपनियों के नवाचार को बढ़ावा देने के हमारे मिशन को आगे बढ़ाएगी। नेयसा ने कहा कि इससे उद्यमों को अपने डेटा और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी।मैट्रिक्स पार्टनर्स के एमडी अवनीश बजाज ने कहा, वैश्विक स्तर पर उद्यम, और यहां तक कि भारत में भी, एआई देशी क्लाउड कंप्यूटिंग में बदलाव में मदद करने के लिए उत्सुक हैं और भारत में उनके साथ साझेदारी करने के लिए हमारी टीम बेहतर और अधिक अनुभवी है।

एलन मस्क ने कहा, भारत में टेस्ला का प्रवेश स्वाभाविक प्रगति

नई दिल्ली। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का कहना है कि भारत में टेस्ला का प्रवेश एक स्वाभाविक बात (नेचुरल प्रोग्रेशन) है। देश इस परिवर्तन के लिए तैयार है। मस्क का ये बयान भारतीय बाजार में टेस्ला की एंट्री का एक बड़ा संकेत है। नोर्गेस बैंक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट के सीईओ निकोलाई टैंगेन के साथ अपने एक्स पर 'स्पेसेस' मीटिंग में एलन मस्क ने कहा, भारत में टेस्ला इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध कराना एक स्वाभाविक प्रगति है। सभी वाहन इलेक्ट्रिक हो जाएंगे और यह सिर्फ समय की बात है। अन्य देशों की तरह, जिन्होंने ईवी को अपनाया है, भारत में भी अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक कारें होनी चाहिए। पिछले हफ्ते रिपोर्ट सामने आई थी कि इलेक्ट्रिक कार कंपनी भारत में 2-3 अरब डॉलर का ईवी प्लांट स्थापित करने के लिए जगह की तलाश के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेज रही है।

6 से 7 हजार रुपए सस्ता होगा सोना

मुंबई। पीली धातु सोने की कीमतें हाई लेवल पर हैं। हर कोई यही अनुमान लगा रहा है कि सोने और चांदी की कीमतों में तेजी जारी रहेगी। वैसे हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि जून में सोने के दाम में 6 से 7 हजार रुपए की गिरावट आ सकती है? जून महीने में फेड रिजर्व की बैठक होने जा रही है। इस मीटिंग में फेड के फैसले से गोल्ड की कीमतों में गिरावट आएगी या फिर तेजी आएगीज इसका फैसला भी जल्द ही पता लग जाएगा।

इस समय गोल्ड की कीमतें लगातार बढ़ रही है तो ऐसे में गोल्ड की कीमतों में करेक्शन देखने को मिल सकता है। कुछ महीनों में सोने की कीमतों में करीब 27 फीसदी की तेजी देखने को मिली है, लेकिन अब सोने में करेक्शन भी आएगी। अगर जून के महीने में अमेरिकी सेंट्रल बैंक ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करता है, तो डॉलर इंडेक्स और बॉन्ड यील्ड में इजाफा हो जाएगा, उसके बाद गोल्ड की कीमतों में 8 से 10 फीसदी की गिरावट देखने को मिल सकती है। यहां तक कि अगर फेड जून में ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती करता भी है और आने वाले दिनों के लिए ब्याज दरों पर अपना रुख दोबारा से स्टेबल करता है तो गोल्ड के दाम में गिरावट देखने को मिलेगी। वर्तमान कीमतों की बात करें तो 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 71,510 रुपये के करीब हो गया है। इससे पहले सोने का दाम 71,279 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सोने के दाम में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर गोल्ड के दाम में बढ़त होने के साथ घरेलू मांग मजबूत होना है। वहीं, चांदी का दाम 82,000 रुपये प्रति किलो के करीब पहुंच गया है।

खेल, मनोरंजन

टी20 वर्ल्ड कप से कट सकता है जायसवाल का पत्ता!

जयपुर। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का सेलेक्शन जल्द होने वाला है। इस सेलेक्शन में आईपीएल 2024 में खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अहम होगा। इस बीच आईपीएल 2024 के मैच नंबर 24 में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस की टक्कर हुई। फैंस को उम्मीद थी कि खराब फॉर्म से जूझ रहे यशस्वी जायसवाल का बल्ला इस मुकाबले में चलेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

गुजरात के खिलाफ यशस्वी जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें उमेश यादव ने विकेटकीपर मैथ्यू वेड के हाथों कैच कराया। अब तक ये सीजन यशस्वी के लिए बेहद खराब रहा है। उन्होंने अपने पहले पांच मुकाबलों में केवल 63 रन बनाए हैं, जिसमें 24 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। अगर इस युवा बल्लेबाज को आगामी वर्ल्ड कप में अपनी जगह बनानी है, तो उन्हें बड़ी या असरदार पारी खेलनी होगी।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान रहेंगे और ऐसे में एक ओपनर वो ही रहेंगे। अब सवाल है कि उनका पार्टनर कौन होगा। वैसे तो इस रेस में कई दावेदार हैं, लेकिन सबसे बड़ी टक्कर गिल और जायसवाल के बीच है, जो पिछले एक साल में इस पोजिशन में लगातार खेल रहे हैं। हालांकि, शुभमन गिल का प्रदर्शन भी अब तक कुछ खास नहीं रहा लेकिन उनके आंकड़े जायसवाल के मुकाबले बेहतर हैं। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 5 पारियों के स्कोर कुछ ऐसे हैं- 24, 5, 10, 0, 24। यानी 5 पारियों में सिर्फ 63 रन। पिछले सीजन में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर 600 से ज्यादा रन बनाकर इतिहास रचने वाले जायसवाल का ऐसा प्रदर्शन चौंकाता है। खास तौर पर पिछले एक साल में हर फॉर्मेट में यशस्वी की फॉर्म को देखते हुए ये परेशान करने वाला है, क्योंकि टी20 वर्ल्ड कप ज्यादा दूर नहीं है। इस युवा बल्लेबाज का फॉर्म में आना भारतीय टीम के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि यशस्वी जायसवाल के पासा वो विस्फोटक क्षमता है जो उन्हें रोहित शर्मा के साथ एक बतौर सलामी बल्लेबाजी में चाहिए।

आईपीएल 2024 में रियान पराग का शानदार प्रदर्शन

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के स्टार खिलाड़ी रियान पराग का शानदार फॉर्म जारी है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने इस सीजन का अपना तीसरा अर्धशतक लगाया। घरेलू दर्शकों के सामने उन्होंने तूफानी पारी खेलते हुए चौके-छक्कों की बारिश की। आलम ये था कि पूरा सवाई मानसिंह स्टेडियम उनके नाम से गूंज उठा।सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोलर्स का शिकार बनने वाले रियान पराग ने बाहरी किसी भी चीज को खुद पर हावी नहीं होने दिया। आरआर टीम मैनेजमेंट ने हमेशा इस युवा बल्लेबाज को उनके खराब दौर में सपोर्ट किया, लेकिन इस सीजन की कहानी थोड़ी अलग है।रियान को टारगेट करने वाले शायद अब समझ चुके हैं कि आखिर आरआर इस खिलाड़ी को इतना सपोर्ट क्यों करती है।आईपीएल 2024 में टीम मैनेजमेंट ने रियान पराग के बैटिंग ऑर्डर में बदलाव करते हुए उन्हें नंबर 4 पर प्रमोट किया है। शायद ये बदलाव घरेलू सर्किट में उनके दमदार प्रदर्शन को देख कर किया गया हो।पिछले कई सीजन रियान पराग के लिए अच्छे नहीं रहे, लेकिन बुधवार को सीजन में पहली हार झेलने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग और उनकी बेखौफ बल्लेबाजी की फैंस चर्चा कर रहे हैं।लंबे समय तक खराब फॉर्म झेल रहे पराग ने पहले घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन किया और अब उसे आईपीएल में भी जारी रखा। 43, नाबाद 84, नाबाद 54, 4 और अब 76... ये पिछले पांच मैच में रियान पराग के स्कोर हैं।गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर रियान ने सीजन का तीसरा अर्धशतक जड़ा। अब ऑरेंज कैप की रेस में उनसे आगे सिर्फ विराट कोहली ही चल रहे हैं।खास बात ये है कि इस सीजन में उनकी किस्मत भी उनका पूरा साथ दे रही है। गुजरात के खिलाफ 48 बॉल पर 76 की बेहतरीन पारी खेलने वाले रियान पराग को इस दौरान तीन जीवनदान मिले।

संजू सैमसन पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ये राजस्थान के लिए सीजन में पहली हार के बाद दूसरा झटका है। सैमसन पर यह जुर्माना बुधवार को जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के बाद लगाया गया। संजू को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है।आईपीएल ने मीडिया रिलीज में कहा,आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार यह राजस्थान के कप्तान की इस सीजन की पहली गलती है इसलिए उन्हें सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।संजू सैमसन ने 38 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और रियान पराग (78) के साथ 130 रनों की अहम साझेदारी की, जिससे राजस्थान ने 20 ओवरों में 196/3 का शानदार स्कोर बनाया।जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर इसे हासिल कर लिया।हार के बावजूद, आरआर अभी भी अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है। अब शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने के लिए टीम मुल्लांपुर जाएगी।

करण जौहर की किल का टीजर

बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर काफी लंबे समय से अपनी मोस्ट अवेटेड एक्शन, थ्रिलर और ड्रामा फिल्म किल को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसका हाल ही में दमदार टीजर जारी हो गया है, जिसको खूब पसंद किया जा रहा है. टीजर में काफी शानदार और एक्शन से भरपूर नजर आ रहा है. वहीं, इस टीजर से सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट खूब बढ़ गई है।

निखिल नागेश भट्ट द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण करण जौहर, अचिन जैन और ऑस्कर विजेता निर्देशक गुनीत मोंगा कपूर ने किया है. ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. वहीं, अब टीजर रिलीज के बाद फैंस फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और ज्यादा बढ़ा दिया है. टीजर के बाद फैंस अब फिल्म के ट्रेलर रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं. जारी हुए टीजर में लक्ष्य जबरदस्त एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं.

लक्ष्य लालवानी के लिए ये फिल्म काफी खास होने वाली हैं, जिसमें एक्टर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं. लक्ष्य इस फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू देने जा रहे हैं. जारी किए गए टीजर में सभी स्टार्स एक चलती हुई ट्रेन में नजर आ रहे हैं, जिसकी शुरुआत में एक आवाज आती है और कहती है, नमस्कार! कृपया यात्रा के लिए तैयार रहें. आपकी यात्रा सुरक्षित और मंगलमय रहे. इसके बाद चलती ट्रेन में कुछ गुंडे नजर आते हैं जो यात्रियों के साथ लूटपाट करते नजर आते हैं और इसी के बाद लक्ष्य लालवानी एक्शन मोड में नजर आते हैं.

इतना ही नहीं, फिल्म के टीजर में राघव जुयाल की भी हल्की सी झलक देखने को मिलती है, जिससे ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो फिल्म में नेगेटिव किरदार में नजर आने वाले हैं. टीजर को फैंस का बेहद प्यार मिल रहा है. वहीं, इस टीजर को शेयर करते हुए करण जौहर कैप्शन में लिखते हैं, एक रात. एक ट्रेन. एक कारण...प्त किल पेश है प्त किल टीजर , जिसमें लक्ष्य, राघव जुयाल और तान्या मानिकतला ने अभिनय किया है. निर्देशन संचालन निखिल नागेश भट्ट ने किया. फिल्म 5 जुलाई को आएगी. चेतावनीः इस फिल्म में हिंसक सामग्री है जो कुछ दर्शकों के लिए तीव्र और परेशान करने वाली हो सकती है. दर्शक विवेक की सलाह दी जाती है।

फिल्म दो और दो प्यार का गाना तू है कहां रिलीज

विद्या बालन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी पहली बार सेंथिल राममूर्ति के साथ बनी है।इलियाना डिक्रूज और प्रतीक गांधी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।इससे पहले अब निर्माताओं ने दो और दो प्यार का नया गाना तू है कहां जारी कर दिया है, जिसे लकी अली ने अपनी आवाज दी है।दो और दो प्यार का निर्देशन शीर्षा गुहा ठाकुरता ने किया है।समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला इस फिल्म के निर्माता हैं। सुप्रोतिम सेनगुप्ता अमृता बागची और ईशा चोपड़ा ने मिलकर इस फिल्म की कहानी लिखी है।बॉक्स ऑफिस पर दो और दो प्यार का सामना फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही से होना वाला है।बता दें कि दो और दो प्यार अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। पहले यह मूवी 29 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट बदल दी। अब यह मूवी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

■ न्यूज गैलरी

दो पक्ष आपस में भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम के पास पैसे निकालने की बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से श्यामनगर निवासी प्रार्थी विनय पांडे 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि पंजाब नेशनल बैंक के पास एटीएम में पैसा निकालने की विवाद पर आरोपी निखिल मेघानी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी निखिल मेघानी 21 वर्ष ने पैसा निकालने की विवाद पर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। खम्हारडीह पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1420 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बनियान ट्री के पास दबिश देकर आरोपी सौरव मिश्रा 26 वर्ष को आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास 1 नग मोबाइल, 4 नग स्क्रीन शॉट, 1 नग सट्टा-पट्टी लिखे कॉपी व नकदी 1420 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 नग शीशी व बिक्री रकम 2100 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुरानी बस्ती तालाब के पास दबिश देकर आरोपी मोहम्मद जुनेद खान 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ट्रीप्लोडीन हाईड्रो क्लोरीड एण्ड कोडिन के 22 नग सिरप और बिक्री रकम 2100 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

माजदा अनियंत्रित होकर 20 फीट खाई में गिरी

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा से सड़क हादसे की बड़ी खबर है। यहां मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ आ रही तेज रफ्तार माजदा अनियंत्रित होकर हनुमुतखोर के पास 20 फिट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में माजदा के परखच्चे उड़े गए और इसमें सवार तीन लोगों को गंभीर चोटें आई है। इसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है और बाकी दो को पंडरिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। ये पूरा मामला कुकदुर थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस घायलों के इलाज के बाद पूछताछ की तैयारी कर रही है, जिससे हादसे की असल वजह सामने आएगी। वहीं अब तक घायलों का नाम सामने नहीं आया है। पुलिस ने घायलों के पास मौजूद मोबाइल से परिजनों को इसकी सूचना दे दी है।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के घुमका थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 75 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में आगामी लोकसभा चुनाव एवं लागु आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए राजनांदगाव पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत घुमका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम छोटे बिरेझर निवासी आरोपी जितेंद्र बघेल के घर दबिश देकर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए 75 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 780 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

10 दुकानों का ताला टूटा कारोबारियों में मचा हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के पंडरी पुराना बस स्टैंड की 10 दुकानों में एक साथ ताले टूटने से कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। सभी दुकानों में लगे कैमरे में चोर का फुटेज आया है। एक नकाबपोश युवक एक के बाद एक दुकानों का ताला तोड़ते हुए दिख रहा है। फुटेज के आधार पर देवेंद्र नगर पुलिस और एसीसीयू की टीम जांच में जुट गई है।

पुरातत्व विभाग की लापरवाही से टीले के अस्तित्व को खतरा

पाटन/नवप्रदेश। दुर्लभ वस्तुओ व् पुरातत्व के इतिहास को अपने भूगर्भ में छिपाये रखे ग्राम तरीघाट का टीला सुरक्षा व् देखरेख के आभाव में जीर्णशीर्ण स्थिति में होने के कागार पर पहुच चुकी है। अब पर्यटक इस स्थल पर पिकनिक मनाते नजर आते है। जगह जगह पत्थरो के चूल्हे व् डिस्पोजल ,पत्तल व् शराब के बोतले भी पड़े नजर आते है। लोग अपने मनोरंजन के लिए यह बेरोकटोक आते जाते है। शराब के बोतले व् मुर्गियों के पंख अवशेष से भरा पीडीए दिखाई दे रहा है। पुरातत्व विभाग के द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नही किये जाने से लाखो रुपयो के खर्च से किये गए पुरातत्व खनन क्षेत्र में जानवरो के द्वारा घुसकर दुर्लभ अवशेषो व् खनन स्थल को नुकसान पहुचाया जा रहा है। जिससे खनन स्थल को क्षति तो होगी ही । जानवरो के दुर्घटना होने का भय बना रहता है।

ज्ञात हो की- पुरातत्व लिहाज से छत्तीसगढ़ के सबसे महत्वपूर्ण दुर्लभ स्थानों में से एक पुरातत्विक टीला दुर्ग जिले के पाटन तहसील से 8 किलोमीटर की दुरी पर स्थित ग्राम तरीघाट में मौजूद दुर्लभ टीलो में से एक टीले की खुदाई 2012 में पुरातत्व विभाग के द्वारा किया गया था। जो की अभी वर्तमान में कार्य बन्द पड़ा है। पुरातत्व विभाग के द्वारा की जा रही खुदाई के दौरान दुर्लभ और आश्चर्यचकित करने वाली तथ्य सामने आई।

भारत के इतिहास में सम्भवतः पहली बार सामवेद काल की शील (मुहर) खुदाई के दौरान तरीघाट के

टीले से प्राप्त हुई है।

छत्तीसगढ़ पुरातत्व विभाग के द्वारा खुदाई का कार्य किया जा रहा था। जिसमे चार टीले मुख्य है। जिसमे से एक टीले की खुदाई में दुर्लभ सोने के सिक्के , मुद्रा निधि (सिक्के रखने का पात्र घड़ा) ,सोने के आभूषण ,केश विन्यासः ,तांबे के लगभग 200 सिक्के ,ग्रीक राजाओ के सिक्के तथा सामवेद काल के मुहर मिले है।

पुरातत्व विभाग के अनुसार तरीघाट की बसाहट लगभग 2500 साल पुरानी है। इन सभी दुर्लभ सिक्को का मिलना व् मुहर का मिलना इस बात को साबित करता है। की तरीघाट केवल राष्ट्रिय ही नही बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यपार का केंद्र था।

पुरातत्व विभाग के खुदाई में मिले सामग्री व् सिक्के इस बात की ओर इशारा करते है। तरीघाट के टीले की खुदाई में लगभग 11 प्रकार की दुर्लभ मूर्तियां प्राप्त हुई है। जिसमे केश सज्जा अलग अलग प्रकार की दर्शाया गया है। इस तरह के दुर्लभ मूर्तियां पहली बार मिला है।

पुरातत्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार टीले की खुदाई में लगभग 10 से 15 सोने की सिक्के मिले । तथा लगभग 200 तांबे के सिक्के खुदाई के दौरान प्राप्त हुए। उस समय में इन सिक्को को रखने के लिए बनाये गए पात्र (घड़ा) भी खुदाई में मिला। टीले के खुदाई के दौरान अनेक प्रकार के दुर्लभ दैनिक उपयोग के मिट्टि के बर्तन व् अन्य सामग्री मिले है। जो आज भी तरीघाट में पुरातत्व बिभाग के संग्रहालय में रखा है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

गिट्टी का टेंडर.. पर पार्क परिक्षेत्र में जंगल की गिट्टी से बन रहा स्टाप डेम, आखिर.. किसका संरक्षण!

■ **राष्ट्रीय उद्यान के संचालक की मनमानी, क्या होगी जांच व कार्यवाही !**

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। कोरिया जिले में स्तिथ गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत सूरजपुर जिले की सीमा में चांदनी बीहारपुर क्षेत्र के रेहण्ड जंगल गुरु राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र महुली से एक तस्वीर सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे पार्क क्षेत्र में निर्माण कार्य में भष्टाचार,व अनियमितता करते हुए शासन के राशि का बंदरबांट किया जाता है।

आप को बता दें कि वन विभाग के पार्क परिक्षेत्र में शासन द्वारा बीना रोक टोक के हर वर्ष भारी भरकम राशि आवंटित किया जाता है। शासन का इन क्षेत्रों में राशि आवंटित करने का मूल उद्देश्य जंगलों में जानवरों के लिए, तालाब निर्माण, रपटा, तालाब निर्माण व खाने पिने इत्यादि में खर्च करने के लिए राशि आवंटित किया जाता है। लेकिन इन राशियों को जानवरों के नाम पर खर्च दिखा अधिकारी अपनी कमाई का जरिया बना लेते हैं और अपनी संपत्ति अर्जित करते हुए मस्त रहते हैं।वही संचालक साहब अब तक शिकायत नही मिलने की बात कह कर शिकायत मिलने पर जांच की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे।

आखिर जंगलों के रक्षक बने अधिकारी कर्मचारी लगातार जंगल उजाड़ने में क्यों तुले हैं जबकि अभी हाल ही में एक विडियो सामने आया था जिसमें जेसीबी मशीन लगा कर बकायदा साल व तेंदू के हजारों इमारती पेड़ों को उजाड़ना सोसल मीडिया में चरचा का विषय बन गया है, जिसे लेकर क्षेत्र में ग्रामीण भारी नाराज हैं। अब रेहण्ड जंगल के महुली रेंज में जंगल में बन रहे स्टांप डेम निर्माण कार्य में जंगल से तोड़वा कर बकायदा डीप्टी रेंजर बीट गार्ड द्वारा लोकल जंगल के ही गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है।ऐसे में साफ जाहिर होता है कि कैसे अधिकारी संरक्षण में किस कदर रेहण्ड जंगल को ही उजाड़ने की मंशा बनाए हुए हैं। वैसे भी यह बात स्पष्ट है कि उच्च अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर जंगल के संपत्ति का दोहन कर रहे हैं। ऐसे में इनपर विभाग के बड़े अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं देखने वाली बात होगी।

निर्माण कार्य में गिट्टी किसके आदेश पर

रेहण्ड जंगल के पार्क परिक्षेत्र महुली में स्टांप डेम निर्माण कार्य में गुडवत्ता की अनदेखी हो रहा है यह तो साफजाहिर है, इस निर्माण कार्य में कम मात्रा में सीमेंट व जंगल के ही गिट्टी व रेत का उपयोग कर कार्य कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य में इतनी बड़ी अनियमितता व नियमो की अनदेखी करने विभाग में किसने आदेश दिया है है । जो कि जांच का विषय है और इन क्षेत्रों में हुए कार्य की बारिकी से जांच कर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। जानकारी के अनुसार पार्क परिक्षेत्र के अधिकारी प्रभार मिलते ही मनमानी कर रहे हैं, कुर्थी जंगल के लोटा बुड़ा नाले में स्टांप डेम निर्माण में भी जंगल के गिट्टी से स्टाप डेम बनवा दिया है। जहां क्रेशर का गिट्टी उपयोग करना था जो कार्य मे उल्लेख है फिर भी जंगल की संपदा का उपयोग होना कही न कही अधिकारी की भूमिका को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं ।

सरेआम शराब पीते 21 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने पुरैना बिजली ऑफिस के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कमलेश्वर पात्रे 34 वर्ष, उमाशंकर यादव 20, हीरा यादव 32 वर्ष व नितेश शर्मा 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी सोहन यादव 23 वर्ष, आमानाका

पुलिस ने आरोपी अजय कुमार साहू 35 वर्ष, भीम वर्मा 34 वर्ष, ताराचंद ध्रुव 33 वर्ष व जोहन लाल लहरे 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी पवन वर्मा 33 वर्ष, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर 50 वर्ष, प्रसांत राजपूत 43 वर्ष व टीकेश्वर साहू 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

धड़ल्ले से पाटन क्षेत्र में हो रही पेड़ों की अवैध कटाई

कार्यवाही शून्य, जवाब गोलमाल

पाटन/नवप्रदेश। पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी दिनों से हरे भरे पेड़ो की कटाई धडल्ले से चल रही है। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के सैगोन कहे जाने वाले कौहा पेड़ो की अंधाधुंध कटाई कर लकड़ी दलालों को बेचा जा रहा है। रोजाना दर्जनों पेड़ कट रहे है। व् लकड़ी दलालों कोचियो के द्वारा मिलो व् ईट भट्ठो में खपाई जा रही है। कटाई से खेतो में सिर्फ पेड़ो की सिर्फ ठूठ बची है। संबंधित वन विभाग द्वारा गोल मोल जवाब दिया जाता है , की खेत में हमारे द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा सकता था कार्य एस डी एम का है अगर वे आदेश करे तो है धर पकड़ करेंगे। इस सम्बन्ध में विभाग के उच्च स्तर के अधिकारी भी चुप्पी साधे है। एस डी एम पाटन से पूछने पर जवाब में कहा कि डिप्टी द्वारा कार्यवाही किया जा सकता है । दोनो अधिकारी के द्वारा एक दूसरे पर कार्यवाही की बात कही गई लेकिन इन लकड़ी कोचियाओ के ऊपर कार्यवाही नही की जा रही है। वही शासन के बड़े अधिकारी चुनावी कार्य में व्यस्त होने के चलते कार्यवाही नही कर रहे है। जिससे पेड़ो की अवैध कटाई जारी है। यह आलम रहा तो पाटन विधानसभा क्षेत्र से कोउहा पेड़ का नामोनिशान नहीं मिलेगा ,सिर्फ कागजों पर अंकित मिलेगा। इन लकड़ी दलालों,कोचियो के ऊपर कार्यवाही न करना किसी बड़े साठगांठ की ओर इशारा करता है। चूंकि कटाई नही हो रही तो पेड़ गए कहा,और मिलो में कच्चे कोऊहा की भरमार आते कहा से।

रफ्तार ने छीनी बाइक सवार तीन युवकों की जिंदगी

■ **रूमगरा बाइपास मार्ग में पॉलीटेक्निक कालेज के पास हुई घटना**

कोरबा/नवप्रदेश। शहर में रात ९॰30 बजे तेज रफ्तार के कहर ने तीन लोगों की जिंदगी छीन ली। रूमगरा बाईपास मार्ग में तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की स्थल पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना इतनी विभत्स थी कि युवकों के शव सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए और मांस सड़क में चिपक गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव उठा मर्च्यूरी में रखा दिया है। नाराज लोगों ने मार्ग में जाम कर दिया। अभी तक राष्ट्रीय राजमार्ग में ही तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से मौत हो रही थीए पर बुधवार को दो सड़क दुर्घटना शहर के अंदर हुई और इसमें चार लोगों की मौत हो गई। रात में हुई दिल दहला देने वाली घटना से लोगों के रोंगटे खड़े हो गए।

बताया जा रहा है कि बालकोण् दर्री बाइपास रूमगरा मार्ग में ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 डीएच 8576 का चालक तेज गति से वाहन चालन कर रहा थाए तभी विपरित दिशा से बाइक में आ रहे तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में तीनों युवक काफी दूर तक घसीटते चले गए और उनकी स्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वाहनों की रफ्तार काफी तेज थीए इससे वाहन नियंत्रित नहीं हो सका। इस तीन लोगों की मौत आग की तरह रूमगरा बस्ती में फैल गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ स्थल पर जुट गई। नाराज लोगों ने स्थल पर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस स्थल पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर चक्काजाम हटाने का प्रयास किया। बाद में किसी तरह शव को उठा कर मर्च्यूरी में रखने के लिए भेजा गया। पूछताछ के दौरान एक मृतक की पहचान माधव केंवट के रूप में हुईए जो बालको के बैलगड़ी नाला का रहने वाला है। वही दो अन्य उसके परिवार के ही सदस्य बताए जा रहे हैं। जानकारी मिलते ही मृतक के स्वजन भी स्थल पर पहुंच गए। वहीं घटना के बाद चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। यहां बताना होगा कि कटघोरा के समीप मोहनपुर टोल नाका के पास बुधवार को ही हुई घटना में एक बाइक सवार युवक मौत हुई थी। इस तरह बुधवार को ही पांच लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई।

खुलेआम चल रहा रेत का अवैध कारोबार

कोरबा/नवप्रदेश। क्षेत्र में खनिज व राजस्व विभाग की मिलीभगत से नानपुलालीए लब्दाए सैला स्थित नदी से रेत माफिया द्वारा खुलेआम रेत का अवैध कारोबार कर रहे है। रेत माफिया इस गोरखधंधे को प्रशासन की नाक के नीचे अंजाम दे रहे हैं पर किसी भी अधिकारी के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। बिना किसी वैध दस्तावेज के नदी से रेत का अंधाधुंध खनन कर दर्जनों ट्रैक्टर भरकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा है।

कई स्थानों पर बिना अनुमति के बड़े पैमाने पर रेत भंडार कर अवैध रूप से बिक्री किए जा रहे हैं। रेत के इस कारोबार से जुड़े कई पुराने रेत माफियाओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। बिना किसी वैध दस्तावेज के नदी क्षेत्र से लगी पंचायतों की अनुमति के बगैर नदी से रेत के अवैध उत्खनन का स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने लगातार विरोध करते हुए राजस्व व खनिज विभाग पर रेत माफियाओं से कमीशन लेने का आरोप लगाया है।

न्होंने अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के अभी तक जांच केंद्र नही बना हैएयही वजह है कि पाली व पोड़ी मार्ग पर स्थित थाना व चौकी क्षेत्र में आने जाने वाले वाहनों की तलाशी नहीं ली जा रही है।

युवक से की मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ठेठवारा रायपुरा में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वेदप्रकाश यादव 21 वर्ष ठेठवारपारा रायपुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी आदित्य, मुक्कु व कुलेशपुरी गोश्वामी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।